राष्ट्रीय दैनिक अख़बार
दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324, 9625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

shubhbhaskarup@gmail.com

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 203 • नई दिल्ली, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 • पृष्ठ: 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



12 धानापुर पुलिस ने 21 गोवंश के साथ 5 शातिर तस्कर को...

## मोदी ने शक्तिपीठ अंबाजी में माताजी के दर्शन किए

एजेंसी। अहमदाबाद



गुजरात के दो दिन के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को शक्तिपीठ अंबाजी में मां अंबा समक्ष शीश नवाकर भक्ति भाव से माताजी का दर्शन और पूजन-अर्चन किया। मां अंबा के अनन्य भक्त और देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह चिखला हेलीपैड पर उतरे और सड़क मार्ग से अंबाजी मंदिर के लिए रवाना हुए। गुजरात के सपूत और देश के प्रधानमंत्री की एक झलक देखने के लिए इस पूरे रूट पर उमड़े विशाल जनसमूह ने प्रधानमंत्री का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। अंबाजी मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार 'शक्ति द्वार' के निकट बनासकांठा जिला प्रशासन और अंबाजी संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के चलते अंबाजी की स्वच्छता के साथ ही मंदिर के चाचर चौक को भी सुंदर तरीके से सजाया गया है तथा मंदिर को विभिन्न तरह के रंग-बिरंगे पुष्पों से भी सुशोभित किया गया है। मंदिर के चाचर चौक में भजन मंडली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मंदिर का वातावरण बहुत ही आकर्षक व भक्तिमय बन गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शंकरभाई चौधरी, गृह राज्य मंत्री हर्षभाई संघवी, राज्य सभा सांसद बाबूभाई देसाई, विधायक केशाजी चौहान, प्रवीणभाई माळी, अनिकेतभाई ठाकर, मावजीभाई देसाई, गुजरात सरकार के मुख्य सचिव राज कुमार, पुलिस महानिदेशक विकास सहाय, गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड के सचिव आर.आर. रावल, आरासुरी अंबाजी माता देवस्थान ट्रस्ट के चेयरमैन और बनासकांठा जिला कलेक्टर वरुण कुमार बरनवाल, पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाणा, पूर्व मंत्रीगण और संगठन प्रमुख कीर्तिसिंह वाघेला सहित कई पदाधिकारी, अधिकारी और विशाल संख्या में माता के भक्त उपस्थित रहे।

## 30 एलसीएच प्रचंड से पहली बार हुई 70 मिमी रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन की फायरिंग



**नई दिल्ली** । दुनिया के पहले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड से पहली बार 70 मिमी रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन की दिन और रात के समय फायरिंग की गई। आर्मी एविएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके सूरी ने एलसीएच स्क्वाड्रन की आयुध क्षमता के वास्तविक समय सत्यापन के लिए तीन हमलावर हेलीकॉप्टरों से गोलीबारी देखी। स्वदेशी हल्का अटैक हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' भारतीय सेना और वायु सेना के लिए नई ताकत बनकर उभरा है। देश की पश्चिमी सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एलसीएच की पहली स्क्वाड्रन 'धनुष' राजस्थान के जोधपुर में पिछले साल 03 अक्टूबर को शुरू की गई थी। पहली खेप में एचएएल से मिले 04 हेलीकॉप्टरों को इसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के बेड़े में शामिल किया था। इसके बाद से एक साल के भीतर एचएएल से सेना को 05 और वायु सेना को 10 हेलीकॉप्टर मिल चुके हैं, जिनका इस्तेमाल दोनों सेनाएं कर रही हैं। चीनी खतरे को देखते हुए सेना ने असम के मिसामारी में प्रचंड को तैनात किया है। यहां से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) महज 250 किमी. दूरी पर है। इसी तरह वायु सेना ने अरुणाचल प्रदेश में चार एलसीएच किये हैं, जो एलएसी के अग्रिम इलाकों को कवर कर रहे हैं। एचएएल से वायु सेना को मिले सभी 10 एलसीएच राजस्थान के जोधपुर में बनाई गई 'धनुष' स्क्वाड्रन में तैनात किये गए हैं। इनकी अटैक क्षमता देखने के बाद सेना और वायु सेना ने 156 और एलसीएच 'प्रचंड' की जरूरत जताई है। दोनों सेनाओं के लिए यह संयुक्त अधिग्रहण प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है। इन 156 हेलीकॉप्टरों में से 66 भारतीय वायु सेना को और 90 भारतीय सेना को मिलेंगे।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहतः सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की

एजेंसी। नई दिल्ली



शराब घोटाले के आरोपों से घिरे दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने यह कहते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में 336 करोड़ रुपए की मनी ट्रेल साबित हुई है, इसलिए जमानत नहीं दी जा सकती है। इसके साथ ही कोर्ट ने 6 से 8 महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। बता दें इसके पहले हाईकोर्ट ने 30 मई को सीबीआई मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री के पद पर रहने के नाते, वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं तथा वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में तीन जुलाई को उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ आरोप 'बहुत गंभीर प्रकृति' के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर 17 अक्टूबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। तब सिसोदिया के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में कहा था कि जांच एजेंसी के पास इस पूरे प्रकरण में सिसोदिया से सीधे जुड़ा कोई सबूत नहीं है।सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा था कि अगर दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव के लिए कथित तौर पर दी गई रिश्वत 'अपराध से आय' का हिस्सा नहीं है, तो संघीय एजेंसी के लिए सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन का आरोप साबित करना कठिन होगा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति 'घोटाले' में कथित भूमिका को लेकर सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था. वह, तब से ही हिरासत में हैं। ईडी ने सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित धनशोधन मामले में नौ मार्च को तिहाड़ जेल में पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

### मनीष सिसोदिया के बेल ख़ारिज होने का फ़ैसला सुनवाई के बिलकुल विपरीत-आतिशी

**नई दिल्ली**। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बेल ख़ारिज होने का फ़ैसला सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बिलकुल विपरीत है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से बार-बार ये सवाल पूछा कि, आपके पास मनीष सिसोदिया से जुड़ी हुई मनी ट्रेल कहा है? ईडी इसे साबित न कर सकी। अगर ईडी मनीष सिसोदिया के पास पैसे पहुंचते हुए नहीं दिखा सकती तो मनी लौंड्रिंग और पीएमएलए लगने का सवाल कैसे पैदा होता है?ईडी को अपनी तीखी टिप्पणियों के बावजूद कोर्ट ने आज विपरीत ऑर्डर दिया और मनीष सिसोदिया को बेल नहीं दी। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ये बातें सोमवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में आयकर की छापामारी




**रांची**। झारखंड में देवघर, गोड्डा में आयकर विभाग की टीम आज छापेमारी और सर्वे कर रही है। गोड्डा में व्यवसायी मुकेश बजाज के घर छापेमारी चल रही है। मुकेश बजाज गोड्डा के बड़े व्यवसायियों में गिने जाते हैं। व्यवसाय के साथ-साथ वह ठेकेदारी भी करते हैं। राजनीतिक दलों के बीच भी उनकी पैठ है। जिन स्थानों पर छापेमारी हो रही है वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। वहीं, देवघर में पूर्व मेयर बबलू खवाड़े, संजयानंद झा, ब्रजेश राय और संजय मालवीय के घर आयकर की टीम सर्वे और छापेमारी कर रही है।

### मेरा युवा भारत संगठन की नींव रखेंगे मोदी



**नई दिल्ली**। 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मेरा युवा भारत' नामक संगठन की नींव रखेंगे। आकाशवाणी पर रविवार को प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 106वीं कड़ी में मोदी ने देशवासियों से अपने विचार साझा किए। मोदी ने कहा कि वह 'मन की बात' के जरिए देशवासियों, विशेषकर उन युवाओं के लिए एक खुशखबरी साझा कर रहे हैं, जिनके दिलों में भारत के लिए कुछ करने का जज्बा, सपने और संकल्प हैं. प्रधानमंत्री ने कहा, संगठन के जरिए राष्ट्र निर्माण से जुड़े आयोजनों में भूमिका निभाने का मौका मिलेगा।

### सेना को बड़ी सफलताः केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकवादी ढेर



**जम्मू** । उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में पुलिस और सेना के संयुक्त अभियान में घुसपैठ की कोशिश नाकाम होने के बाद एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, "कल शुरू हुए एक संयुक्त अभियान में सेना और कुपवाड़ा पुलिस ने केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, इसमें एक आतंकवादी मारा गया है।"पुलिस ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। एक सप्ताह से भी कम समय में कुपवाड़ा में घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश नाकाम की गई है। इसके पहले 26 अक्टूबर को कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पुलिस और सेना द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया था।

### 2015 के बाद से बढा भारत में कुपोषण और भुखमरी

**नई दिल्ली**। नीति आयोग के सदस्य रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा, कि 2015 के बाद से भारत का खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। इसके बाद भी भारत में कुपोषण और भुखमरी की समस्या भी बढी है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण आम आदमी की पहुंच से दाल सब्जी फल इत्यादि खाद्यान्न महंगे होने के कारण वह उन्हें खरीद नहीं पा रहा है। जिसके कारण भारत में भुखमरी और कुपोषण दोनों ही बढ़ रहे हैं। योजना आयोग के सदस्य रमेश कुमार द्वारा यह कहना बहुत ही चिंताजनक है, कि भारत में खाद्यान्न का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में होने के बाद भी,आम आदमी खाद्यान्न तेल तिलहन मांस अंडे सब्जियां दूध और अन्य पोषण सामग्री को नहीं खरीद पा रहा है।

## जनता को पार्टियों का इनकम सोर्स जानने का अधिकार नहींः सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली



इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाले चंदे को सार्वजनिक बनाने की मांग करने वाली याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने रविवार को अपने विचार रखे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि संविधान ने नागरिकों को इन फंड्स का सोर्स जानने का मौलिक अधिकार नहीं दिया है। उन्होंने कोर्ट को चेतावनी दी कि इलेक्टोरल बॉन्ड को रेगुलेट करने के लिए पॉलिसी डोमेन में न आए। रविवार को उन्होंने कहा कि नागरिकों को ये अधिकार तो है कि वे उम्मीदवारों की क्रिमिनल हिस्ट्री जानें, लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि उन्हें पार्टियों की इनकम और पैसों के सोर्स जानने का अधिकार है। दरअसल, 31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में CJI डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ इलेक्टोरल बॉन्ड मामले की सुनवाई करेगी। इसमें जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

**स्कीम से किसी के मौजूदा अधिकारों का उल्लंघन नहीं** - वेंकटरमनी ने कहा कि ये स्कीम किसी भी व्यक्ति के मौजूदा अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है। साथ ही यह स्कीम डोनर्स को पहचान उजागर न करने की सुविधा भी देती है। ये क्लीन मनी के डोनेशन को बढ़ावा देता है। इससे डोनर अपने टैक्स देने के दायित्व जानेगा। उन्होंने कहा कि ये स्कीम किसी भी प्रकार के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है। अटॉर्नी ने कहा कि कोर्ट राज्य की कार्रवाई की समीक्षा केवल तब ही करता है जब मौजूदा अधिकारों का टकराव हो।

**मामले में कांग्रेस-बीजेपी की ओर से बयानबाजी** - कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने बीजेपी पर निशाने साधा। उन्होंने 'X' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बीजेपी चोरी-छिपे, गलत तरीके से और साजिश के तहत बड़े-बड़े कॉर्पोरेट से कमाए हुए पैसों की फंडिंग करेगी। देखते हैं कौन जीतता है, बड़े कॉर्पोरेट या छोटे नागरिक जो पार्टियों को डोनेशन देने में गर्व महसूस करते हैं। वहीं, चिदंबरम के बयान पर पलटवार करते हुए बीजेपी के आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस ज्यादा पारदर्शी और लोकतांत्रिक पॉलिटिकल फंडिंग सिस्टम को लागू करने की कोशिशों का विरोध करती है। सच्चा लोकतंत्र तब है, जब छोटे व्यापारी और बड़े कॉर्पोरेट किसी भी पार्टी को डोनेशन दे सकें और अगर कोई अलग पार्टी सत्ता में आती है तो उन्हें अपने से बदला लिए जाने का डर न हो।

## कानूनी मामलों में उलझें तो सड़कों पर न उतरेंः उपराष्ट्रपति

एजेंसी। गुवाहाटी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार 30 अक्टूबर को लोगों से अपील की कि वे कानूनी मुद्दों में फंसें तो सड़कों पर उतरने के बजाय देश की ज्यूडीशियरी पर भरोसा रखें। देश के शासन तंत्र ने सत्ता के दलालों को बेअसर कर दिया गया है। धनखड़ गुवाहटी की रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह और कॉटन यूनिवर्सिटी के इवेंट में शामिल होने पहुंचे थे। धनखड़ ने यह भी कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो ज्यूडीशियरी या जांच एजेंसियों से समन मिलने के बाद सड़कों पर उतर आते हैं। हमारे पास एक मजबूत सिस्टम है, हम इसका लाभ क्यों नहीं उठाते? पिछले कुछ सालों में हमारी अदालतों ने बहुत शानदार काम किया है। मैंने ऐसा समय भी देखा है, जब यह सोचा जाता था कि कानून कुछ लोगों तक नहीं पहुंच सकता था। हर जगह दलाल थे और भ्रष्टाचार था। लेकिन वह समय अब खत्म हो गया है। एक समय था, जब सत्ता के गलियारे और सरकारें सत्ता के दलालों और भ्रष्टाचारियों से भरी हुई थीं।

### सीएम पिनाराई ने बम धमाके की जांच के लिए 20 सदस्यीय टीम बनाई

**कोच्चि**। केरल में रविवार को हुए बम धमाकों की जांच के लिए सीएम पिनाराई ने 20 सदस्यीय टीम बनाई है। इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि सोमवार को मामले को लेकर एक सर्वदलीय बैठक होगी। डोमिनिक मार्टिन नाम के एक शख्स ने रविवार को धमाकों जिम्मेदारी ली है और त्रिशूर जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि, अभी पुलिस ने मामले में उसकी संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। केरल के पुलिस महानिदेशक शेख दरवेश साहेब ने पुष्टि की कि कलामासेरी क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के कारण धमाके हुए थे। इस मामले में प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जिस समय ये धमाके हुए उस समय कन्वेंशन सेंटर यहोवा के साक्षियों की प्रार्थना चल रही थी। धमाका हॉल के बीचों बीच में हुआ।

### राष्ट्रपति 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक लद्दाख दौरे पर रहेंगी



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक लद्दाख का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति 31 अक्टूबर को लेह में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 1 नवंबर को सियाचिन बेस कैंप का दौरा करेंगी और सैनिकों से बातचीत करेंगी। उसी दिन वह लेह में उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और स्थानीय आदिवासियों के साथ भी बातचीत करेंगी।

### बिहार में महिला पुलिसकर्मी की प्रेम प्रसंग में चली गई जान !

**पटना**। बिहार की राजधानी पटना के एक होटल में 20 अक्तूबर को महिला पुलिसकर्मी शोभा कुमारी (21) की हत्या मामले की गुत्थी पुलिस अब तक नहीं सुलझा पाई है। इस बीच, हालांकि इस मामले के मुख्य आरोपी शोभा के पति गजेंद्र कुमार ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।गजेंद्र की मानें तो यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग का है, जिसमे शोभा को अपनी जान गंवानी पड़ी। शोभा से जहानाबाद के जोगियाडीह गांव निवासी गजेंद्र का 2016 में प्रेम विवाह हुआ। गजेंद्र और शोभा की एक बेटी भी है। बकौल गजेंद्र शोभा का एक एसएसबी जवान से प्रेम संबंध था। कई बार इसे लेकर उस पर दबाव बनाया गया, लेकिन वह उस जवान को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी।

## महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में सभी पक्षकारों को तीन सप्ताह में लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई के दौरान बृजभूषण के वकील ने कहा कि विदेश में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। कोर्ट ने सभी पक्षकारों को तीन हफ्ते में लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22, 23 और 24 नवंबर को होगी। सुनवाई के दौरान बृजभूषण की ओर से पेश वकील ने कहा कि शिकायतकर्ता की ओर से टोक्यो, मंगोलिया, बुल्गारिया, जकार्ता, कजाकिस्तान, तुर्की आदि में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। देश के बाहर हुए अपराध के ट्रायल का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है, क्योंकि अपराध देश और उसके बाहर भी हुआ है। ऐसे में मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी से इजाजत लेना होता है। तब कोर्ट ने पूछा कि क्या कोई ऐसा फैसला है जो ये कहता है कि यौन शोषण लगातार होने वाला ऐसा अपराध है जो अलग-अलग जगहों और समय पर किया गया हो। इस पर दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील ने हुए कहा कि यौन शोषण लगातार होने वाला अपराध है, क्योंकि वह किसी एक जगह नहीं रुका और जब भी आरोपित को मौका मिला उसने उनका यौन शोषण किया। बृजभूषण के वकील ने कहा कि एक शिकायतकर्ता ने कहा कि 2017 में 16 अक्टूबर को उसके साथ यौन शोषण हुआ और फिर अगले दिन 17 अक्टूबर को दोबारा कुश्ती संघ के दफ्तर में हुई। जबकि उस दिन बृजभूषण दिल्ली में मौजूद ही नहीं थे। वहीं एक शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में 2022 की बुल्गारिया और कुश्ती संघ के दफ्तर की घटना का जिक्र किया है लेकिन ओवर साइट कमेटी के सामने कुश्ती संघ के दफ्तर की घटना का जिक्र नहीं किया गया था। आज सुनवाई के दौरान बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर कोर्ट में पेश हुए। पहले की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने अधिकार क्षेत्र को लेकर दी गई दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि मुकदमा चलाने के लिए इजाजत लेने की जरूरत तब होती है।

फैसला | महाराष्ट्र स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

## शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता पर 31 दिसंबर तक लें फैसला



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के स्पीकर को शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता को लेकर 31 दिसंबर तक फैसला करने का आदेश दिया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में तो 29 फरवरी तक फैसला लेने की बात कही गई है। इस पर एसजी तुषार मेहता ने कहा,मीटिंग हुई है। अगले साल जनवरी आखिर तक फैसला हो पाएगा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि शीत सत्र के लिए विधानसभा नागपुर शिफ्ट होती है। इस बीच दिवाली की छुट्टियां भी हैं। विधान सभा का शीत सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने वाला है। यह 20 दिसंबर तक चलेगा। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि अगर स्पीकर के पास टाइम नहीं है तो हम सुन सकते हैं। अनंत काल तक या अगले चुनाव की घोषणा तक चीजों को लटकाकर नहीं रखा जा सकता। उन्होंने आगे कहा,31 दिसंबर तक इस मसले का निपटारा कर दिया जाना चाहिए। दिवाली की छुट्टियों में भी एक हफ्ता है। छुट्टियों के बाद सत्र शुरू होने में भी 15 दिनों से ज्यादा समय है। उसके बाद भी समय है। ये उपयुक्त है। एसजी तुषार मेहता ने कहा कि 31 जनवरी से पहले निपटने को कहना अव्यवहारिक होगा। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधान सभा सचिवालय को निर्देश दिया कि अनुसूची 10 के तहत स्पीकर के अधिकारों के जरिए एनसीपी और शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता की कार्यवाही पर सुनवाई पूरी कर 31 दिसंबर तक आदेश जारी किया। स्पीकर की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि क्या यह अदालत स्पीकर को निर्देशित कर सकती है? क्या एक और संवैधानिक संस्था को अदालत एक स्तर से आगे हस्तक्षेप नहीं कर सकती या स्पीकर से किसी विशेष तरीके से कार्रवाई करने के लिए नहीं कह सकती है। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर स्पीकर इन याचिकाओं को समयबद्ध तरीके से नहीं सुन सकते हैं तो इस अदालत के लिए याचिकाओं को सुनने का समय आ गया है। सीजेआई ने आगे कहा कि प्रक्रियात्मक उलझनों के कारण याचिकाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यवाही 31 दिसंबर 2023 तक पूरी हो जानी चाहिए और निर्देश पारित करना चाहिए। बता दें कि एनसीपी के 5 विधायकों और शिवसेना के दोनों गुट के 34 विधायकों की अयोग्यता पर स्पीकर को फैसला लेना है। सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के 34 विधायकों की अयोग्यता मामले को ग्रुप ए में रखते हुए इसका निपटारा 31 दिसंबर तक करने को कहा।

## राघव चड्ढा के अनिश्चितकालीन निलंबन पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के राज्यसभा से अनिश्चितकालीन निलंबन पर चिंता व्यक्त की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राघव चड्ढा सदन में विपक्ष की आवाज की नुमाइंदगी करते हैं। सदन में ऐसी आवाज का प्रतिनिधित्व बना रहे, इसे लेकर हमें सतर्क रहना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि हम विशेषाधिकार हनन के विस्तृत विषय या विशेषाधिकार कमेटी के अधिकार क्षेत्र में दखल नहीं देंगे। कोर्ट के सामने राज्यसभा से राघव चड्ढा के अनिश्चितकाल तक निलंबन का मसला है। कोर्ट ने पूछा कि क्या राघव चड्ढा माफी मंगाने को तैयार हैं। इस पर राघव चड्ढा की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि वो राज्यसभा सभापति और कोर्ट दोनों के सामने माफी मांगने को तैयार हैं। सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि कोर्ट इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, क्योंकि यह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस पर राघव चड्ढा की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि 60 दिन तक अगर राघव चड्ढा संसद में नहीं गए तो सीट खाली घोषित हो सकती है, ऐसे में कैसे अनिश्चितकाल तक सस्पेंड किया जा सकता है। कोर्ट ने 16 अक्टूबर को राज्यसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने अटार्नी जनरल से इस मसले पर सहयोग करने को कहा था। राघव चड्ढा को 11 अगस्त को निलंबित कर दिया गया था।

## खास ख़बर

### एसएसबी ने 21.36 किलोग्राम गाँजा को जब्त किया गया



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)**। 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी डिगियाटोल के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। श्री संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट की गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक चन्दर शेखर समवाय प्रभारी गंगौर एवं निरीक्षक सुनील दत्त समवाय प्रभारी पिपरौन के नेतृत्व में अन्य जवानो के साथ गठित विशेष संयुक्त गस्ती दल द्वारा की गयी संयुक्त कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 288 से लगभग 01 किलोमीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र की तरफ नेपाल से भारत लाया जा रहा 21.36 किलोग्राम गाँजा को जब्त किया गया ।जब्त किए गाँजा को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा पुलिस थाना हरलाखी के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा। श्री संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये वाहिनी विशेष अभियानों के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

### क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का द्वितीय चरण का टाईसीट ड्रॉ के माध्यम से तैयार



**पूर्णियां**। पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स -6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का द्वितीय चरण का टाईसीट ड्रॉ के माध्यम तैयार। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता हेतु आज जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर में प्रथम चरण के सभी विजेता क्लबों के कप्तान की बैठक बुलाई गई। बैठक में द्वितीय चरण के नियम व शर्तें पर विचार - विमर्श कर निर्णय लिया गया। पूणिया मुख्यालय से बाहर के टीमों के लिए समय अरक्षित कर सभी क्लबों के बीच ड्रा कर टाईसीट कंप्लीट कर दी गई। समय के आभाव के प्रत्येक दिन पांच मैच आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के सदस्य हरिओम झा, मो नैयर अली, सैयद जब्बार हुसैन, एस एस सिंह "गुड्डू ", जितेन्द्र कुमार सिन्हा " गोपी " राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, मो मंजर मोहशिम, के साथ - साथ विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष, सचिव कप्तान मो ज़मीर, आविद हसन, मो मुदस्सिल, अनीष कुमार, अंकित कुमार, मो जाहीद आलम,मंयक गुप्ता, अंकुर सिन्हा, नन्हे, चंद राजा, पप्पू कुमार , आशीष रंजन, चिराग , गौतम कुमार, चंदन कुमार, रोहित कुमार सिंह, मोहन कुमार, गौरव कुमार सिंह, अमन सिन्हा, अमर कुमार यादव, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

### तरौना कसैला गांव अगले मार्च महीने में महाविष्णु यज्ञ को लेकर यज्ञ स्थल पर किया गया ध्वजारोहण



**अररिया**। अररिया प्रखंड के तरौना भोजपुर पंचायत के तरौना कसैला गांव स्थित भगवती मंदिर के प्रांगण में अगले मार्च महीने में महा विष्णु यज्ञ किया जाएगा। इसको लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है। इस बाबत रविवार को भगवती मंदिर प्रांगण में चयनित यज्ञ स्थल पर विधि विधान पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण की गई। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। विष्णु यज्ञ 2024 के मार्च महीने में होगा जिसको लेकर तैयारी की जा रही है। आयोजक कमिटी के सदस्यों ने बताया कि श्री श्री 1008 महा विष्णु यज्ञ को लेकर अभी से तैयारी की जा रही है। ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री सुरेन्द्र विश्वास, अध्यक्ष अंगत सिंह, सचिव प्रकाश बहरदार, कोषाध्यक्ष शिक्षक राजेश कुमार सिंह, मिडिया प्रभारी विरेंद्र कुमार सिंह, वरिय उपाध्यक्ष जनार्दन सिंह, संचालक युगेश प्रसाद सिंह, अर्जुन सिंह, राजेश कुमार सिंह डिलर, सुनील कुमार विश्वास, अशोक सिंह, करूण सिंह, प्रदीप सिंह, विरेंद्र सिंह, पुजारी राम विलास सिंह, विनोद यादव, अरण यादव, सुबोध यादव, जगदीश यादव, राजेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

# तीन दिवसीय जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**अररिया**। कला संस्कृति व युवा विभाग बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में आज अररिया कॉलेज स्टेडियम अररिया में तीन दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ अनुमंडल पदाधिकारी अररिया श्री नवनील कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मनोज कुमार मनोज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती सोनी कुमारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा श्री आकिफ वक्कास, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नितेश कुमार पाठक सहित उपस्थित वरीय पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रजव्वलित कर किया गया। इस असवर पर अनुमंडल पदाधिकारी अररिया ने उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आने वाले दिनों में जिले से अधिक से अधिक युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले में खेलकूद का बेहतर माहौल तैयार हो रहा है। छात्र एवं छात्राएं अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न खेल विधाओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चो को पढाई के साथ-साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित करें, इससे पढाई पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, बल्कि बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होते है। उन्होंने कहा कि बच्चे खेल के क्षेत्र में अपने प्रतिभा के बदौलत राज्य व देश का नाम रौशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। खेल हमे अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का शिक्षा भी देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अनुशासन व खेल भावना के साथ अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उपाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा ने बताया कि वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 दिनांक 30.10.2023 से 01.11.2023 तक जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में U-14, 17, 19 बालक/बालिका का भाग लेंगे। उन्होंने मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, उच्च माध्यिम विद्यालय एवं गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से अनुरोध किया कि अपने अपने विद्यालय के अधिक से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता इस वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सुनिश्चित करावें।मौके पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भव्य तैयारियां शुरू



**पूर्णियां**। सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड (पनोरमा ग्रुप) के द्वारा आयोजित पनोरमा स्टार सीजन -06 के मौके पर आगामी 24/25/26 नवम्बर को त्रि दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा,जिसमें बालीवुड की गायिका अनुराधा पौडवाल,अभिनेत्री शिल्पा शिंदे जी शिरकत करेंगी। साथ ही पूरे बिहार भर के प्रतिभाशाली बच्चे को उनके प्रतिभा के बदौलत ऑडिशन देकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के क्रम में बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्टार सीजन -06 के समापन के मौक़े पर त्रि दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसकी तैयारियां शुरु कर दी गई है। पनोरमा स्टार सीजन 6 के अवसर पर प्रसिद्ध पार्श्व गायिका पद्मश्री अनुराधा पौडवाल जी का आगमन होने जा रहा। कार्यक्रम में आने की उनकी स्वीकृति पत्र मिल गई है। पैनोरमा सीजन 6 में पूर्णियां ई होम्स में जलवा बिखेरने आ रहीं हैं "भाभी जी घर पर हैं"की मशहूर अभिनेत्री अंगूरी भाभी और उसकी टीम । उन्होंने कहा कि शिल्पा शिंदे एक भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हैं। वैसे तो 1999 में शिल्पा ने टेलीविज़न में पदार्पण किया, लेकिन स्टार प्लस के धारावाहिक भाभी में एक नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए सुर्खियों में आईं। इसके बाद वे स्टार प्लस के दूसरे धारावाहिक "कभी आये ना जुदाई" में अभिनय किया। वो भी कार्यक्रम में शिरकत करने ई होम्स आ रही हैं।

## घरेलू कामगार के रूप में कार्यरत महिलाओं को लामबंद करने का एक प्रयास



**बिहारीगंज** । बिहारीगंज वार्ड नंबर 13 मुसहरी टोला में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन(आई०एल०ओ) एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस(इंटक) के संयुक्त तत्वाधान में पी०आर०एस अभियान के तहत घरेलू कामगार के रूप में कार्यरत महिलाओं को कार्य स्थल पर उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार के समस्याओं पर चर्चा करने हेतु लामबंदी कार्यक्रम का आयोजन प्रकाश ऋषिदेव की अध्यक्षता में किया गया।अध्यक्षता करते हुए प्रकाश ऋषिदेव ने महिलाओं को बताया की महिलाओं को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करने के उपरांत भी मकान मालिक और मालकिनों का प्रताड़ना सहना पड़ता है। उन्होंने कहा की, इतना ही नहीं महिलाओं को अपने घर पर भी सिर्फ काम करने का मशीन समझा जाता है। इन्हें सम्मान की दृष्टि से कम और तिरस्कार की दृष्टि से ज्यादा देखा जाता है। लामबंदी कार्यक्रम में शामिल विस्क महिला कमेटी के कंचन देवी ने महिला को०ऑपरेटिव और स्वयं सहायता समूह के द्वारा आर्थिक रूप से अपनी स्थिति को कैसे उन्नत किया जाए इसके बारे में उनके द्वारा बताया गया। बैठक में सीएलयू मधेपुरा के जिलाध्यक्ष हीरा पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा एवं समानता, आर्थिक समानता, शैक्षणिक एवं राजनैतिक समानता हेतु सामूहिक रूप से एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इसके लिए मधेपुरा में संचालित विस्क सेंटर एवं इंटक यूनियन हर सम्भव प्रयास और सहायता करने को तत्पर है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए महिलाओं को यूनियन की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए और एकजुट होकर अपने हक- अधिकार के लिए आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में आशा देवी, चमेली देवी,नीतू देवी,लाछो देवी,सोना देवी, पूनम देवी, सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# 20 दिसंबर को मनायी जाएगी महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की 104 वीं जयंती





**गम्हरिया**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीसवीं सदी के महान आचार्य संत सदगुरू महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के उत्तराधिकारी रहे ब्रह्मलीन महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की 104 वीं पावन जयंती संतसेवी ज्ञान वाटिका सत्संग आश्रम गमहरिया में आगामी 20 दिसंबर को भव्य तरीके से मनाने को लेकर बाबा सुशील शारडा जी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। श्री शारडा ने कहा कि आगामी 20 दिसंबर को महर्षि संतसेवी महाराज का जयंती बड़े धूमधाम से मनायी जाएगी। जिसमें भव्य शोभायात्रा, सत्संग, भजन, प्रवचन व लाखों लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जयंती को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू हो चुकी है। जयंती समारोह में आने वाले किसी श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, सत्संग प्रेमी व ग्रामीणों के साथ इसी विषय पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि महर्षि संतसेवी महाराज की जयंती पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आने वाले सत्संग प्रेमियों को भंडारे में भी किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए तीन जगह भंडारे का आयोजन किया जाएगा. श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल कैंप, आवास, पेयजल, शौचालय, वाहन की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। मौके पर महेश कुमार पप्पू, चंद्रशेखर प्रसाद, बलराम यादव, कामता यादव, सुनील शाह, आनंद कुमार, शेखर कुमार, सुशील यादव, हरेराम साह, मिथिलेश कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### "भ्रष्टाचार का विरोध करें" टॉपिक पर एस एस बी मुख्यालय में अयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**अररिया**। भारत सरकार व बल मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्यवाहक कमांडेंट श्री पी० एन० सिंह की अगुवाई में वाहिनीं मुख्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान में "भ्रष्टाचार का विरोध करें; के विषय पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमो का पालन , न ही रिशवत लेना और न ही किसी को लेने देना और सभी कार्य ईमानदारी , पारदर्शिता से करने की सपथ लि गई। मौके पर श्री उदय कुमार उप कमांडेंट 52वीं वाहिनीं, श्री सागर प्रदीप जोशी उप कमांडेंट 52वीं वाहिनीं के साथ नि० स० उत्तम विश्वाश उप नि० मनोज कुमार उप नि० दीपक कुमार सा०उप नि० सुरेंद्र कुमार के साथ अन्य जवान उपस्थित रहे।

### आगामी माह में होने वाले छठ महापर्व को लेकर ईओ और चेयरमैन ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण



**जयनगर /मधुबनी,दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। आगामी माह में होने वाले छठ महापर्व को लेकर घाटों पर सुरक्षा सुविधा व्यवस्था समेत छठ व्रती के आवागमन वाले रास्तें को बनाने को लेकर रविवार को जयनगर नगय पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, कार्यपालक पदाधिकारी डॉ इंद्र कुमार मंडल, वार्ड पार्षद हनुमान मोर, शिवजी पासवान, राम अशीष साह, मंजुला देवी, पूर्व पार्षद गोविंद कुमार मंडल,मोहम्मद नजाम समेत अन्य ने निरीक्षण किया। मुख्य पार्षद ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों का पर्व से पूर्व निरीक्षण किया गया। कमला पुल से काली मंदिर व वार्ड नंबर 12 मुकरी टोल तक छठ घाटों का निरीक्षण कर घाटों तक जाने वाली मुख्य रास्तें पर नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा साफ-सफाई, बिजली, यातायात वाले मार्गों को बनाया जाएगा। पूर्व से ही नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा शहरी क्षेत्र के छठ घाटों पर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। ईओ ने बताया कि नगर विकास आवास विभाग के प्रधान सचिव का भी आदेश रहता है कि छठ पर्व पर घाटों तक जाने वाली सड़कों पर साफ-सफाई बिजली समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस वर्ष अन्य वर्षों से बेहतर सुविधाएं छठ घाटों पर उपलब्ध कराया जाएगा।

### जल्द मिले वेतन नहीं तो होगा आंदोलन - डॉ.ब्रजेश सिंह



**मधेपुरा**। बी एन एम यू में अब नियमित शिक्षक और नॉन टीचिंग के बाद अतिथि प्राध्यापक संघ नें भी वेतन के मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दे दिया है. ज्ञात हो की बी एन एम यू के विभिन्न विषयों में एक सौ अस्सी अतिथि सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं और कई विषय कई महाविद्यालय अब इनके हीं सहारे चल रही है बावजूद इसके इनलोगों को विगत फरवरी माह से अभी तक कुल आठ माह का वेतन नहीं मिला है. जिसे लेकर बिहार राज्य अतिथि सहायक संघ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह बी एन एम यू, टी पी कॉलेज मधेपुरा के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश सिंह नें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, गृह सचिव,प्रधान सचिव एवं निदेशक उच्च शिक्षा को आवेदन देकर उक्त लंबित वेतन अविलम्ब भुगतान करने का मांग किये हैं. उन्होंने सम्बोधित पत्र के माध्यम से उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा दुर्गा पूजा के मद्देनजर तत्काल दो माह का भुगतान आंतरिक कोष से करने का जारी पत्रांक 15जी /1/2023-3864 दिनांक 1.7.23 का हवाला देते हुए डॉ ब्रजेश सिंह ने कहा की अब अगर जल्द भुगतान नहीं होता हैं तो हमारा संगठन भी उग्र आंदोलन का रुख अख्तियार करने पर मजबूर हो जायेगा. ज्ञात हो की पूर्व में नियमित शिक्षक भी हड़ताल पर थे और नॉन टीचिंग तो हड़ताल पर हैं हीं, अब अगर अतिथि सहायक प्राध्यापक भी हड़ताल पर जाते हैं तो नई शिक्षा नीति के तहत सिलेबस को समाप्त करना कठिन हो जायेगा और ये सब छोटे मोटे कारणों के कारण पठन पाठन बाधित हो जायेगा.. आवेदन देने वालों में बी एन एम यू संघ के संयोजक डॉ. राजीव जोशी,डॉ दिवाकर पासवान, डॉ सचिन्द्र नाथ मिश्र, ब्राह्मदेव कुमार,डॉ स्वेता शरण,डॉ सुनीता कुमारी, डॉ बन्दना कुमारी,डॉ डेजी कुमारी,डॉ अनुजा कुमारी, डॉ मिंकी सिंह, डॉ विभूति भूषण, डॉ कमलेश कुमार आदि सहित दर्जनों शामिल थे।

**प्रतियोगिता** हमें अपने पुर्वजों से प्रेरणा लेते हुए प्रकृति-पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए

# पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम आयोजित



**मधेपुरा**। 17 बिहार बटालियन एन सी सी, सहरसा के तत्वावधान में टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में समाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास योजनान्तर्गत तहत पेड लगाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि हमारे पूर्वज प्रकृति-पर्यावरण के महत्व को समझते थे और उसमें देवता की बात मानते थे। वे प्रति प्रकृति-पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति काफी सजग थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने पुर्वजों से प्रेरणा लेते हुए प्रकृति-पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए और वैसा कोई भी काम नहीं करना चाहिए, जिससे उसे नुकसान पहुंचे। अधिकाधिक पौधे लगाने चाहिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि धरती पर हरियाली रहने से ही जीवन में खुशहाली आएगी। इसलिए सभी लोगों को वर्ष में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और नियमित रूप से देखभाल भी करनी चाहिए। साथ-ही-साथ उसकी सुरक्षा एवं पोषण का भी समुचित प्रबंध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे हमारे सबसे बड़े प्रकृति-मीत्र हैं। पौधे पर्यावरण को संतुलित करने में महती भूमिका निभाते हैं और हमें जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत प्राणवायु आक्सिजन से लेकर सुगंधित पुष्प, रसदार फल एवं स्वास्थ्यवर्धक औषधियाँ तक सैकड़ों चीजें उपलब्ध कराते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय में स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि प्रकृति-पर्यावरण के संरक्षण के साथ मानव का अस्तित्व जुड़ा हुआ है। यदि प्रकृति-पर्यावरण संरक्षित रहेगी, तभी मानव सभ्यता-संस्कृति बच सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति-पर्यावरण के महत्व को समझते हुए पर्यावरण- संरक्षण एवं स्वच्छता आदि को विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्थान दिया गया है। युवाओं को मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का यह एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनसीसी पदाधिकारी ले. गुड्डु कुमार ने बताया कि एनसीसी द्वारा समय-समय पर जनजागरण, सेवा एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इससे विद्यार्थियों के समग्र विकास में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि कमांडिंग ऑफिसर देवाशीष के निदेशानुसार इस कार्यक्रम में शामिल एएनओ, सीटी एवं केडेट्स की संख्या फोटो एवं विडियो के साथ सहरसा कार्यालय को भेजा जाएगा। इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, शलेंद्र कुमार, नितीश कुमार, विकाश कुमार, सौरभ कुमार, आदित्य रमन, शिवशंकर कुमार, राजनंदन कुमार, सतीश कुमार, रूपन कुमार, राकेश कुमार, राहुल कुमार, अभिनव रमन, खुशी कुमारी, वाणी कुमारी, सिम्पी कुमारी आदि उपस्थित थे।

**एसडीओ मैम! गोगी पोठिया के मांस फैक्टरी से निकल रही दुर्गंध एवम अगल बगल के गाँव से हो रही है मवेशी चोरी, लीजिए एक्शन**

# आवदेन मिला है, शीघ्र हीं टीम गठित कर यथोचित कार्रवाई की जाएगी : एसडीओ







**फारबिसगंज** । राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी के प्रदेश महासचिव रमेश मेहता ने फारबिसगंज प्रखंड में चल रहे पशुवध शाला से दुर्गन्ध एवं अगल बगल के गाँव से मवेशी चोरी वगैरह समस्या को लेकर आम लोगों के हित में समस्या को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज को ज्ञापन सौंपा । रमेश मेहता ने कहा कि फारबिसगंज प्रखंड के हलहलिया पंचायत के गोगी पोठिया में चल रहे पशुवध शाला सारे नियम कायदा को दरकिनार कर लोगों के बीच डर का माहौल पैदा कर अवैध ढंग से छोटा बड़ा मवेशी बिना जाँचे परखे वधशाला में प्रवेश करा कर काट दिया जाता है । न तो कोई डॉक्टर द्वारा जांचा जाता है ना ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था ना ही कोई रिकार्ड । सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है जबकि एन ओ सी में सारा नियम कायदा लिखा हुआ रहता है । उन्होंने कहा की पैसा के बल पर लोगों के बीच दहसत फैला कर ये मांस फैक्टरी बेधड़क चल रहा है ! फैक्ट्री के अगल बगल में न तो नदी है ना ही किसी प्रकार का नाला, सारा मवेशी का खून डस्ट बोरिंग के माध्यम से मशीन के प्रेशर से गंदे डस्ट को जमीन के अन्दर बहा दिया जाता है । जिस कारण आस पास के गाँव में प्रदुषित पानी के कारण चर्म रोग की समस्या बढ़ गया है लोग परेशान है फैक्ट्री के दुर्गन्ध के कारण आस पास के घनी आबादी गाँव के गर्भवती महिलाओं में ज्यादा परेशानी हो रही है । उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के हर गाँव में गरीब लोगों का पशु चोरी कर रातो रात फैक्ट्री के अन्दर पहुँचा कर काट दिया जाता है प्रशासन आँख बंद कर तमाशा देख रही है फैक्ट्री वाले ना तो छोटा पशु देखता ना ही दुधारू ना ही बिमार पशु सब के सब बिना जाँचे परखे हलाल कर दिया जाता है ।पशु लोड कर जो आता है न तो किसी तरह की जाँच होती है ना ही कोई देखरेख ! मवेशी लोड करने वाले वाहन के पास न तो पशु लोड करने का परमिट होता है ना ही क्षमता भर मवेशी का परमिट । उन्होंने कहा कि बिना परमिट का वाहन पे क्षमता से ज्यादा पशु लोड कर वाहन के कारण बार बार दुर्घटना हो रहा है जिसमें जान माल का नुकसान भी बहुत होते रहा है फिर भी प्रशासन चुप क्यों रहती है यह जांच का विषय है? उन्होंने कहा कि दुधारू पशु विहीन होने के कगार पर जहां सीमांचल हो गया है वहीं फैक्टरी में जलावन के प्रयोग से क्षेत्र में हरा भरा पेड़ की भी कटाई हो रही है जिससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने अविलब पूरे मामले की जांच कर कारवाई की मांग की है। श्री मेहता ने यह भी बताया कि अल समीर की पार्टनरशिप वाली दो फैक्टरी को इसी लापरवाही के कारण यूपी प्रशासन ने बंद कर दिया है। उन्होंने अनुमंडल प्रशासन से न्यायोचित जांच कर फैक्टरी बंद कराने की मांग की है। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज ने कही कि रमेश मेहता का आवेदन मिला है। शीघ्र ही कमेटी गठित कर यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

## ख़ास ख़बर

### बाइक की ठोकर से घायल किशोर की इलाज के क्रम में मौत



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के किसान चौक के पास बीते सोमवार की शाम बाइक की ठोकर से घायल किशोर का रविवार की रात नेपाल के विराटनगर में एक निजी अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गया। घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया। मालूम हो कि धरहरा पंचायत वार्ड 7 निवासी रामचन्द्र शर्मा का पुत्र राजीव कुमार (13) सतकोदरिया दुर्गा मंदिर परिसर में लगा मेला देखने जा रहा था। इसी क्रम में किसान चौक के पास एक बाइक चालक ने उसे ठोकर मार दिया। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक फरार बताया जाता है। वहीं हादसे के बाद परिजनों ने घायल किशोर को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया था।

### विभिन्न कांडों में जब्त शराब का किया विनिष्टिकरण



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल ।** जिले के राघोपुर थाना परिसर में रविवार शाम विभिन्न कांडों में जब्त शराब का विनिष्टिकरण किया गया। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि 264 लीटर नेपाली मार्का के दिलवाले सोफी शराब, 61 लीटर ,चुलाई शराब और 364. 5 एमएल विदेशी शराब का विनिष्टिकरण किया गया है। मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश, मद्य निषेध विभाग के एसआई श्रीकांत कुमार मौजूद थे।

### एक शराब कारोबारी को पकड़ भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर,सुपौल।** जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के झखराही गांव से रविवार देर संध्या को एक शराब कारोबारी को पकड़ने में थाना पुलिस को सफलता मिली है। जानकारी देते हुए किसनपुर थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की गुप्त सूचना मिला की झखराही गांव स्थित पीसीसी सड़क पर कोई शराब लेकर जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस बल को घटना स्थल पर भेजा गया। जहां एक व्यक्ति मोटर सायकिल जिसका रजिस्टेशन नंबर BR 50Z 4890 खरा था गाड़ी पर प्लास्टिक बौरा में बंधा 10.5 लीटर देशी महुआ शराब रखे थे जो पुलिस को देखते ही भागने लगा जिसे बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उन्होंने ने अपना नाम नरही वार्ड नंबर 03 निवासी राहुल कुमार बताया। जिसे हिरासत में लेकर व्यवहार न्यालय सुपौल भेज दिया गया है।

### बाईक लूट कांड का एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल।** जिले के मरौना थाना की पुलिस ने बाइक लूट कांड का एक आरोपी को गिरफ्तार किया।जिसे पुलिस ने सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए आरोपी मधुबनी जिले के घोघरडीहा थाना क्षेत्र अंर्तगत चिकना गांव निवासी महेश पासवान ऊर्फ विक्की है।जिसे मरौना एसएचओ कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने दरभंगा जिले के सकतपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।बता दे की विक्की के खिलाफ मरौना थाना में बीते 15 सितंबर 2019 को बाइक लूट - पाट से संबंधित मामला दर्ज था।इतना ही नही आरोपी विक्की के खिलाफ सुपौल जिले के मरौना के अलावा मधुबनी जिले के मधेपुर,घोघरडीहा,फुलपरास व दरभंगा जिले के घनश्यामपुर,सकतपुर थाना में भी मामला दर्ज है।फिलहाल पुलिस गिरफ्तार विक्की को जेल भेज दिया है।

### किसानों को जैविक खेती के लिए किया गया प्रेरित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** तारुन विकासखंड क्षेत्र के बाबा नगर तिराहा ननशा बाजार में सोमवार को किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आए अधिकारियों द्वारा किसानों को जैविक एवं ऑर्गेनिक तकनीक से फसल उगाने के फायदे बताए गए। पारालशर बायो प्रोडक्ट कंपनी के रिजिनल मैनेजर कृष्ण प्रताप सिंह सेगर द्वारा ऑर्गेनिक खेती के लिए किसानों का उत्साहवर्धन किया गया। तथा उन्हें जरूरी टिप्स दिया गया। बताया कि फसल में रासायनिक और कीटनाशक का प्रयोग किए जाने से मिट्टी किसकी उर्वरता भी कम होती है तथा रासायनिक और कीटनाशक से पैदा किए गए कृषि उत्पादो के इस्तेमाल से स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एवं तमाम बीमारियां उत्पन्न होती हैं। किसान संगोष्ठी के आयोजन के अवसर पर प्लान्टों कृषि तंत्र से गन्ना, गेहूं, आलू, टमाटर सहित सब्जियों की फसलों को रोग मुक्त उगाने की सलाह दी गई। तथा कीटनाशक के प्रबंध का भी उपाय सुझाया गया। कंपनी के रीजनल मैनेजर कृष्ण प्रताप सेंगर ने उपस्थित किसानों की समस्याओं का समाधान बताया। तथा कंपनी द्वारा निर्मित प्रोडक्ट की विशेषताएं भी बताई। उन्होंने कृषि के पौधों को संतुलित उर्वरक के जरिए उत्पादित करने की सलाह देते हुए दावा किया कि प्लांटों कृषि तंत्र के उपयोग के बाद किसान जो फसल उत्पादित कर रहा है वह रोग मुक्त है। समुद्र के शैवाल से कंपनी जैविक दवा और उर्वरक तैयार करती है।

छठ पूजा समिति काशी घाट की बैठक सम्पन्न

# चौथी बार धीरज गिरी को काशी घाट का अध्यक्ष के रूप में मिली जिमेदारी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर स्थानीय शहर के वार्ड संख्या 13 के काशी घाट स्थित भगवान भास्कर के प्रांगण में श्री छठ पूजा समिति काशी घाट का बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व वार्ड पार्षद राजा जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह राम विनय पटेल (पटेल सर) ने काशी घाट के सदस्यों की काफी सराहना करते हुए प्रशंसा किया और कहा कि छठ पूजा समिति काशी घाट के सदस्य पूरी ईमानदारी के साथ अपना जिम्मेवारी समझते हुए अपने कर्तब्यों का निर्वहन करते है, इस कड़ाके की ठंड में छठ व्रतियों की सुरक्षा का पूर्ण रूप से ख्याल रखते हुए गोताखोर के रूप में अपनी भूमिका निभाते है। इतने कर्तब्यनिष्ठ



कमिटी के सदस्य शायद ही कही देखने को मिलेगा, जो काबिले तारीफ है। बैठक में सर्वसम्मति से श्री छठ पूजा समिति काशी घाट के अध्यक्ष पद हेतु निवर्तमान अध्यक्ष धीरज गिरी, उपाध्यक्ष रंजन गिरी, एंकर सोनु ठाकुर, कोषाध्यक्ष सौरव पटेल, सचिव मंतोष यादव, उप सचिव सूरज शर्मा, मेला प्रभारी आशुतोष शर्मा, पंकज व अन्य, गोताखोर में अमित गिरी व पांडेय ग्रुप को मनोनित किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अपनी बातों को कमिटी के समक्ष रखा। इस दौरान काशी घाट की अच्छी तरह से साफ-सफाई के साथ-साथ रौशनी की पर्याप्त मात्रा में ब्यवस्था करने पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। काव नदी में छठ व्रतियों के द्वारा स्नान करने व अर्ध्य देते वक्त काव नदी में किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित नही हो इसका पूर्ण ध्यान रखना होगा। शांतिपूर्ण माहौल में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को सम्पन्न कराने के लिए अपील किया गया। किसी भी परिस्थिति में काशी घाट पर आए हुए छठ व्रतियों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना नही करना पड़े इसका जिम्मेवारी पूर्वक ध्यान रखना होगा। मौके पर बसंत पटेल, धीरज गिरी, अमित गिरी, आरपी रंजन , हनी पटेल, अनिल यादव, रंजन गिरी, मौलबी ठाकुर, निरंजन ठाकुर, आशुतोष शर्मा, राकेश शर्मा, गुड्डू खूंखार हिन्दू, मंतोष यादव, विंध्याचल शर्मा, सूरज साह, धरती , बिट्टू मेहता, राहुल पटेल, पंकज कुमार, अखिलेश कुमार, राजू कुमार, अमन कुमार दुबे, विक्की गुप्ता, मोनू कुमार, भूषण सिंह के साथ अन्य सभी कमिटी के सदस्य व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग की हुई अहम बैठक



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार, सुपौल में श्री कौशल कुमार (भा0प्र0से0), जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में श्री राशिद कलीम अंसारी, अपर समाहर्ता सुपौल, श्री इंद्रवीर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुपौल एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ शिक्षा विभाग के डी0पी0ओ0 स्थापना, डी0पी0ओ0 मध्यान भोजन, डी0पी0ओ0 एस0एस0ए0, सुपौल एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सुपौल जिला उपस्थित थे। बैठक में वर्ग 1 से 5 तक एवं वर्ग 9 से 10 तक तथा वर्ग 11 से 12 तक के कुल 2160 अभ्यर्थियों को दिनांक 02.11.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में गांधी मैदान, सुपौल में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुपौल को सभी आवश्यक तैयारी करने का निदेश जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा किया गया। साथ ही संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, सुपौल को नियुक्ति पत्र वितरण किए जाने से संबंधित सभी कार्य निर्धारित तिथि से पूर्व पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

## कार्यकर्ताओं के जत्थे के साथ अमृत कलश को दिल्ली के लिए किया रवाना



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में 'मेरी माटी,मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत सुपौल के सभी पंचायत से इकट्ठा किये हुए "अमृत कलश" भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा जी के नेतृत्व में जीला के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के जत्थे के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गए। जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा ने कहा कि वीरों के आंगन और गांव से संग्रहित माटी से एक अमृत वाटिका का निर्माण कर्तव्यपथ दिल्ली मे होगा। अमृत वाटिका मे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और असम से लेकर गुजरात तक 7 लाख गांव की मिट्टी शामिल होगी प्रधानमंत्री स्वयं इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुपौल से भी हर एक गांव एवं शहर से कलश लेकर हम लोग 31अक्टूबर को दिल्ली पहुंचेंगे जहां पर देश भर के 75000 कलश होंगे इन कलश के मिट्टी से दिल्ली के कर्तव्य पथ पर एक अमृत वाटिका का निर्माण होगा। दिल्ली जाने वाले कार्यकर्ताओं में राजेश राय प्रशांत अग्रवाल विश्वजीत भगत आलोक कुमार विशाल मिश्रा राहुल यादव संतोष चौधरी पंकज सिंह शंकर शाह कृष्ण देव मंडल वरुण कामत अविनाश झा मनोज चौधरी कृष्णदेव शाह संजीत सिहां सुरेंद्र मेहता कृष्ण देव साह मुन्ना साह दीप कुमार मेहता केदार शर्मा अमित कुमार आशीष चौधरी है।

# प्रखंड के दुबियाही पंचायत में बाढ़ प्रभावित को रिलीफ दिलाने के नाम पर हो रही हेरा-फेरी

**याक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड के अंदर दुबियाहि ,पंचायत में बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को रिलीफ दिलाने के नाम पर नियम कायदे को तक पर रखकर और विवाहित एवं बाहर गुजर बसर करने वालों को रिलीफ दिया जा रहा है । वही जो वर्षों से कोसी बांध के भीतर जीवन यापन कर रहा है वैसे परिवार को रिलीफ की सूची से वंचित कर दिया गया है। ऐसे दर्जनों गरीब लोग भटक रहे है । ग्रामीणों का आरोप है कि बिना राशि लिए रिलीफ की सूची में नाम नहीं दर्ज करते हैं । गरीब लोग रिलीफ पाने के



चक्कर में करीब एक माह से अंचल कार्यालय से लेकर पंचायत कार्यालय तक का चक्कर लगा रहे हैं । वही मजबूर होकर एक दर्जन से अधिक बाढ़ पीड़ितों द्वारा अनुमंडलीय लोक शिकायत कार्यालय सुपौल में आवेदन देकर जांच की मांग करते हुए रिलीफ की मांग किया गया है । इसको लेकर दुबियाही पंचायत के बेला गोठ निवासी उपेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा जिला पदाधिकारी सुपौल एवं अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल के पास आवेदन देकर कई गंभीर आरोप लगाया गया है। आवेदन में कहा गया है कि रिलीफ योजना में वार्ड सदस्य,मुखिया से लेकर अधिकारी तक का इसमें मिली भगत है । आरोप यह भी है की बेला गोठ वार्ड नंबर 7 में वार्ड सदस्य एवं मुखिया के द्वारा बिना राशन कार्ड का तथा अविवाहित लोगों को रिलीफ दिया गया है । नया सूची 129 में अनिल कुमार पिता भूमि पासवान अविवाहित है। तथा क्रमांक 143 फूलो देवी पति सिकंदर मंडल , क्रमांक 109 सिकंदर मंडल पिता फूलदेव मंडल, दोनों पति-पत्नी को अलग-अलग पैसा लेकर रिलीफ दिया गया है। दर्जनों ऐसे व्यक्ति है जिसके पास राशन कार्ड नहीं है वैसे करीब पांच दर्जन से अधिक है। कई अविवाहित है। कई नाबालिक है । कई लोग गांव से बाहर रहते हैं। नियम को ताक पर रख दिया गया है । ऐसे दोषी कर्मी के विरुद्ध आवश्यक कानून कार्रवाई करते हुए सही लोगों को रिलीफ दिलाने की मांग किया गया है ।

### मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी के तहत ऋण वितरण की समीक्षा



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** प्रभारी जिलाधिकारी - सह- उप विकास आयुक्त ,स्पर्श गुप्ता की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने योजनाओं में लाभुको को ऋण स्वीकृति, ऋण वितरण के संबंध में जानकारी दी। मुख्य रूप से अक्टूबर माह के अंत तक लंबित ऋण भुगतान करने का निदेश संबंधित बैंक अधिकारी को दिया गया। समीक्षा बैठक में एजेंडावार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना समेत क्रियान्वित योजनाओं में उपलब्धि पर चर्चा की गई। बैंक के स्तर से ऋण स्वीकृति/वितरण में तेजी लाने हेतु प्रभारी डीएम ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया कि सभी बैंक प्रबंधक/समन्वयक से संपर्क स्थापित कर योजनाओं की स्वीकृति में तेजी लायेंगे। बैठक में सभी बैंक अधिकारी को उद्योग विभागीय योजनाओं में समस्या उत्पन्न होने पर महाप्रबंधक,जिला उद्योग केंद्र से समन्वय स्थापित कर निराकरण हेतु निदेशित किया गया है। उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खादय उद्‌यम उन्नयन योजना का जिले में प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। सभी बैंक के प्रतिनिधि को अगले 15 दिन के अन्दर न्यूनतम लक्ष्य अनुरूप आवेदन की स्वीकृति एवं ऋण वितरण करने का निदेश दिया गया। विशेषकर एक्सिस बैंक,एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बंधन बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के स्तर पर ऋण स्वीकृति क्रियान्वयन पर असंतोष व्यक्त करते हुए त्वरित सुधार का निदेश दिया गया। सभी बैंक के प्रतिनिधियो के द्वारा बताया गया कि 15 दिन के अन्दर पीएमएफएमई और पीएमईजीपी दोनो योजना में उल्लेखनीय परिवर्तन परिलक्षित होगी।

### विद्यालय परिवार भैया के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए आशीर्वाद दिया



**शुभ भास्कर, रामगढ़ कैमुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2023 सरस्वती विद्या मंदिर पकड़तला कहलगांव भागलपुर के आथित्य में दो दिवसीय प्रतियोगिता 28-29 अक्टूबर 2023 को सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभाग द्वारा चयनित प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों ने भाग लिया। जिसमें विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर बंदीपुर रामगढ़ कैमुर के शिशु वर्ग भैयाआयुष कुमार अनमोल कुमार यादव दिव्य प्रताप सिंह अंग्रेजी प्रश्न मंच में द्वितीय स्थान व किशोर वर्ग आशु भाषण में भैया किशन सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित जिले का नाम रौशन किया है। साथ ही साथ होने वाले क्षेत्रीय महोत्सव में भाग लेने के लिए रवाना हुए। उपयुक्त जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राजीव रंजन ने बताया कि विद्यालय परिवार भैया के उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

### प्रशस्ति पत्र के माध्यम से आरक्षी अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया सिंघम को



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** आरक्षी अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया, लोहरा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम को।आपको बता दें की, विगत दुर्गा पूजा धार्मिक व शक्ति अर्जीत स्त्रोत, सत्य सनातन की त्योहार पर, अपने कर्मों का पालन करते हुए विधि व्यवस्था का संचालन,अपने धर्म का पालन करते हुए शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया,जो की सराहनीय है। जिससे मैं अपने दिल में आपके कार्यों का अवलोकन करते हुए,निष्ठा पूर्वक आपको प्रशस्ति पत्र प्रदान करता हूं। जिसके लिए संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम द्वारा कैमूर आरक्षी अधीक्षक ललित मोहन शर्मा का आभार व्यक्त किया गया। ऐसे भी सिंघम द्वारा नक्सल प्रभावित थाना करमचट में रहकर, जनता की हेलमेल से, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए, धर्म कर्म से अपने कर्मों का पालन किया गया है। और लोहरा थाना में प्रभारी के रूप में किया जा रहा है

### भंडारा के साथ दुर्गा पंडाल का समापन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित भगवानपुर हर-हर महादेव नवयुवक संघ शान्ति नगर समिती के अध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता और समीती के जजमान राजकुमार गुप्ता ने बताया कि हमलोग जब से मां का पंडाल बनाकर पुजा पाठ कर नव दिन के बाद बिसर्जन के तत्पश्चात मां का भंडारा आयोजन करते है जिसमे सैकडो लोग प्रसाद ग्रहण करते है । इस बार हम अपने पंडाल मे कलाकृति करने वाले सुधिर कुमार को और साथ ही अच्छे डेकोरेशन के लिए गंगा प्रसाद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। हमारे समीती के सदस्य भोला गुप्ता, दिलीप गुप्ता, सूरज मद्धेशिया,नन्दलाल गुप्ता, एवं समस्त दुर्गा पुजा समीती के सदस्य और गांव के सभी लोग भंडारा मे मौजूद रहे।

प्रतियोगिता | वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर 19 प्रतिस्पर्धा में आरएसएम पब्लिक स्कूल ने भाग लिया जिन्हें स्वतः ही विजेता घोषित कर दिया गया

# जिले में त्रिदिवसीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 का आउटडोर स्टेडियम में दूसरा दिन हुआ आरंभ

**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिला में त्रिदिवसीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 का दूसरा दिन सोमवार को सुपौल आउटडोर स्टेडियम में विधिवत आरंभ हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को खो-खो बालक अंदर 14, 17, 19 कबड्डी बालक अंदर 14, 17, 19 वॉलीबॉल बालक अंदर 14, 17, 19 फुटबॉल बालक अंदर 14, 17, 19 खेल का आयोजन हुआ। दूसरे दिन के प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत राज पदाधिकारी -सह- उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सुपौल संतोष कुमार ने कबड्डी के अंदर 14 आयु वर्ग के प्रतियोगिता में दोनों टीम के कप्तान के बीच टॉस कर एवं मैदान में नारियल फोड़कर किया शुभारंभ । दूसरे दिन की प्रतियोगिता में खो-खो अंदर 17 बालक वर्ग



में निर्मली ने प्रतापगंज को 9-5 से पराजित किया, अंदर 19 आयु वर्ग में भागीरथ उच्च विद्यालय पिपरा ने निर्मली को 7-6 से पराजित किया, अंडर 14 आयु वर्ग में परसरमा ने निर्मली को 10-6 से पराजित किया। वॉलीबॉल बालक वर्ग प्रतियोगिता अंडर 19 आयु वर्ग प्रतिस्पर्धा में मात्र आर0एस0एम0 पब्लिक स्कूल ने भाग लिया जिन्हें स्वतः ही विजेता घोषित कर दिया गया, अंडर 17आयु वर्ग में आरएसएम पब्लिक स्कूल ने टीसी हाई स्कूल को 25-12 से पराजित किया अंडर 14 आयु वर्ग में टीसी हाई स्कूल ने आरएसएम पब्लिक स्कूल को 25-16 से पराजित किया । वॉलीबॉल बालिका अंडर 17 आयु वर्ग में तेजेंद्र उच्च विद्यालय ने अभ्यास मध्य विद्यालय बरूवारी को 25-16 से पराजित किया। कबड्डी अंदर 19 आयु वर्ग में मात्र एक ही टीम नत्थु कोशी प्लस टू उच्च विद्यालय डगमारा ने भाग लिया जिन्हें स्वतः विजेता घोषित किया गया। कबड्डी बालक अंडर 14 वर्ग के प्रतियोगिता में आरएसएम पब्लिक स्कूल ने निर्मली को 38-33 से पराजित किया अंडर 17 आयु वर्ग में आरएसएम पब्लिक स्कूल ने प्रतापगढ़ को 46-31 से पराजित किया फुटबॉल बालक अंदर 14 आयु वर्ग में हाजरी उच्च विद्यालय गौरवगढ़ सुपौल ने वीना को 2-0 से पराजित किया अंदर 19 आयु वर्ग में तेजेंद्र उच्च विद्यालय बरुवरी ने बी0एस0एस0 कॉलेज सुपौल को 2-1 से पराजित किया। कार्यक्रम का संचलन राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपिका चंद्रा ने किया । इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मार्गदर्शक एवं तकनीकी पदाधिकारियों के रूप में सहयोगी सुमन कुमार सिंह , अभय शंकर झा,नयन नाथ झा, दशरथ साह, अभिषेक आनंद, मोहम्मद इनायत, अमित मोहनका, राजीव रंजन गुप्ता, जय शंकर प्रसाद , राजकिशोर जी, रामदेव मेहता, कपिलदेव राउत, सुनील कुमार (भोला), जय शंकर गाँधी, शेख अब्दुल्ला, श्यामचंद्र पासवान, सरोज कुमार, विशेश्वर् कुमार,तुलिका कुमारी,विकाश संजय कुमार झा दिनेश कुमार,नवीन कुमार ज्योति,घनश्याम साह, जय प्रकाश कुमार,बैजू कुमार,उमेश कुमार सिंह,मो जिब्राइल,अखिलेश कुमार, मो सज्जाद , मनीषा कुमारी,अभिनंदन कुमार,नवीन कुमार, आशुतोष कुमार,तृपुरारी सरण, श्याम पासवान,विनोद कुमार महतो, अजय कुमार झा, राजू रंजन,घनश्याम शाह, अनुपम कुमार गणेशी प्रसाद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

# अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहे कपड़े के साथ दो महिलओं को किया गिरफ्तार

**एक संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेशपुर ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर पर दो महिलओं को अवैध रूप से भारत से नेपाल ले जा रहे कपड़े के साथ किया गिरफ्तार ।वही जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 205 के क्षेत्र से अवैध सामानों की बड़ी खेप भारत से नेपाल जाने वाली है । सूचना कि विश्वसनीयता को देखते हुए विशेष गस्त दल का गठन किया गया । उप नि ॰ सरस्वती कुमार के नेतृत्व में कुल 03 कार्मिकों का गस्त दल निर्धारित स्थान पर पहुँच गये और मुस्तैदी के साथ तैनात हो गये । कुछ समय उपरांत गस्त दल द्वारा देखा गया कि दो महिला बोरी में कुछ समान लिए भारत से नेपाल की तरफ जाने की कोशिश कर रही




थी । पूर्व प्राप्त आसूचना के आधार पर उस दोनों महिला को गस्त दल के द्वारा रोका गया तथा सामानो की तलाशी ली गई । तलाशी के क्रम में गश्त दल को बोरी में से विभिन्न प्रकार के कपड़े प्राप्त हुए जिन्हे जब्त किया गया । हिरासत में लिए गए महिलयों की पहचान सुनैना देवी (काल्पनिक नाम), उम्र- 44 वर्ष, पति – रामचन्द्र मण्डल एवं सुनीता मण्डल (काल्पनिक नाम ), उम्र – 41 वर्ष, पति – कुसुम लाल मण्डल , ग्राम- जोगनिया , थाना – हनुमान नगर , सप्तरी, नेपाल के रूप मे की गयी । आवश्यक कागजी कार्यवाई के उपरांत जब्त किए गए समानों एवं हिरासत में लिए गए महिलयों को सीमा शुल्क विभाग, भीमनगर, सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया ।

## ख़ास ख़बर

### घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के पांडेय डिहरी से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पांडेय डेहरी निवासी वाहन मालिक राकेश कुमार सिंह ने स्थानीय थाना में लिखित रूप में कानूनी कार्रवाई करने के लिए शिकायत दर्ज कराया है। पीड़िता द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में कहा गया है कि हीरो कम्पनी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घर के बाहर रात में खड़ा किया गया था। जिसे अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ा कर घर के अंदर सभी लोग सो रहे थे। सुबह जब देखा गया तो मोटरसाइकिल उस जगह से गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीड़िता के द्वारा आवेदन दिया गया है।

### विधुत करेंट से दो लोगों की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के जमसोना गांव के बाधार में दवा छिड़कने जा रहें दो लोगों की मृत्यु विद्युत करेंट से हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया है। मृतक विनय चौधरी उर्फ मुन्ना चौधरी जमसोना गांव के रामदयाल चौधरी के पुत्र व दुसरा मृतक चोराटी निवासी भोला चौधरी का पुत्र गुप्तेश्वर चौधरी बताएं जाते हैं। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि जमसोना गांव के किसान राम दयाल चौधरी का 45 वर्षीय पुत्र विनय चौधरी उर्फ मुन्ना चौधरी, अपने मजदूर चोराटी निवासी गुप्तेश्वर चौधरी 50 वर्ष के साथ धान के फसल में कीटनाशक छिड़काव करने जा रहे थे। तभी खेत में पुर्व से टुटकर गिरे धारा प्रवाहित तार के चपेट में पहले गुप्तेश्वर चौधरी आ कर गिर गए। गुप्तेश्वर को गिरते देख विनय चौधरी करंट से अनजान उन्हें उठाने गए। तभी वो भी करंट के चपेट में आ गए। काफी देर तक दोनों उक्त स्थान से नहीं उठे तो बगल में काम कर रहे लोगों को कुछ अनहोनी का शक हुआ तो देखने गए। जहां दोनों व्यक्ति गिरे पड़े थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने हो हल्ला करते हुए पहले बिजली सप्लाई बंद कराया और दोनों को उठा कर बाहर निकालें। दोनों की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण सदर अस्पताल में करा, शव को स्वजनों को सौंप दिया गया है।

### संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो जाने की सूचना है। जिसमें भाई बोला-कुछ दिन पहले ससुराल से यहां आई थी, पति की प्रताड़ना से परेशान होकर जहर खा लिया। सासाराम में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मामला नगर थाना क्षेत्र के कोठा टोली मुहल्ले की है। मृतका की पहचान शंकर शर्मा की बेटी किरण शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों से तंग आकर उसने आत्म हत्या कर ली।

### 7 नवंबर को पूरे देश में "राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस" मनाया जाएगा

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा।** "राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर अपने नजदीकी अस्पताल में जा कर शारीरिक परिक्षण करायें और कैंसर नाम की जान लेवा बिमारी से अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। आगामी महिने के 7 नवंबर को पूरे देश में "राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस" मनाया जाएगा। इस दिवस का आयोजन हेतु कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई जिसमें एन.सी.डी. और होमी भाभा कैंसर हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को भोजपुर जिले के तमाम अस्पतालों में आयोजित किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कैंसर मानव जीवन के लिए अभिशाप है, जिस व्यक्ति को कैंसर हुआ, उसके मृत्यु महीनों व सालों में होना निश्चित है और जिस परिवार में किसी व्यक्ति को कैंसर हो गया, तो समझ लीजिए कि परिवार की बर्वादि भी सुनिश्चित है। इन कारणों से कैंसर के प्रति जागरूकता नितांत आवश्यक है। कैंसर से बचा जा सकता है यदि हमलोग कुछ न करने योग्य काम न करें। जैसे शराब का सेवन नहीं करने से, शरीर में कई प्रकार के कैंसर से बचा जा सकता है, उसी प्रकार तम्बाकू का सेवन न किया जाए तो मुंह, फेफड़ा व अन्य कैंसर से बचा जा सकता है।

### डिहरी स्टेशन पर चला सघन चेकिंग अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** आगामी दीपावली पूजा एवं छठ पूजा के मदेनजर रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन पर सुरक्षा के बाबत आरपीएफ डेहरी ऑन सोन एवं आरपीएफ स्वान दस्ता डीडीयू के द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान। सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के अधिकारी व स्टाफ तथा स्वान दस्ता डीडीयू के द्वारा आगामी पर्व त्यौहार दीपावली, छठ के मददे नजर यात्रियों की सुरक्षा बाबत डेहरी ऑन सोन स्टेशन मैं समय 13:00 से 15:00 तक स्टेशन तथा स्टेशन एरिया में स्थित वाहन पड़ाव, प्लेटफार्म, बुकिंग, प्रतीक्षालय तथा गाड़ियों में सघन चेकिंग की गई इस दौरान कोई भी अप्रिय घटना प्रकाश में नहीं आया ।

# विद्युत विभाग ने 26 बकाएदार उपभोक्ताओं को भेजी लीगल नोटिस

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत सभी प्रशाखाओं में राजस्व वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे बिजली चोरी को लेकर जुर्माना एवं प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान नहीं किया गया है उन पर नीलामवाद दायर की जा रही है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेजी गई है। निबंधित डाक से भेजी गई नोटिस में के धनगाई के रामायण सिंह, सुदर्शन सिंह, वशिष्ठ राम, मनेजर राम, मनबोध नगर के रफी खान, गुलजारबाग के मंगरा देवी, शमशाद हुसैन, श्रीनिवास राम, राज कुमार राम, आस्कामनी नगर के धनंजय राय, थाना चौक के महंगू खान, जमीला खातून, डफ़लडीह के सोबराती मंसूरी, गायत्री नगर के अंजू देवी, सिकरिया के उमेश सिंह, नासरीगंज रोड के कुमार




भवेश सिंह, सासाराम रोड के मो० समीम हुसैन, तेंदुनी के ओम प्रकाश शर्मा, प्रमिला देवी, राम नवमी सिंह, ज्योति निरंजन, संतोष साह, ढिबरा के भगवान सिंह, गोसाई मोहल्ला के बच्चु लाल गिरी, कृष्णा नगर के भगवानदास सिंह, गौतमनगर के अरविन्द ठाकुर, का नाम शामिल है। ऊक्त उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध कटने के बाद भी बकाया राशि जमा नही करने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के तहत नीलामवाद दायर किया जा रहा है। आगे बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि जो भी उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो सक्षम प्राधिकारी से किस्तीकरण कराने के पश्चात बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा करने के पश्चात विद्युत का उपभोग करे एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें।

# हथियारबंद बदमाशों ने शिक्षक को मारी गोली



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव स्थित डाकघर के समीप रविवार की दोपहर हथियारबंद बदमाशों ने बाइक सवार एक प्राइवेट शिक्षक को गोली मार दी। घायल उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर वार्ड नंबर 13 निवासी पिंटू सिंह का 23 वर्ष से पुत्र लवकुश कुमार सिंह है।लवकुश कुमार सिंह ने बताया कि पांच दिन पूर्व गांव के ही एक युवक द्वारा उसे बाइक से धक्का मार दिया था। उसके बाद उक्त युवक उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा। जिसके बाद उसने उक्त युवक को दो तमाचे मार दिया था। हालांकि उस दिन बाद खत्म हो गई थी। रविवार की दोपहर जब वह अपने भाई के साथ बधार से बाइक पर पीछे बैठकर वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान उक्त युवक अपने दो साथियों के साथ वहां आया और पीछे से उसे गोली मार दी। इससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए डीएम कोठी रोड स्थित इमरजेंसी हॉस्पिटल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।झगड़े के बाद ही उसने स्थानीय थाना में सनहा भी दर्ज कराया था। लेकिन सनहा देने के बाद पुलिस अभी कार्रवाई करने के बारे में सोच ही रही थी। तभी उक्त युवक ने इस घटना को अंजाम दे दिया। इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डा.प्रशांत सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में लगी है ,जो आरपार हो गई है। गोली लगने के कारण उसका खून काफी बह गया था। उसके डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है और ब्लड को सिक्योर कर दिया गया है।

# शाहिद जमील के सौ शे'र पुस्तक का हुआ विमोचन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** शाहिद जमील के सौ शे'र नामक पुस्तक का विमोचन रविवार को एक निजी हॉल में संपन्न हुआ। पुस्तक का विमोचन विमोचन लेखक नर्मदेश्वर, शाहिद जमील, सुहैल अख्तर सहसरामी, डॉ. एके अलवी, हकीम अनीस, अली हुसैन इदरीशी, एडवोकेट तौहिद आजम, असलम प्रवेज, प्रो. डॉ. हामीद कफील व सैययद ऐनुल आलम ने संयुक्त रूप से की। ये पहली पुस्तक है जिसका प्रकाशन उर्दू समेत देवनागरी व रोमन लीपी में हुआ है। किताब का प्रकाशन एजुकेशनल पब्लिशिंग हाउस दिल्ली द्वारा किया गया है। जबकि पुस्तक का संपादन सोहैल अख्तर सहसरामी ने किया है। किताब शाहिद जमील के छोटे भाई प्रो. हामिद काफील ने के नाम है। शाहिद जमील शायरी की दुनिया में एक चर्चित नाम हैं। इनके द्वारा लिखी गई कविताएं बिहार विद्यालय के उर्दू के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जा चुका है। जमील की शिक्षा एसपी जैन कॉलेज सासाराम से हुई है। उन्होंने 1969 से लेखन शुरू किया। 1970 से अबतक 10 पुस्तकें प्रकशित हो चुकी है। उन्होंने ग़जल, नज्म, रूबाई, बाल साहित्य, फिक्शन के अलावा दोहा, माहिया, कह-मुकरनी, गीत समीक्षा, 1983-1985 तक फिल्म गीत लेखन के साथ उर्दू साहित्यिक पत्रिका का भी संपादन कर चुके हैं। बिहार सरकार में अधिकारी रहते हुए उन्होंने शायरी को कभी नहीं छोड़ा। राजस्व विभाग में वे असिस्टेंट आईजी के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

# अमृत कलश यात्रा को पटना रवाना किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर ।** जय प्रकाश नारायण स्मारक रमना मैदान आरा से ,टाउन थाना, घंटा घर गोपाली चौंक, जेल रोड, दुर्गा मंदिर शिव गंज, सपना सिनेमा रोड होते हुए बाईं पास रोड से अमृत कलश यात्रा को पटना रवाना हुए।जिसका नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा भोजपुर जिलाध्यक्ष विभू जैन के साथ मेरा माट्टी मेरा देश कार्यक्रम प्रभारी युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित सिंह चन्द्रवंशी इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,आरा सासंद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री, आर के सिंह बडहारा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह भाजपा प्रदेश कार्य समिती सदस्य मेरा माट्टी मेरा देश जिला संयोजक राम दिनेश



यादव पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी तिरंगा झंडा दिखा के रवाना किये जिला मंत्री संतोष चन्द्रवंशी ,जिला महामंत्री पूनम कुशवाह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुर्यभान सिंह, की उक्त कार्यक्रम में समयानुसार आकर भोजपुर जिला के सातों विधान सभा में 32 मंडलों से अमृत कलश यात्रा ,मेरा मिट्टी-मेरा देश कार्यक्रम मे शामिल होकर रथ को आरा भोजपुर जिले से पटना के प्रदेश के हाथो में दिया जायेगा । मेरा मिट्टी- मेरा देश,भोजपुर, बिहार। जिसमे युवा मोर्चा भोजपुर 35 युवा के पदाधिकारी दिल्ली रवाना हुए । जिसमे जिलाध्यक्ष विभू जैन जिला महामंत्री अंकित सिंह चन्द्रवंशी जिला उपाध्यक्ष श्रवण राय, आदित्य सिंह आदि, मुकेश कुशवाह रवि केशरी जिला मंत्री राजीव कुमार कुमार प्रतीक जिला प्रवक्ता अंकित तिवारी अमलेश यादव, राजीव सिंह आई टी सेल संयोजक प्रतीक चन्द्रवंशी मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा ,प्रकाश कुमार, संजीत राय,रंजन सिंह, शैलेश सिंह, धर्मेन्द्र गुप्ता,धीरज सिंह, रनविजय प्रताप, पिन्टु कुशवाह,एंव सम्मानित कार्यकर्ता दिल्ली गए। जिसकी जनकारी मिडीया प्रभारी आरिहंत विजय जैन ने दिए।

### सदर अस्पताल के खामियां पर बिफरे डीएम



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी, रोहतास नवीन कुमार द्वारा सदर अस्पताल, सासाराम का औचक निरीक्षण किया गया। एवं मानकों के अनुरूप सेवा प्रदान करने तथा बेहतर रखरखाव एवं साफ -सफाई हेतु निदेशित किया गया। साथ ही कमियों को पाया जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। एवं तुरंत सारी खामियां को दुर कर उत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था देने का निर्देश दिया गया।

### आंगनबाड़ी सेविका की बेटी ने बीपीएससी में पायी सफलता



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर।** जिले के बिहिया प्रखंड के मझौली निवासी व आंगनबाड़ी सेविका बिन्दु देवी के एकलौटी पुत्री ज्योति कुमारी ने बिहार संयुक्त परीक्षा में पहला प्रयास में सफलता पाई। इससे गांव से लेकर जिला का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि ज्योति कुमारी शुरू से ही मेधावी छात्रा है। वे छह से दस तक बिहिया नवोदय विद्यालय में पढ़ाई की। तथा बीड़ी कॉलेज बिहिया से आईएसी, महिला कॉलेज से बीएसी कर पटना में तैयारी करती थी। दो भाईयों में एकलौटी बहन है। एक भाई जगदीशपुर पंचायती राज में जेई जबकि दुसरा भाई बीपीएससी का तैयारी करता है। मां गांव पर ही आंगनबाड़ी सेविका है। जबकि पिता हृदयानंद राम गांव किसान का काम करते हैं। ज्योति कुमारी अपना सफलता का श्रेय दादा हरिनारायण राम, पिता और भाई को देती है। दादा आरा समाहरणालय वरीय अधीक्षक से सेवानिवृत्त हुए हैं। ज्योति का परिवार मध्य वर्ग है। लेकिन पुत्री को पढ़ाकर सफलता का मंजिल पाना का चाहत था। जिससे गांव में खुशी की लहर है।

### नगर आयुक्त ने सफाई का लिया जायजा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** सासाराम शहर में नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल रविवार को शहर की साफ-सफाई का हाल जानने निकले। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 39 के आलमगंज, दलेलगंज, सागर और बारदरी आदि मुहल्लों के सफाई का जायजा लिया। लोगों से सफाई को लेकर फीडबैक भी लिया। जहां सफाई में लापरवाही को लेकर कर्मियों पर कार्रवाई की गई। वहीं रोड पर पानी बहा रहे मकान मालिकों और दुकानदारों पर 2800 रुपए का फाइन भी लगाया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि इन मुहल्लों से लगातार लोगों की सफाई को लेकर शिकायतें आ रही थी। उसी के आलोक में निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि सुपरवाइजर और सफाइकर्मियों की लापरवाही है। लोगों द्वारा भी गलत जगह डंपिंग की जाती है। इन सभी को हटाने का निर्देश सफाई प्रभारी को दिया गया है। सफाई एजेंसी को निर्देश दिया गया कि इन क्षेत्रों में नियमित रूप से कूड़ा उठाव करें। नगर आयुक्त ने कहा कि गलत जगह कूड़ा फेंकने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों से सहयोग की अपेक्षा है, कि कूड़ा गाड़ी में ही कचरा डालें। गाड़ी नहीं आने पर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

### सात दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा। भोजपुर।** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प),वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के हस्तशिल्प सेवा केंद्र पटना द्वारा सात दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है |कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) पटना के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि इस मेले में बिहार जात से विभिन्न जिलों से स्टॉल लगाया जा रहा है आकर्षक मोमबत्तियां, मिथिला पेंटिंग,ब्लॉक टिकुली प्रिंटिंग, एप्लीक,सुजनी, कार्पेट, ज्वेलरी, पेंटिंग एवं अन्य साजो सज्जा के समान उचित मुल्य पर उपलब्ध है | यह कार्यक्रम 4.11.2023 तक नागरी प्राचरणीपरिसर में आयोजित किया जाएगा | इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन आज किया जाएगा |

सम्मेलन | नोखा विधानसभा क्षेत्र का दलित स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया गया

# महादलित सम्मेलन में उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश और लालू पर जमकर बोला हमला

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज नगर के गांधी मैदान में राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ द्वारा नोखा विधानसभा क्षेत्र का दलित स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएलजेडी सुप्रीमो सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने दलितों व महादलितों को अपने अधिकार और प्रगति के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने एवं संगठित रहने के लिए प्रेरित किया।



उपेंद्र कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में कहा कि दलित समुदाय के लोग सतर्क रहें और अपने अधिकार प्राप्त करने के लिए सदा तत्पर रहें। उन्होंने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बीपीएससी में युवकों को नौकरी देने के बहाने उनके साथ छलावा कर रही है सीटेट व एसटेट डीएलएड या बीएड पास लोगों को नई नियम लागू कर उनके योग्यता पर संदेह कर रही है। इन्हें टेट की डिग्री प्राप्त करने के बाद उनकी बहाली हो जानी चाहिए थी। राजद के युवराज ने कहा था कि पहले केबिनेट की बैठक में दस लाख नौकरी देंगें आज स्थिति यह है कि कई कैबिनेट की बैठक हो गई लेकिन दस तो दूर एक का भी आंकड़ा पार नहीं किया। सब गोलमाल है। आपलोग सतर्क रहिए और अपने अधिकार को पहचानिए और इसे प्राप्त करने का हौसला रखिये। वहीं मंच पर उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी लोगों को संबोधित किया। सम्मेलन में अपने प्रिय नेता की बातों को सुनने के लिए काफी संख्या में दूर-दराज से लोग पहुंचे थे। सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिला व पुरुषों की भीड़ इकट्ठा हुए थी। मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल कुमार, रोहतास जिला संगठन प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष शुक्ल राम, प्रखण्ड अध्यक्ष अमित वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, राम परिखा सिंह, रवि कुमार गांधी, अजहरुल हक उर्फ चुन्ने खां, महेंद्र बैठा, रामजश कुशवाहा, देवानंद राम, गणेश कुमार राम, सुषमा देवी, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सासाराम लोकसभा सीट से पूर्व विधायक ललन पासवान को लोग कर रहे पसंद

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अमित दुबे, शिवसागर/रोहतास।** चेनारी विधानसभा के पूर्व विधायक सह जदयू के रहे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ललन पासवान ने जदयू पर गम्भीर आरोप लगाते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया है।उन्होंने कहा था कि जदयू पार्टी ललन सिंह के हाथों राजद के लिए बिक चुकी हैं।जिससे क्षेत्र में अपरहण,हत्या,खुलेआम शराब बिक्री की घटना बढ़ चुकी है।पूर्व विधायक ललन पासवान ने इसके अलावा भी कई सारे गम्भीर आरोप लगाते हुए जदयू से इस्तीफा देकर बीजेपी की सदस्यता ले लिया हैं।

**बीजेपी के सिम्बल से सासाराम लोकसभा सीट से आने का लगाए जा रहे कयास-** चेनारी पूर्व विधायक ललन पासवान बीजेपी का दामन तब थामे हैं जब लोकसभा चुनाव में 5 महीनों से भी कम वक्त बचा हुआ है।बीजेपी का दामन थामने के बाद लोग इन्हें सासाराम लोकसभा सीट से आने का काफी कयास लगा रहे है।पूर्व विधायक ललन पासवान चेनारी विधानसभा से 15 वर्षो से भी अधिक सेवा क्षेत्र वाशियो को विधायक के रूप में दे चुके हैं।यह अपने क्षेत्र में जमीनी स्तर के जुझारू व विकाशील नेता के नाम से भी काफी मशहूर है।जिसके कारण लोग इन्हें



अबकी बार सासाराम लोकसभा से सांसद के रूप में काफ़ी पसंद कर रहे हैं।एक सर्वे से पता चला था कि पूर्व विधायक ललन पासवान की पकड़ समाज के सभी वर्गो और सभी जातियों में इनकी अच्छी पकड़ हैं।वही पटना में बीजेपी के सदस्यता के कार्यक्रम में भी कार्यकर्ताओं ने भी दो ऐसे-ऐसे नारे लगा दिया था की जो बहुत कुछ बयान कर रहा है जहा कहा गया था की "सासाराम का सांसद कैसा हो पूर्व विधायक ललन पासवान जैसा हो" ,वही दूसरा नारा लगा की "सासाराम का कभी होगा विकास जब आएंगे सांसद रूप में पूर्व विधायक ललन पासवान" कार्यकर्ताओ द्वारा यह नारा लगाने के बाद अब सबकी नजर 2024 लोकसभा के लिए बीजीपी के सीट बटवारे पर टिकी हुई है।

## ख़ास ख़बर

### ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमुर)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड बरेज गांव के सामने से सोमवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे ट्रेक पर देख, आसपास के लोगों द्वारा थाना प्रशासन को सूचित किया गया। घटना के सूचना मिलते ही थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करते हुए गिरफ्त में लें अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं के लिए भेजा गया।मोहनियां थाना के ए एस आई उदय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, पंडित दीनदयाल-गया रेलखंड पर सोमवार को मोहनियां थाना क्षेत्र के बरेज गांव के सामने लगभग 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। शव रेलवे ट्रेक के दक्षिणी साइड में पोल संख्या 617/13A-15A के मध्य से बरामद हुआ।जिसकी सूचना वहां के स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी।सूचना मिलने के बाद पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिए।शव दो भागो में बट चुका है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था। पुलिस शव के शिनाख्त में जुटी हुई है।

### थाना प्रशासन द्वारा नशे में धुत्त एक शराबी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा(कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के सराय गांव से शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा कर रहें, एक शराबी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा शराब एवं शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में रविवार देर शाम थाना क्षेत्र के सराय गांव से सूचना मिला, की ग्रामवासी रिजवान अहमद पिता मैनुद्दीन अंसारी के द्वारा शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा किया जा रहा है। मौके पर पहुंची थाना प्रशासन द्वारा आरोपी को गिरफ्त में लिया गया। स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### 78 वर्षीय अधिवक्ता की मौत से अधिवक्ताओं में शोक, 31 अक्टूबर को किया जाएगा शोक सभा का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर**। सिविल कोर्ट भभुआं कैमूर के वरिष्ठ 78 वर्षीय अधिवक्ता के निधन से अधिवक्ताओं में शोक, 31 अक्टूबर को किया जाएगा शोक सभा का आयोजन। संदर्भ में जानकारी देते हुए अधिवक्ता संघ के पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय के द्वारा बताया गया, कि विगत 28 अक्टूबर को जिला अधिवक्ता संघ कैमूर भभुआ के वरीय अधिवक्ता 78 वर्षीय अर्जुन दुबे पिता स्वर्गीय वासुदेव दुबे ग्राम- चनकी, थाना- करमचट, जिला- कैमूर का निधन विगत 28 अक्टूबर को समय 5:30 बजे शाम में मुंबई के अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। निधन की खबर सुनते ही अधिवक्ताओं में शोक व्याप्त हो गया।अधिवक्ता अर्जुन दुबे जिला अधिवक्ता संघ कैमूर भभुआं में दिनांक 4 मई 1999 को जिलाअधिवक्ता संघ भभुआं कैमूर में सदस्य बने। अर्जुन दुबे का तबीयत कुछ दिन पहले से अस्वस्थ था।उनके दो पुत्र हैं जो मुंबई में ही अपना प्राइवेट बिजनेस करते हैं। जिनके द्वारा मुंबई में ही रखकर इलाज कराया जा रहा था।अधिवक्ता अर्जुन दुबे के निधन के समाचार मिलते हैं अधिवक्ताओं मे शोक व्याप्त हो गया। 31अक्टूबर सन को जिलाअधिवक्ता संघ भवन के सभागार में शोकसभा का आयोजन किया जाएगा।

### स्विफ्ट डिजायर कार के साथ गिरफ्तार पांच को पुलिस ने भेजा जेल




**दुर्गावती सदर**। उत्तर प्रदेश बिहार की सीमा पर स्थित एक स्विफ्ट डिजायर कार से गिरफ्तार 5 लोगों को दुर्गावती पुलिस ने मेडिकल कराए जाने के बाद आज जेल भेज दिया ।बता दे की रविवार को ये लोग कार में बैठे शराब के साथ गिरफ्तार हुए थे और सभी पांचो नशे की हालत में धुत थे। गिरफ्तार व्यक्तियों में मंगला प्रसाद रामनगर थाना मेजा ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह गाड़ी चालक सिरोसार थाना कोराव हिमांशु श्रीवास्तव ग्राम थाना मेजा मनोज कुमार पटेल ग्राम समोगरा थाना मेजा प्रदीप कुमार पांडे ग्राम गोनदौरा थाना मेजारा सभी जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश के बताए जाते हैं।दुर्गावती पुलिस ने इस मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज इन लोगों के विषय में जानकारी जुटने में जुट गई कहीं इन सबका अपराधिक रिकॉर्ड तो इन लोगों के संबंधित थानों में दर्ज तो नहीं है।

# 'शिक्षक लाइब्रेरी को गोद लें, शिक्षा का दान करें, इससे बड़ा पुण्य और कुछ नहीं"

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।बैठक में आईआरएडी, कम्युनिटी लाइब्रेरी, एल्डर्स क्लब, कॉमन सर्विस सेंटर, झारसेवा, आधार, स्कूल कास्ट सर्टिफिकेट, यूआईडीएआइ, मोबाइल टॉवर, नेक्स्टजैन, ई हॉस्पिटल, एनआईसी सहित अन्य के द्वारा कार्यान्वित कार्यों की समीक्षा हेतु की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी सीएससी केंद्रों में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन आदि से संबंधित स्थिति की जानकारी ली, साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कर रहें हैं उसका प्रतिवेदन हमेशा अद्यतन रखें। उन्होंने सभी प्रज्ञा केन्द्रों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा केंद्र में आने वाले लोगों से निर्धारित सेवा शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के शुल्क नहीं लिए जाएं, इसे सुनिश्चित करें। अगर ऐसी सूचना मिलती है संबंधित प्रज्ञा केंद्र के संचालकों पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बताया गया कि जिले में ग्रामवार



1161 सीएससी का लक्ष्य है, जिसके स्थान पर अब तक 1090 गांवों को सीएससी से कवरेज किया गया है।इसके अलावा बैठक में उपायुक्त द्वारा समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत दिए गए लक्ष्य की समीक्षा कर शत प्रतिशत प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बताया गया कि जिले में कुल लक्ष्य 7 लाख 59 हजार 435 के विरुद्ध 3 लाख 38 हजार 643 लाभुकों का कार्ड बन चुका है, जबकि बड़ी संख्या में यह लंबित है, जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा स्कूल कास्ट सर्टिफिकेट को लेकर धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जाहिर किया गया एवं आपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। वहीं बताया गया कि कुल 74348 फॉर्म बीआरसी से अंचल में प्राप्त हुए एवं राजस्व कर्मचारी द्वारा 55418 आवेदनों का वेरिफिकेशन किया गया जबकि 17363 फॉर्म में कतिपय त्रुटि के कारण इसे रद्द करते हुए बीआरसी को वापस कर दिया है, अंचल स्तर पर 2362 आवेदन लंबित हैं, जिसका निष्पादन शीघ्र करने के साथ ही उपायुक्त ने रिजेक्शन को दूर करवाते हुए शत प्रतिशत बच्चों के कास्ट सर्टिफिकेट को बनवाने का निर्देश दिया। वहीं समीक्षा के दौरान नेक्स्ट जेन ई अस्पताल संचालन की जानकारी ली एवं बताया गया कि अब तक कुल 3760 मरीजों के द्वारा निबंधन कराया गया। यह अस्पताल 24 घंटे कार्यरत है, इसमें ऑनलाइन फार्मेसी, ऑनलाइन टेस्ट आदि की सुविधा दी गई है।वहीं बताया गया कि आईआरएडी पोर्टल पर ससमय सड़क दुर्घटना से जुड़े आंकड़ों का प्रविष्टि एवं विभिन्न स्टेक होल्डर के द्वारा उसका निष्पादन किया जा रहा है। वहीं उपायुक्त ने जिले के सभी 118 पंचायतों में संचालित सामुदायिक पुस्तकालय एवं प्रखंडों में संचालित एल्डर्स क्लब के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त ने दोनो के सुचारू रूप से संचालन पर जोर दिया। उन्होंने जिले के पदाधिकारियों को नियमित रूप से नजदीकी सामुदायिक पुस्तकालय में जाकर किसी एक विषय पर बच्चों को शिक्षा देने एवं इसकी सूचना को लाइब्रेरी के वेबसाइट पर भी अद्यतन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समाज सुधरेगा तभी सुधार दिखेगा। उन्होंने जिले के शिक्षकों से भी अपील करते हुए कहा कि लाइब्रेरी को गोद लें, शिक्षा का दान करें, इससे बड़ा पुण्य और कुछ नहीं हो सकता है, छात्रों का भविष्य सुधरे एवं जिले का स्वच्छ छवि हो। उन्होंने एल्डर्स क्लब में सभी पदाधिकारियों को जाकर बुजुर्गों की समस्याओं को सुनने एवं निष्पादन का निर्देश दिया साथ ही उनके नियमित स्वास्थ्य जांच आदि बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता सुरेंद्र कुमार,जिला परिवहन पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा,जिला शिक्षा अधिक्षक दीपक राम, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय परासर,भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पीडब्ल्यूडी विजय अग्रवाल, एलडीएम राजेश कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बिरजू राम, राजीव कुमार, ई मैनेजर सलिल कुमार,उतप्ल दे सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### टोड़ी पंचायत में किया गया जनसंवाद कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ**। भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के टोड़ी पंचायत भवन के प्रांगण में जनसंवाद कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला तथा प्रखंड के पदाधिकारी ने भाग लिया इस अवसर पर टोड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने जनसंवाद कार्यक्रम का लाभ उठाया। एसडीम विजय कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में डीसीएलआर अनुपम सिंह भगवानपुर थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद अंचल अधिकारी विनोद कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकित मिश्रा बाल विकास प्रखंड पदाधिकारी सुरेंद्र गिलानी चिकित्सा पदाधिकारी संजीव कुमार पंचायती राज पदाधिकारी सुरेंद्र पाल सिंह टोड़ी पंचायत मुखिया कमलेश शर्मा बी डी सी प्रतिनिधि मोती राम सरपंच महबूब अंसारी समाज सेवी मृगेंद्र प्रताप सिंह जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे। तथा जिला से आए पदाधिकारी को माला फूल अंग वस्त्र पहनकर तथा गुलदस्ता देकर बारी-बारी से सभी लोगों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पंचायत से पुरुष महिला बच्चे सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया। जन संवाद कार्यक्रम में जिला से आए पदाधिकारी ने बिहार सरकार के चलाए जा रहे जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया। सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विभाग में चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में ग्रामीण जनता को बताया तथा उसकी लाभ देने का तरीका बताया।

### नाला सीएचसी में सहिया साथी की मासिक बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा**। नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पल्स पोलियो तथा आईएफए को लेकर मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि 10 दिसंबर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम शुभारंभ किया जाना इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी सहियासाथी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वहीं आईएफए कार्यक्रम को लेकर भी बताया गया कि 6 माह से 59 माह के बच्चे को सप्ताह में दो बार सिरप देना है वहीं निर्धारित आयु वर्ग के बच्चे का ड्यू लिस्ट जमा किया गया इसके अलावा एचबीएनसी एचबीवाईसी की समीक्षा की गई साथ ही सहिया का मासिक प्रतिवेदन जमा लिया गया। इसके अलावा सहियासाथी की मासिक प्रतिवेदन जमा लिया गया । इस अवसर पर बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, संघनक गयासुद्दीन अंजाम, लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा, बीटीटी अंजू माजी, बीटीटी प्रदीप कर, सहिया साथी दासी मुनि हांसदा, बबीता भुई,मंजू मरांडी ,सरस्वती गोराई, बनालता घोष भादु पातर,रूपाली सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# अचानक आग लगने से लाखों का समान जल कर हुआ राख



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता। (कैमूर)**। भगवानपुर थाना अंतर्गत रामगढ़ पंचायत के पडरी पतलोईया गांव मे अचानक आग लगने से लाखों रुपए का समान जलकर राख हो गया आग लगने के समय घर में सारे परिवार खेत में काम करने के लिए चले गए थे। घर में एक बूढ़ी माता ने बाहर बैठी हुई थी और बगल में कुछ गांव के बच्चे खेल रहे थे। तभी आग लग गया और घर का समान जलने लगा। घर में बैठी बूढ़ी माता के सामने सारा सामान धू धू कर जल गया आग लगने की जानकारी गांव में पहुंचा गांव के सारे लोग इकट्ठा होने में सब सामान जल गया कुछ भी नही बचा जहा बसंत शर्मा, राम आशीष शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा ,जलने की खबर सुन कर खेत से दौड़े दौड़े आए तब तक सारे सामान जलकर राख हो गाया घर के जलने वाले सामानो में से दो मोटरसाइकिल, चावल, गेहूं, चना, सरसों, पूरे परिवार का कपड़ा, चारपाई, सिलाई मशीन, वेल्डिंग मशीन, और 8500 सौ नगद रुपया जल गया जहां जलने की खबर सुन कर रामगढ़ पंचायत के बीडीसी बिंदलाल पासी ने पहुंचकर दुख व्यक्त करते हुए हर संभव सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधा को दिलाने का भरोसा दिलाया

## अस्सी साल का अपाहिज बुजुर्ग कबाड बेचकर चलाता है अपनी और पत्नी का भोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर( कैमूर)**। प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत निबिया गांव का अस्सी वर्षीय महंगू राम पिता स्वर्गीय रामधनी राम जो की पैर से अपाहिज। है। कबाड्ड खरीद बिक्री कर चलाता है। अपनी और अपनी पत्नी का भोजन। ऐसे लोगों का भी सरकारी कर्मियों द्वारा मार लिया जाता है। हक अपाहिज बुजुर्ग का देखने मे 80 साल के ऊपर उम्र समझ में आ रहा है। और यह इतना कमजोर है की सीधा से खड़ा भी नहीं हो सकता हैं। ग है। चुनाव के समय अक्सर पार्टी के नेताओं के सभाओं में सुना जाय तो लगता है। की गरीबों के प्रती कितना हमदर्दी दिखाते है। जीवन भर गरीबी पे ही बात होते रहता है। वही अस्थल पर देखा जाए तो सुन्य सा दिखता है। बुजुर्ग के द्वारा बताया गाय की दिन भर कबाड्ड चुनते हैं। और भगवानपुर में कबाड्ड बेचकर अपना भोजन पानी चलाते हैं। उन्होंने कहा की जब कभी बीमार पड़ जाते है तो भोजन करना बड़ा ही मुश्किल हो जाता है।एक लड़का है। जो कि साधु हो गया है। संवाददाता से वार्तालाप के क्रम में महंगू राम के आंखों से आंसू छलक गया और रोने लगे। बोले कि बेटा हम लोगो को जो राशन मिलता है। वो भी कभी मिलता है और कभी नही मिलता है। अगर धरातल पे देखा जाए तो , ऐसे गरीब लाचार बुजुर्गों का भी हक मार लिया जाता है। जो की अत्यंत गरीब व्यक्ति है। लेकिन बुढ़ापे में भी लगड़ाते हुए काम करके खा रहे है। उन्होंने बताया अपने हक के लिए अनेको बार प्रखंड में गए लेकिन किसी भी अधिकारी के द्वारा हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

### श्रम, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग का समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। सोमवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में आज श्रम, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग का समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला नियोजन कार्यालय में निबंधित युवाओं की संख्या, 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार, रोजगार मेला का आयोजन, निबंधित श्रमिकों, उनको मिलने वाले लाभ, असंगठित कर्मकार के अलावा कौशल विभाग के तहत युवाओं के कौशल को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे कार्यों, बिरसा योजना एवं कैरियर काउंसलिंग आदि की जानकारी ली।उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान पाया कि जिले में कुल 19027 पंजीकृत युवा हैं। इसके अलावा बताया गया कि जिले में कुल 38 कंपनी झार नियोजन पोर्टल पर पंजीकृत है, जिसमें 89.44 प्रतिशत एम्प्लॉय स्थानीय हैं। उपायुक्त ने कहा कि नियोक्ता के साथ समय समय पर वर्कशॉप का आयोजन करते रहें एवं स्थानीय को रोजगार में दिए जाने वाले आरक्षण का पालन हो सके। वहीं रोजगार मेला को लेकर बताया गया कि इस वर्ष 02 रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें 532 युवाओं को विभिन्न कंपनियों के द्वारा जॉब ऑफर किया गया। वहीं माह नवंबर के द्वितीय सप्ताह में रोजगार मेला का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। वहीं स्किल डेवलपमेंट को लेकर उपायुक्त ने कहा कि कुछ नया प्लान करिए, नए नए ट्रेड को लाइए जिसे सीखकर युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि सोलर सिस्टम मेंटेंस, ग्रीन एनर्जी आदि में व्यापक संभावनाएं हैं ऐसे में इन कार्यों में दक्ष कर्मियों की आवश्यकता है, ऐसे ट्रेड में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करें। लोगों को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण करवाएं, इस प्रकार के ट्रेड को शामिल करें एवं उसे लोकप्रिय बनाएं। हमारा उद्देश्य है कि यहां के युवाओं को हुनरमंद बनाना है, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। वहीं बताया गया कि विभिन्न ट्रेड में जिले के 02 प्रशिक्षण संस्थान में 2005 को प्रशिक्षित किया गया है। वहीं बिरसा (ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्विस्शन) योजना के तहत कुंडहित, नाला एवं नारायणपुर में प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।इसके अलावा श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने शत प्रतिशत मजदूरों का ई श्रम कार्ड बनाने का निर्देश दिया। वहीं असंगठित मजदूरों का बीमा करवाने के अलावा निबंधित लाभुकों को मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं के लाभ को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।मौके पर जिला नियोजन सह कौशल पदाधिकारी विनोद कुमार,कुलदीप कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## "सम्राट अशोक स्तंभ" का उद्घाटन 05 नवंबर 2023 को हुँकारगंज हूँडरी में

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**। सम्राट अशोक क्लब,भरत की प्रेरणा से ग्रामीण शाखा- हुँकारगंज (हूँडरी)में राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह "सम्राट अशोक स्तंभ" का स्थापना किया है जिसका उद्घाटन समारोह करने के लिए हुँकारगंज (हूँडरी) के सभी ग्रामीणों ने कल बैठक किया । बैठक की अध्यक्षता सम्राट अशोक क्लब ,ग्रामीण शाखा- हुंकारगंज (हूँडरी) के अध्यक्ष सम्मानित माननीय अखिलेश मौर्य ने किया । आम बैठक में निर्णय लिया गया कि 05 नवंबर 2023 दिन रविवार (शाक्य सम्मत 2586) के दिन सम्राट अशोक स्तम्भ का उद्घाटन किया जाएगा । कैमूर जिला के सभी प्रखण्डों के लोगों से अपील करते हैं कि आप सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह "सम्राट अशोक स्तम्भ" के उद्घाटन समारोह में भाग ले ।



**उद्घाटनकर्ता** :- सम्राट अशोक क्लब भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशस्वी माननीय डॉ० दीनानाथ मौर्य,एवं क्लब के राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय डॉ० सच्चिदानंद मौर्य के कर कमल द्वारा संपन्न किया जाएगा । कार्यक्रम का दिशा निर्देशन सम्राट अशोक क्लब, बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष मा० सिद्धनाथ मौर्य जी के द्वारा किया जाएगा । उद्घाटन समारोह में क्लब के राष्ट्रीय महाप्रबंधक मा० डॉ० आर पी मौर्य,विहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष माननीय ई० भीष्म कुमार, मा० बिरेन्द्र कुशवाहा ( सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग बिहार) और ग्राम पंचायत खरेंदा के मुखिया दीपक कुमार की गरिमा में उपस्थित रहेगी। सभी ग्रामीणों ने सर्व समिति के साथ बैठक किया बैठक में राम आशीष शर्मा, संजय पासवान ,मोहन राम, राजू बिन्द, अयोध्या शर्मा, चंद्रमा पाल , चंद्रशेखर मौर्य के साथ साथ कई अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित हुए । बैठक का संचालन अखिलेश कुमार मौर्य ने किया।

**जनसंवाद** प्रचार यात्रा के दौरान दुर्गावती प्रखंड के खामीदौरा पंचायत में सरकार के द्वारा चलाई जा रही यात्रा का पड़ाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

# खामीदौरा पंचायत में किया गया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दुर्गावती सदर**। जनसंवाद का मतलब सीधा जनता से बातचीत और जनता के समस्याओं का तत्काल निवारण लेकिन आज परिवेश में जन संवाद यात्रा पूरी तरह से सरकार की प्रचार यात्रा के रूप में बदल गई है। इसी प्रचार यात्रा के दौरान दुर्गावती प्रखंड के खामीदौरा पंचायत में सरकार के द्वारा चलाई जा रही यात्रा का पड़ाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिला के द्वारा चलाए जा रहे हैं प्रथम जिला प्राधिकारी के अभियान में जो ग्रामीणों का उत्साह था और जो लालसा और मनोभाव था उसका लगता है प्रभाव नहीं पड़ने से जनता का मोह पूरी तरह से भंग हो गया है।इन दिनों सरकार की योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंचायत क्षेत्रों में प्रशासन का जनसंवाद कार्यक्रम लगातार जारी है जिसके तहत सोमवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के खामीदौरा पंचायत में भी जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसंवाद में



पहुंची प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋचा मिश्रा को मुखिया मुन्नी देवी द्वारा गुलदस्ता व पुष्पमाला देकर सम्मानित किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पचायत के महिला पुरुष ग्रामिण मौजूद रहे ।कार्यक्रम के दौरान बीडीओ द्वारा उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई । इस दौरान मौजूद प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमृतेश कुमार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न तरह की लाभकारी आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित उद्यमी योजना आदि विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की बात भी कही। वहीं ग्रामीणों ने अपनी समस्याओ से भी पदाधिकारियों को अवगत कराया।इसके अलावा प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर शान्ती कुमार माझी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देते हुए जानकारी दी गई तो प्रखंड कृषि पदाधिकारी कन्हैया सिंह द्वारा किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।इस दौरान जनसंवाद यात्रा में राजस्व पदाधिकारी शिवांगी पाठक द्वारा भूमि संबंधित विषयों की जानकारी दी गई तो वही मौके पर मौजूद प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आशिफ आनंद द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही है योजनाओं पर प्रकाश डाला गया इस मौके पर विकास मित्र माधव विकास मित्र माधवी कुमारी, पंचायत सचिव अमरेश पासवान,पंचायत समिति सदस्य नुतन यादव, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष चंद्र श्रीवास्तव बीसीएम आशुतोष कुमार प्रभाकर , मुखिया प्रतिनिधि मनोज साह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय टोड़ी का रहा शानदार प्रदर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ**। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन कैमूर के संयुक्त तत्वाधान में- प्लस टू हाई स्कूल भभुआ के खेल मैदान में हो रहे तीन दिवसीय खो- खो प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी, भगवानपुर के छात्राओं के द्वारा खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। खो- खो अंडर 14 बालक और बालिका विजेता,अंडर 17 बालक उप-विजेता, अंदर-19 बालक और बालिका की खो-खो टीम ने विजेता होकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की ।इस प्रकार से खो- खो प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी,भगवानपुर को ओवर आल चैंपियनशिप घोषित किया गया, बैडमिंटन में प्रिया कुमारी और लम्बी कूद में अंजू कुमारी द्वितीय स्थान,योग में संतरा कुमारी, प्रिती कुमारी,शिवानी कुमारी,सुकमीना कुमारी, अजमेरी खातून, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विधायक का नाम रौशन किया।आज उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी के प्रांगण में काफी हर्षोउल्लास का माहौल दिखा, छात्रों के साथ-साथ सभी शिक्षकों एवं अभिभावक गण भी खुशी से झूम उठे, वही सभी विजेता खिलाड़ियों -ममता कुमारी, रिया कुमारी, राधिका कुमारी,कृष्ण कुमार, प्रेमलाल, बाली कुमार,शुभम ,रोशन ,मनीष , पंकज कु पान्डे,नासरीन खातून, को विद्यालय के प्रधानाध्यापक दरोगा शाह के द्वारा मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, और टीम कोच- दिलीप कुमार राम, प्रीतम कुमार, हामिद अंसारी, के साथ-साथ शारीरिक शिक्षक उमेश



प्रसाद को भी बधाई दिए।इस जीत का श्रेय सभी छात्रों ने अपने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं स्वास्थ्य अनुदेशक उमेश प्रसाद को देते हुए, कहा कि हमारे विद्यालय में जब से शारीरिक शिक्षक आयें हैं हमलोग के खेल-कूद में चार चांद लग गया है,और खेल कूद में हम लोगों का भविष्य उज्जवल दिखाई देने लगा है, वहीं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक उमेश प्रसाद ने बताया कि- पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है, खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, और खेल के द्वारा बच्चों में नेतृत्व करने की क्षमता, एकता और अनुशासन का विकास होता है। इस मौके पर विद्यालय के सदस्य मृगेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक दरोगा साह, दिनेश सिंह, राम नगीना पाल, विकेन्द्र सिंह,उमेश प्रसाद,सुनिल प्रसाद, सोनू कुमार शर्मा,रिंकी कुमारी, श्वेता कुमारी, पूनम कुमारी,उदल सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी ,नेहा यादव के साथ-साथ समस्त शिक्षक गण एवं अभिभावक गण भी उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### 35 से बढ़कर 70 रुपया प्रति किलो हुआ प्याज



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** मौसम में घुलती ठंड के बीच प्याज की मांग बढ़ी तो इसका रेट भी आसमान छूने लगा। सिर्फ दस दिनों में यह 35 से बढ़ कर 70 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गया। देशभर में प्याज की कीमतों को लेकर महंगाई का बाजार इस कदर तेज हुआ कि मुहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर, जखनियां, जंगीपुर में प्याज की कीमते आसमान छूती नजर आई। महज 10 दिन में प्याज के भाव दोगुना होने से आम आदमी की जेब पर भी बुरा असर डाल रहे है। रविवार को गांव से लेकर शहर तक के बाजारों में यह भाव लोगों के माथे पर पसीना लाता रहा। प्याज के रेट में इस तरह से वृद्धि रसोई का बजट प्रभावित कर रहा तो इसमें बिचौलियों के खेल को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ठंड बढ़ने और लगनी सीजन शुरू होने के साथ प्याज की मांग और बढ़ेगी। इसे देखते हुए प्याज डंप किया जा रहा है। वाराणसी के पहड़िया मंडी में अचानक आवक में आई कमी को भी इससे ही जोड़ कर देखा जा रहा है। कारण यह कि पहले जहां मंडी में रोजाना 10 ट्रक से अधिक प्याज की आवक होती थी अब अचानक एक-दो ट्रक ही रह गई है। बाजार पर कुछ बिचौलियों के नियंत्रण के कारण आम लोगों को महंगी प्याज खरीदनी पड़ रही है।

### न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय, गाजीपुर।** मरदह, न्याय पंचायत सुलेमपुर देवकली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय महाहर के प्रांगण में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मां सरस्वती जी का माल्यार्पण व पूजन कर प्रारंभ किया गया। सभी अध्यापकों का बैज लगाकर सम्मान किया गया और खेल कूद प्रारंभ हुआ। खेलकूद में खो खो, डिस्क थ्रो, लम्बी कूद, ऊंची कूद ,योगा,व सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी अपनी प्रतिभा को दिखाये। प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग लम्बी कूद में सुन्दरम् राजभर प्रथम प्राथमिक विद्यालय महाहर, विपिन द्वितीय प्राथमिक विद्यालय गोविन्दपुर 2,मन्टू राजभर तृतीय स्थान प्राथमिक विद्यालय बदवलिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालक वर्ग में सत्यम चौहान ,गोलू राजभर, अनुराग गिरी प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान पूर्व माध्यमिक विद्यालय महाहर के बच्चों ने अपना दमखम दिखाया।बालिका वर्ग में अंशिका, खुशी,प्रथम व तृतीय स्थान प्राथमिक विद्यालय सरायमुबारक व मधु प्राथमिक विद्यालय महाहर की बच्ची ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया,खो खो में बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय कछुहरा,व प्राथमिक विद्यालय महाहर के बच्चों ने अपना स्थान बनाया, दौड़ में बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नंदनी व लाडली प्रथम व तृतीय स्थान प्राथमिक विद्यालय साधोपुर व रेशमी द्वितीय स्थान प्राथमिक विद्यालय बदवलिया,200 मीटर दौड़ में सत्यम चौहान पूर्व माध्यमिक विद्यालय महाहर,400मीटर दौड़ में अजय यादव कम्पोजिट विद्यालय धरमपुरा के बच्चे ने अपना स्थान बनाया,गोला फेंक में अनुराग गिरी ने अपना स्थान बनाया। इसी क्रम में सभी विद्यालयों के बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा को दिखाए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अंत में बच्चों को प्रस्तुत कर सम्मान दिया गया वह सभी विद्यालय के अध्यापकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में जवाहर राजभर, महेंद्र सिंह यादव, भोलानाथ सिंह , जयराम सिंह अक्षय कुमार सुरेंद्र राम मुनीलाल कनौजिया धनंजय सिंह अभिषेक सिंह व सभी अध्यापक उपस्थित रहे। अंत में बच्चों को पुरस्कार देकर उनके हौसले को बढ़ाया गया।

### नया पंचायत इंदौर में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद हुआ सम्पन्न



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह।** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज कम्पोजिट विद्यालय इन्दौर के प्रांगण में हुआ कार्यक्रम का शुरुआत कंपोजिट विद्यालय इंदौर के टोटल शिक्षक अजय कुमार त्रिपाठी जी के द्वारा मां सरस्वती की वंदना पूजन वह माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया, खेलकूद में न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए अपना अपना स्थान प्राप्त किया, खेलकूद प्रतियोगिता में100व200 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय इंदौर की बालिका अफिफा ने अपना वर्चस्व बनाए रखा, बालक वर्ग में 100 व 200 मीटर की दौड़ में शुभम ने अपना स्थान बनाए रखा, लंबी कूद में भी बालिका वर्ग में अफीफा ने अपना प्रथम स्थान लाया वह बालक वर्ग में अभिषेक ने प्रथम स्थान लाया, सभी बच्चों ने अपनी-अपने प्रतिभा को दिखाए अंत में प्रथम पद्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दे करके सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापक अमरनाथ राम, दीनानाथ राम, उदराज मौर्य, दीनदयाल त्रिपाठी, राकेश यादव, रामविलास, अशोक कुमार और प्रदीप कुशवाहा जी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# हर्षोल्लास के साथ मना ज्ञान शिखा टाइम्स का पांचवा स्थापना दिवस



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में गरीब,पिछड़े, वंचित लोगों तक पहुंचाने के लिए अगर एक माध्यम है ,तो वह मीडिया है जिससे सरकार व प्रदेश सरकार के सभी लाभांवित योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है ,लेकिन फिर भी कुछ ऐसे वंचित पिछड़े तबके वर्ग के लोग है ,जो आज भी सरकार की विभिन्न योजनाओं की मुख्य धारा से वंचित है जिसके लिए अगर कोई आवाज उठाता है, तो वह एक समाजसेवी, नेता या पत्रकार होता है जो उनके हक अधिकार के लिए सरकार तक उनकी बातें पहुंचने का प्रयास करता है , आज की मीडिया को लेकर के कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं जिसमें यह कहा कि जा रहा है कि आज के दौर में खबरें जिस हिसाब से छपती हैं पहले बिक जाती हैं तब छपती है ,एक पहले का दौरा हुआ करता था खबरें छपती थी, तब बिकती थी,लोग बड़ी उत्सुकता और गहनता से उसे पर विचार करते थे मंथन करते थे खबर पढ़ते ही लोगों के मन में एक क्रांति उत्पन्न हो जाती थी और एक खबर से लोगों में आंदोलन करने तक आत्मविश्वास उभर के आता था लेकिन दौर बदलते रहते हैं। यह सारी बातें उस समय हुई जब गाजीपुर के जिला पंचायत सभागार में जिले के एक-एक कोने गांव गलियों से पत्रकारों का एक बड़ा हुजूम जुटा हुआ था और ज्ञान शिखा टाइम्स का पांचवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा था सभी लोगों ने आज के दौर की पत्रकारिता पर मंथन किया और विचार किया मूलभूत पत्रकार के जो कार्य हैं समाज में करना चाहिए क्योंकि मीडिया ही एक ऐसा लोगों का भरोसा है एक माध्यम है जो हमारी बातें को सरकार तक पहुंचाने के लिए कार्य करती है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर .बी सिंह ने बताया कि गांव गलियों की खबरों को बड़े चैनल या बड़े स्तर के अखबार नहीं छापना चाहते हैं बस केवल वह यह दिखाते हैं प्रधानमंत्री मोदी का दौरा बड़े-बड़े शहरों में हुआ और बड़े-बड़े लोगों से मिलना हुआ लेकिन वह चैनल यह नहीं दिखाते हैं कि कोई गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही है ,उसकी खबरों को नहीं चाहते हैं और उनकी खबर इस कदर होती है की पन्नों में बड़े पैमाने पर विज्ञापन लगा होता है अगर गांव की गलियों में हर छोटी बड़ी खबरें आज दिखाई दे रही हैं तो उन तमाम छोटे अखबारों की देन है हर खबरें हमारे और आपके बीच में पहुंच रही हैं कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत ज्ञान शिखा परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन ज्ञानशिखा टाइम के ब्यूरो धर्मेंद्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर पत्रकार शशिकांत तिवारी, विनीत दूबे, आलोक त्रिपाठी, सूर्यवीर सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अनिल कुमार, अमित उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, पुनीत त्रिपाठी, आदित्य कुमार, इत्यादि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह का ददरी घाट मंदिर पर होगा भव्य आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** श्री चित्रगुप्त वंशीय सभा, ददरी घाट,गाजीपुर के तत्वाधान में संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों की एक विशेष बैठक संस्था के ददरी घाट, गाजीपुर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। इसमें आगामी 15 नवंबर को भैया दूज के दिन श्री चित्रगुप्त भगवान का वार्षिक पूजनोत्सव और परंपरागत तरीके से मनाए जाने वाले सार्वजनिक श्री चित्रगुप्त पूजन समारोह को स्थानीय मंदिर परिसर में मनाए जाने पर विचार विमर्श कर तय हुआ कि इस बार की भी पूजा भव्य तरीके से की जाएगी। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति पूजा – अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी आनंद शंकर श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, प्रमोद सिन्हा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, विभोर श्रीवास्तव ,भूपेंद्र श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव ,प्यारे मोहन, मनोज उर्फ राजू ,आनंद वर्मा ,पंकज श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे। इसकी जानकारी संस्था के "मंत्री" अजय श्रीवास्तव "अधिवक्ता" ने दी।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख चंदा यादव बनी यादव महासभा गाजीपुर के जिला महामंत्री



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य जिले मार्गदर्शक पूर्व डीआइजी श्री बलिकरन यादव जिला सँरक्षक श्री राम नगीना यादव और जिलाध्यक्ष श्री सुजीत यादव ने आज मुहम्मदाबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती चन्दा यादव को यादव महासभा गाजीपुर के जिला महामंत्री पद का दायित्व सौपा साथ ही प्रदेशाध्यक्ष द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र भी दिया जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने माला पहनाकर चन्दा यादव को सम्मानित किया साथ में बताया कि चन्दा यादव समाज मे अनेकों पद पर रहते हुए समाज की सेवा कर रही है उंन्होने ने , पूर्व ब्लाक प्रमुख , पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुकी है वर्तमान में किसान सभा की जिलाध्यक्ष , महिला संघ उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष , रसोइया संघ उत्तर प्रदेश की सयोजिका की जिम्मेदारी निभा रही है अब अपने यादव समाज मे भाई चारे एकता के लिए जिले की महामंत्री पद की कमान संभालेगी इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमख नवनियुक्त जिला महामंत्री चन्दा यादव ने आये हुए सभी यादव महासभा प्रतिनिधि मंडल सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया और बताया कि ये जिम्मेदारी में निष्ठा से निभाऊंगी हमारा समाज मजबूत हो दहेज मुक्त हो रोटी बेटी का नाता हो सब पढ़े लिखे ये मेरा एजेंडा रहेगा।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान

# कुपोषित क्षय रोगियों को गोद लेने की शुरुआत

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएम-टीबीएमबीए) के अंतर्गत जनपद में कुपोषित क्षय रोगियों को गोद लेने की शुरुआत की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि शासन की ओर से मिले निर्देश के क्रम में जिले में मौजूद वर्तमान कुपोषित क्षय रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इसके लिए जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर बाडी मास इंडेक्स (बी०एम०आई०) की मापने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बीएमआई की गणना करते हुये 18 किलो ग्राम प्रति वर्ग मीटर से कम वाले रोगियों को अभियान के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से गोद लेकर पोषण पोटली दिलाने तथा छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से अतिरिक्त पोषण सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुपोषण और क्षय रोग का सीधा संबंध होता है। टीबी रोगियों को बेहतर प्रोटीन युक्त आहार न मिल पाने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है। लगातार वजन में भी कमी होती है। इस वजह से वह कुपोषण की स्थिति में भी आ सकता है। इसलिए कोई भी टीबी रोगी गंभीर स्थिति में न पहुंचे, इसके लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि नोटिफिकेशन अधिक होने के साथ ही रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार पूरा करना भी आवश्यक है। वर्तमान में जनपद का टीबी सक्सेस रेट 00 प्रतिशत है। दूसरी ओर वर्तमान में 2962 क्षय रोगी उपचार पर हैं। जनपद में निक्षय मित्रों की संख्या 2246 है। उपचारित रोगियों में से 2246 क्षय रोगियों को निक्षय मित्रों द्वारा गोद लिया जा चुका है। इसमें 14 वर्ष तक के 117 और 14 वर्ष से अधिक के 2129 टीबी रोगी शामिल हैं। शेष टीबी रोगियों के गोद लिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। यह सभी क्षय रोगी निक्षय मित्रों से जुड़े हुये हैं। उन्होंने बताया कि सितम्बर 2023 के द लैसेंट जरनल में प्रकाशित लेख "न्यूट्रीशनल सपोर्ट फॉर एडल्ट विथ माइक्रो बायोलोजिकली कन्फ़र्म्ड पल्मोनरी टीबी आउटकम्स इन अ प्रोपोर्शन कोहार्ट नेस्टेड विथ-इन राशन ट्राइल इन झारखंड, इंडिया" के अनुसार वयस्क पुरुषों में 42 किग्रा तथा वयस्क स्त्रियों में 36 किग्रा वजन होना कुपोषण को इंगित करता है। यदि इन रोगियों को प्राथमिकता पर निक्षय पोषण योजना का लाभ प्रदान किया जाए तथा सामुदायिक सहायता यानि गोद लिया जाए तो उन्हें सफतापूर्वक उपचारित किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि जनपद में क्षय रोगियों की डायग्नोसिस (निदान) होने के उपरान्त उन्हें तीन दिनों के भीतर ही क्षय रोगी की बीएमआई कराई जाएगी। एक सप्ताह के भीतर रोगी के खाते में निक्षय पोषण योजना के तहत धनराशि जमा हो जाए। तथा दो सप्ताह के भीतर क्षय रोगियों को गोद लिये जाने की कार्यवाही पूरी कर ली जाए। ऐसे निकालें बीएमआई - बीएमआई अर्थात बॉडी मास इंडेक्स मोटापे की जांच करने का अंतर्राष्ट्रीय मानक है। अपना बीएमआई मापने के लिए अपने वजन को अपनी लंबाई (इंच में) से भाग करें।

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर ग्राम वासियो ने आवास में धन वसूली करने का लगाया आरोप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, जमानिया गाजीपुर।** जहां सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने में लगी है और एक तरफ डीएम आर्यका अखौरी भ्रष्टाचार को लेकर काफी सख्त है और आये दिन भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही कर रही है वही जिले के ग्रामसभा राघवपुर- कोटिया के प्रधानपति को शासन व प्रशासन का डर नहीं लग रहा है और बेखौफ होकर प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर आवास लाभार्थियों से धन वसूला जा रहा है। बताते चलें कि जमानिया ब्लॉक अंतर्गत राघवपुर कोटिया ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि पप्पू कोइरी आवास लाभार्थियो से पांच से बीस हजार की वसूली कर शासन व प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति की धज्जियाँ उड़ा रहा है। यही नहीं आवास लाभार्थियों द्वारा पैसा न देने पर घर भी तोड़वाने का धमकी दिया जा रहा है। योगी सरकार में एक ओर जहाँ अपराधी प्रदेश छोड़कर भागने पर मजबूर हो गये है तथा अपराध में कमी आई है इसके बावजूद खुलेआम आवास लाभार्थियों से पैसा मांगने वाले ग्राम प्रधान पति का हौसला बुलन्द होता दिख रहा है। अपना पेट काटकट एक एक पाई जुटाने वाले लोगों के सीने पर चढ़कर पैसा लेने वाले ऐसे ग्राम प्रधानप्रति पर शासन व प्रशासन क्या कार्यवाई करता है यह देखने की बात होगी। हालांकि इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नही मिला और पंचायत सचिवालय पर ताला बंद मिला, वहीं जब हमने खंड विकास अधिकारी यशवंत राव से इस संबंध में जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि इस तरह का कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं है अगर इस तरह की बात पाई जाती है तो जांच कर करवाही की जायेगी ।

### तहसील मुख्यालय के सीएचसी केंद्र पर पर्याप्त नहीं है सुविधाए



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनियां तहसील मुख्यालय अपने अस्तित्व में आने के बाद क्षेत्र में तमाम प्रतिष्ठान कॉलेज सहित अधिकारियों का आवागमन बढ़ गया लेकिन जखनियां तहसील मुख्यालय पर स्वास्थ्य के नाम पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया ।जहां पर वर्तमान में जुखाम बुखार सहित नॉर्मल बीमारी की दवा तो दी जाती है लेकिन गंभीर बीमारी के मरीज को जिले पर रेफर किया जाता है। वर्तमान समय में देखा जाए तो जखनियां तहसील के अंतर्गत किसी भी गांव में ब्लीचिंग पाउडर या मच्छर रोधी दवा का छिड़काव नहीं किया गया, जिसका नतीजा है कि राह चलते लोगों को मच्छर काटते हैं ।जिससे मलेरिया डेंगू के भी मरीज बढ़ गए हैं ।अभी आज सीपीएम के जिला सचिव विजय बहादुर सिंह को डेंगू हो गया जिनकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया में इलाज कराई जा रही है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रोजाना डेढ़ सौ से 200 मरीज दूर दराज के आते हैं तथा हर सोमवार को नसबंदी का भी कार्यक्रम आयोजित की जाती है। लेकिन किसी भी महिला के शरीर में ब्लड कम होने पर उसको जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। सपा के ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रवेश गोड,कांग्रेस अध्यक्ष देवनारायण सिंह,किसान सभा के जिला संयोजक जोगेंद्र यादव,भाजपा नेता दिनेश सिंह उर्फ बबलू,बसपा नेता रामजी कुशवाहा,वनवासी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र गौतम,आजाद समाज पार्टी के नेता मनोज कुमार,ने सयुक्त रूप से जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया की जखनिया तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य मरीजों को उपलब्ध कराए।और बल्ड बैंक,एटीएम स्वास्थ मशीन,बिजली व्यवस्था,साफ सफाई,पूरे ग्राम पंचायत में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जाय।

### साहित्य चेतना समाज का 38वाँ स्थापना दिवस



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** श्री भगवद्गीता के संदेश के प्रचार-प्रसार में संलग्न गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगन,अमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी के मुख्य आतिथ्य में, साहित्य चेतना समाज का 38वाँ स्थापना दिवस रविवार की शाम नगर के 'कान्हा हवेली' में ससमारोह सम्पन्न हुआ। लखेश्वर ब्रह्म आयुर्वेद ट्रस्ट सोनहरिया के संस्थापक ज्ञान मूर्ति संत व विचारक युश जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा व सचिव हीरा राम गुप्ता ने किया। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन व सेन्ट जॉन्स स्कूल की संगीत शिक्षिका माया नायर की सरस्वती वंदना से सम्पन्न हुआ।

आश्वासन | लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने दिया फिर आश्वासन

# सीएम और डीएम के आश्वासन के बाद जखनिया के सड़के नहीं हुई दुरुस्त



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनियां तहसील क्षेत्र की रोड दिन प्रतिदिन बद से बदत्तर होती जा रही हैं, पर इन रोडो पर कहीं भी गड्ढा मुक्ति का काम नहीं चल रहा है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बात हवा हवाई साबित हो रही है। ज्ञात हो विगत कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि दीपावली से पहले सारी रोड गड्ढा मुक्त हो जाएंगी, बारिशों के कारण काम रुका हुआ है। जनपद के अन्य क्षेत्रों और अन्य जनपदों में तो यह काम हो रहा है पर जखनिया क्षेत्र में डीएम एवं संबंधित अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी रोडो की हालत जस की तस बनी हुई है। इस क्षेत्र के कई संगठनों ने, समाजसेवियों ने, सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों ने कई बार संबंधित अधिकारी एवं डीएम से गुहार लगा चुके है की खराब रोडो के कारण जखनिया क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल होते हैं। डीएम भी कई बार मुख्य तहसील दिवस पर लोगों को अस्वस्थ कर चुकी है कि अक्टूबर महीने में काम रोड पर शुरू हो जाएगा पर अक्टूबर महीना भी आज बीत गया और कोई काम नहीं शुरू हुआ। जखनिया क्षेत्र के लोग शासन एवं प्रशासन के झूठे जुमले से बहुत दुखित है और असमंजस की स्थिति में है कि अब वह किस से गुहार लगाये कि इस क्षेत्र की रोडो का पुनर विकास हो सके। रोड ही किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना तय करती हैं, पर जखनिया क्षेत्र में खराब रोडो के कारण लोगों का जीवन स्तर बद से बदतर होता जा रहा है, व्यापार चौपट हो रहा है, दशहरा तों बीत गया आगामी कई त्यौहार पड़ने वाले है, दीपावली भी अब दूर नहीं है, शासन इस पर जरूर ध्यान दें। लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता खुर्शीद अहमद ने कहा कि 16 अक्टूबर को जखनियां ब्लाक का टेंडर हुआ है जल्द काम दिखाई देगी।

# बीएचयू के डा.विजय कपूर को 'चेतना सम्मान' से किया गया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज का 38वाँ स्थापना दिवस रविवार की शाम नगर के महुआबाग स्थित 'कान्हा हवेली' में समारोहपूर्वक मनाया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पूरे विश्व में भ्रमण कर भगवद्गीता के संदेश के प्रचार-प्रसार में संलग्न गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगन,अमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी थे।अध्यक्षता लखेश्वर ब्रह्म आयुर्वेद ट्रस्ट सोनहरिया के संस्थापक ज्ञान मूर्ति संत व विचारक यूश जी महाराज ने की।अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डा.रविनन्दन वर्मा व सचिव हीरा राम गुप्ता ने किया।संचालन संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने किया। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ।सेन्ट जान्स स्कूल की संगीत शिक्षिका माया नायर ने सरस्वती वंदना की।संस्था की मऊ इकाई ने संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर को अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया।अध्यक्ष बालकृष्ण ठरड ने संस्था की 38वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला।समारोह में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,वाराणसी के संगीत संकाय के डा.विजय कपूर को संस्था द्वारा 'चेतना सम्मान' से सम्मानित किया गया।डा. विजय कपूर एवं उनकी टीम ने सांगितिक प्रस्तुति कर सभी को रससिक्त कर दिया।उनके सुर,लय व ताल पर लोग करतल ध्वनि करने को विवश हो गये। योगी आनन्द जी ने संस्था को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी शासकीय वित्तीय सहायता के संस्था विगत 38वर्षों से साहित्य,संस्कृति व समाज की सेवा का कार्य कर रही है,वह सराहनीय व अनुकरणीय है।युश जी महाराज ने संस्था की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्थान-स्थान पर यदि ऐसी संस्थाएं सक्रिय हो जाएं तो समाज का काफी भला हो सकता है। समारोह में प्रमुख रूप से अक्षय दूबे, डा.सानन्द सिंह, डा.एम.डी.सिंह, दिलीप आर्य,राजू उपाध्याय,डा. पारसनाथ सिंह, डा.अक्षय पाण्डेय, संजीव सिंह, प्रो.अमरनाथ राय,अमिताभ अनिल दूबे, डा. व्यासमुनि राय, विनोद उपाध्याय, राजेश्वर सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, शशिकांत राय, किरनबाला राय, संगीता तिवारी, रागिनी त्रिपाठी, पुष्पा गुप्त, दौलत गुप्ता, खालिद अमीर,बादशाह राही आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# ख़ास ख़बर

## पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**संवाददाता मो0अबूबकर, रूदौली अयोध्या।** कोतवाली रूदौली पुलिस ने एक अभियुक्त को भेलसर शुजागंज मार्ग अंसार अड़ी के पास सड़क के किनारे से गिरफ्तार कर लिया जिनके पास पास से चोरी की एक बैटरी,एवम 680 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट व चोरी के मुकदमा दर्ज है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली के भेलसर पुलिस चौकी पुलिस फोर्स अपराधियों पर नियंत्रण के लिए अभियान चला रही थी तभी उपनिरीक्षक दृवेश त्रिवेदी चौकी प्रभारी भेलसर, का0 गोविंद व रजत कुमार के साथ उक्त स्थान पर पहुँच एक अभियुक्त सुनील मौर्य उर्फ चैतू पुत्र महंत निवासी हयात नगर को गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त के पास से चोरी की एक अदद बैटरी व 680 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया।अभियुक्त के विरुद्ध धारा 379/411 एवम धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन



**संवाददाता मो0अबूबकर, रूदौली अयोध्या।** गयादत्त राजनारायन जन विकास इंटर कॉलेज मीनापुर शुजागंज प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया भागवत कथा आरम्भ होने से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कथा व्यास अयोध्या के प्रसिद्ध आचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा प्रतिदिन सात दिनों तक अपनी मधुर आवाज में कथा में आने वाले सभी लोगो का मन मोह लिया।कथा समापन के पश्चात पूर्णाहुति एवम हवन पूजा किया गया।ततपश्चात ब्रह्मभोज का कार्यक्रम भी किया ब्रह्मभोज में लगभग हजारों लोगो ने प्रसाद स्वरूप भोजन किया।इस अवसर पर सुरेंद्र प्रकाश तिवारी, शुभम तिवारी,पीयूष तिवारी, ज्ञान तिवारी, श्रद्धालुजन,मित्रगण उपस्थित रहे।

## शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार का किया गया वितरण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समाज में मातृशक्ति को उचित सम्मान दिलाने के लिए ट्रस्ट गरीब व वंचित बेटियों की शिक्षा ,स्वास्थ्य तथा रोजगार के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित करता रहता है । इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा संघर्ष करके विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने वाली बेटियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में सत्येंद्र वेदांती महाराज ने मंच को सुशोभित किया । इस अवसर पर शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित हर्ष क्लासेस के छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया । शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट प्रमुख डॉक्टर विजय शंकर मौर्य ने बताया कि ट्रस्ट गरीब छात्राओं के लिए निशुल्क कक्षाओं का संचालन कर रहा है । कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार मौर्य ने किया । वरिष्ठ सदस्य पूर्व सिन्हा ने "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के बारे में वक्तव्य दिया । विशिष्ट सदस्य उमाकांत मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की बेटियां ही समाज की रीढ़ है ।भविष्य में समाज के सहयोग से अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों के भी प्रारंभ करने की योजना है ।सत्यम पाल चंद्रेश चौधरी वैभव शंकर मौर्य ज्ञान श्रीवास्तव आदि सदस्यों ने कार्यक्रम में सहयोग दिया ।

## दीपोत्सव 2023 : भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों पर निकलेंगी झांकियां

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी। भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी। दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी। नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगे, जो अपनी कला के जरिये रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे। अयोध्या से 11 ट्रकों की झांकियां निकलेगी। जिसमें पुत्रेष्ठि यज्ञ एवं सबको सुरक्षा, भयमुक्त समाज, गुरूकुल शिक्षा एवं बच्चों का अधिकार, बेसिक शिक्षा, राम सीता विवाह एवं बेटियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्था, अहिल्या उद्धार एवं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन, 1090 एवं 1076 की सुविधा, पंचवटी/वन एवं पर्यावरण, रामेश्वरम सेतु एवं उप्र में पुलों का निर्माण, पुष्पक विमान एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, बेहतर वायु कनेक्टिविटी, केवट प्रसंग एवं समाज कल्याण, राम दरबार एवं बेहतर कानून व्यवस्था, शबरी-राम मिलाप एवं महिला कल्याण, लंका दहन एवं अपराधियों एवं भूमाफियाओं के विरूद्ध अभियान की झांकियां होगी। झांकियों से जुड़ा आयोजन 8 नवंबर को होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का यह दूसरा दीपोत्सव है, जिसे भव्य और दिव्य बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। करीब 21 लाख दीप जलाकर राम की पैड़ी पर फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

# हिंदू महासभा ने दी वीर बलिदानी कारसेवकों को भावभीनी श्रद्धांजलि



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवकों के ऊपर हुए गोलीकांड में बलिदान कार्य सेवकों को हिंदू महासभा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान करते हुए उन्हें नमन किया गया इस अवसर पर 1992 के कारसेवक एवं हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में वीर बलिदानी कारसेवकों वासुदेव गुप्ता तथा राजेंद्र धारिकार के आवास पर पहुंचकर बलिदानों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया, इस अवसर पर हिंदू महासभा के प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष पांडेय ने कहा कि एक ओर जहां अयोध्या की पवित्र पावन भूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर आज भी बलिदानी कार्य सेवकों की परिवार न्याय पाने की आस में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है, कार सेवकों के परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध किंतु दुर्भाग्यवश ऐसा हो नहीं सका, श्री पांडेय ने आगे कहा कि वर्षों से उनके द्वारा कारसेवकों के परिवारों की बदहाल स्थिति पर केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, आंदोलन किया जा रहा है, किंतु सरकारें व उनके जनप्रतिनिधि इस विषय पर मौन साधे हुए हैं, उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती, यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है , श्री पांडेय ने यह आरोप लगाया कि जब बलिदानी कार सेवकों के परिवार इन जनप्रतिनिधियों के पास मदद की आस से पहुंचते हैं तो उन्हें , अपमानित कर, वहां से भगा दिया जाता है, श्री पांडेय ने बलिदानी कर सेवकों के परिवारों को बुनियादी सुविधाएं देने के साथ-साथ बंद रहे भव्य राम मंदिर परिसर में नौकरी देने की मांग की है, इसके साथ ही साथ अयोध्या की प्रमुख सड़कों का नाम बलिदानी कर सेवकों के नाम पर तथा उनके नाम पर भव्य प्रवेश द्वार बनाने की मांग केंद्र व राज्य सरकार से की है हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि वीर बलिदानी कारसेवकों की उपेक्षा मन को विचलित करने वाली है, बेईमान सुखी है और जिन्हें सुख मिलना चाहिए था वह दुखद स्थिति में है योगी सरकार को शीघ्र अति शीघ्र इस पर ध्यान देना ही होगा, इस अवसर पर एक पत्र के माध्यम से एक ईमेल मुख्यमंत्री हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय द्वारा योगी आदित्यनाथ जी महाराज को भेजा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री से समय लेने की मांग करते हुए उनके समक्ष वीर बलिदानी कारसेवकों की बदहाल स्थिति को सुधारने हेतु मांग पत्र सौंपने की बात की है, बलिदानी कारसेवकों को श्रद्धांजलि प्रदान करने वाले प्रमुख लोगों में वासुदेव गुप्ता के पुत्र संदीप गुप्ता, ,रविंद्र कुमार धरिकार, छोटू पाठक,सोनी देवी, सोनाली धरिकार, जोगेंद्र धरिकार, रुचि धरिकार, शिवानी, लकी, मुस्कान, आलोक, चेतन, इशारा विनय शिवा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## मां सरयू के जल से हुआ बाबा पशुनाथ जी का जलभिषेक



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** ॐ शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास जी ने अश्वनी की पावन त्रियोदशी के शुभ मुहूर्त पर नेपाल , काठमांडू में विश्व धरोहर में से एक बागपती नदी किनारे स्थित बाबा पशुपति नाथ जी का जलभिषेक किया इस अवसर पर पूज्य महंत जी ने बताया बाबा पशुपति नाथ संसार का सबसे प्राचीन शिव मंदिर है जिसकी स्थपना स्वयं महादेव जी ने की थी वर्तमान मंदिर 5 हजार वर्ष प्राचीन बताया जाता है प्रत्येक वर्ष ॐ शिवालय परिवार द्वारा परिवार द्वारा बाबा का मां सरयू जी के पावन जल से जलाभिषेक किया जाता है वह अन्य देव स्थान की शुभ यात्रा की जाती है इस शुभ अवसर पर महंत जी ने बाबा पशुपतिनाथ जी के मुख्य महंत श्री राम भट्ट जी से शिष्टाचार भेंट की उनको राम जन्मभूमि का मॉडल चित्र देखकर उनका सम्मान किया ।

## गन्ना समिति और इफको के सयुंक्त तत्वाधान में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया



**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** कस्बे के पडाव मोहल्ले में स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति लि. नबाबगज के परिसर में सोमवार को गन्ना समिति और इफको के सयुंक्त तत्वाधान में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक निर्भय सिंह ने की ।इस अवसर पर समिति के सचिव अवधेश सिह ,जेष्ठ गन्ना निरीक्षक इन्दूमनी पांडेय ,गोदाम प्रभारी नीरज सिह रघुवंशी, जनपद में कार्यरत समस्त फील्ड डीमोनस्ट्रेटर एवँ 100 से अधिक किसान उपस्थित रहे। इफको गोण्डा के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक ड़ॉ डी के सिह ने किसानों को इफको नैनो यूरिया तरल/ नैनो डीएपी सागरिका , जल विलेय,एन पी के जैव उर्वरक इत्यादि के बारे में विस्तार से उपयोग और फायदे के बारे में किसानों को जानकारी दी। गन्ना समिति के सचिव ने इफको नैनो यूरिया तथा अन्य उत्पाद के प्रयोग हेतु किसानों से आह्वान किया। जेष्ठ गन्ना निरीक्षक द्वारा गन्ना विभाग की योजनाएं के बारे मैं बताया । अरबिंद सिह सहायक गन्ना प्रबंधक चीनी मिल कुदरखी ने किसानों को शीत कालीन गन्ना उत्पादन के बारे मे जानकारी दी। चीनी मील प्रदीप कुमार पांडे उमापत्त तिवारी तथा पी एन मिश्रा, वसीम अहमद, संतोष सिंह, राम रतन सिंह, लवकुश दुबे, मसौधा मिल के सी वी ओ अविनाश तिवारी के साथ ही साथ क्षेत्र के प्रगति शील किसान रवि पांडेय, विजय, अर्जुन यादव, जगदीश यादव, अंजनी उपाध्याय, सुखई यादव उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने नीलम निषाद कप्तान गुप्तारघाट, तृप्ति सदर बाजार तथा अदबिया बानो धारा रोड राठहवेली को किया सम्मानित।इण्डो श्रीलंका टेनिस बॉल क्रिकेट सीरीज में भारतीय टीम ने श्रीलंका की टीम को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया ,देश की टीम की ओर से खेलते हुए अयोध्या उत्तर प्रदेश की नीलम निषाद कप्तान गुप्तारघाट, तृप्ति सदर बाजार तथा अदबिया बानो धारा रोड राठहवेली ने भारतीय टीम को 3-0 से सीरीज को जिताने तथा देश को गौरवान्वित करने का कार्य किया,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने सभी खिलाड़ियों को बुके देकर सम्मानित किया, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि जिस तरह अयोध्या विधानसभा की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है आज गर्व है इनपर लेकिन मौजूदा सरकार इन खिलाड़ियों पर ध्यान नहीं दे रही है आज खिलाड़ी अपने खर्चे पर खेल रहे है सरकार की तरफ से कोई सुविधा इनको नही मिल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि श्रीलंका जाकर देश का नाम रोशन करने वाली सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और सरकार से इन्हे खेल संबंधित सभी सुविधा देने की मांग करता हूं, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार आज बेटियो के प्रति संवेदनहीन हो गई है, आज खिलाड़ियों को वो मूल सुविधाएं नही दी जा रही है जो सपा सरकार मे दी जाती थी, अयोध्या महानगर की सभी बेटियो को शुभकामनाए देता हूं, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,महासचिव हामिद जाफर मीसम, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, अंसार अहमद बब्बन, जगदीश यादव, भगवान दीन निषाद, शिवांशु तिवारी, प्रदीप निषाद, राहुल निषाद, रंजन निषाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक आरोपी के खिलाफ जालसाजी सहित मुकदमा दर्ज किया गया

**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** युनियन बैंक आफ इंडिया में नकली सोना रख कर गोल्ड लोन लेने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक आरोपी के खिलाफ जालसाजी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है । यूनियन बैंक की मुख्य शाखा गोंडा के मैनेजर संतोष कुमार ने पुलिस कप्तान अंकित मित्तल को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि कोतवाली देहात के मधवापुर गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार पांडेय बीते सात जून को उनकी शाखा पर आए और अपनी बीमार मां की दवा कराने के लिए गोल्ड लोन स्वीकृत करने का निवेदन निवेदन किया।बैंक के द्वारा धानेपुर निवासी गोल्ड बैलुअर सत्रुघन सोनी को बैंक शाखा पर बुलाकर सोने का मूल्यांकन कराने के बाद बैंक ने 390800 रूपये का लोन स्वीकृत करके शैलेन्द्र कुमार पांडेय के खाते में लोन की राशि ट्रांसफर कर दी गई।बैंक के नियमानुसार उक्त गोल्ड का मूल्यांकन एक हफ्ते बाद पुनः 14 जून को कराया गया। जिसमें बैंक में गिरवी रखा उक्त सोना नकली पाया गया। जिसके बाद अवेदक शैलेन्द्र कुमार पांडेय को बैंक के द्वारा लिखित व मौखिक रूप से सूचना देकर बैंक का पैसा जमा करने के लिए कहा गया। लेकिन आवेदक के द्वारा न तो बैंक का पैसा जमा किया उल्टे कार्रवाई करने की धमकी दी गई।बाद में पता चला कि उक्त शैलेन्द्र कुमार पांडेय शातिर किस्म का जालसाज है।

## श्री अवध रामविलास समिति के तत्वावधान में चल रही 12 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव



**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** क्षेत्र के कटरा शिवदयालगंज बाजार में श्री अवध रामविलास समिति के तत्वावधान में चल रही 12 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव में चौथे दिन राम वन गमन, चित्रकूट भरत मिलाप की मार्मिक लीला का मंचन किया गया I चौथे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनकापुर विधानसभा के विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री रहे I कार्यक्रम का शुभारंभ पर पूर्व मंत्री ने राम - लक्ष्मण, जानकी की भव्य झांकी में पूजन अर्चन एवं दीप प्रजनन कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने रामलीला महोत्सव आयोजन समिति को इस महोत्सव में हर प्रकार का सहयोग देने एवं प्रशासन से दिलाने का वादा किया। स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला मंचन के उम्दा प्रदर्शन से अभिभूत पूर्व मंत्री ने कलाकारों की जमकर सराहना किया।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** क्षेत्र के लौव्वाबीरपुर गांव में अयोध्या आंख का अस्पताल एंव फेको सेंटर की तरफ निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर ग्लूकोमा,मोतियाबिंद,मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी, दृष्टिवैषम्य,मंददृष्टि, कॉर्निया का घर्षण, सूखी आंखें, रेटिना अलग होना, एएमडी, यूवाइटिस, हाइपहेमा जैसे रोगों के 60 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर दवा और उचित परामर्श दिया गया। शिविर का संयोजन कस्बे के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ विनोद त्रिपाठी ने किया।इस दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ निशांत श्रीवास्तव, हर्षित उपाध्याय, समाज सेवी एवं भाजपा नेता गिरिजेश त्रिपाठी लल्लू, अनिल सिंह, सूरज मिश्रा, मौजूद रहे।

## इंडियन कौंसिल ऑफ़ प्रेस की बैठक में शामिल लोग

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** इंडियन कौंसिल आफ प्रेस की एक आवश्यक बैठक सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित की गई बैठक में संगठन का विस्तार किया गया जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने नवनीत कौशल को महानगर अध्यक्ष व अनिल निषाद को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया । अन्य पदाधिकारी व सदस्यों में डॉक्टर आनंद उपाध्याय रवि मौर्य खालिद रशीद अनूप श्रीवास्तव साजिद हुसैन अरुण उपाध्याय सुमित यादव वैभव श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव आदि शामिल है बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों के उत्पीड़न पर सभी पत्रकार एकजुट होकर समस्या का सामना करे फिर चाहे पत्रकार किसी बैनर से जुड़े हो या किसी भी संगठन से। प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने कहा पत्रकारों का हर संगठन पत्रकारों के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए संकल्पित होता है।पत्रकारों को अपनी आवाज अपनी कलम के माध्यम से बुलंद करनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी आवाज को अपनी कलम के माध्यम से सरकार तक पहुचाएं।सरकार और समाज के बीच पत्रकार एक कडी का काम करता है।लेकिन किसी भी समस्या का समाधान तभी संभव है जब वह समस्या सरकार या उच्च अधिकारियों तक पहुंचे और यह तब होगा जब पत्रकार अपनी बात को सरकार तक पहुंचाने में सफल होंगे।

## पुस्तक का विमोचन आज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन के डायरेक्टर संतोष मिश्रा के जन्मोत्सव के अवसर पर शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी प्रतिभा सम्मान समारोह का सम्मेलन एवं पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन गणपति गेस्ट हाउस नाका हनुमानगढ़ी में 31 अक्टूबर को आयोजित होगा इस अवसर पर कवि सम्मेलन के साथ मेधावी छात्रों ,वरिष्ठ समाजसेवियों व पत्रकारों सम्मानित भी किया जाएगा।

आक्रोश | ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से ऑनलाइन शिकायत करते हुए रोके जाने व हटवाने की मांग की है

# बीच गांव से निकाली जा रही हाईटेंशन लाइन का ग्रामीणों ने किया विरोध



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या।** बिजली विभाग द्वारा गांव के बीचोबीच से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन निकाली जा रही है जिससे गांव में कभी भी कोई भी घटना घटित हो सकती है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने सामूहिक रूप से ऑनलाइन शिकायत करते हुए इस रोके जाने व हटवाने की मांग की है। मामला रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम परसौली का है जो सीमा विस्तार के बाद अब नगर पालिका में शामिल होकर वार्ड मीराबाई बन चुका है जहां बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को गुमराह करते हुए गांव के बीचोबीच से 11 हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाइन खींच दी है और उस पर सप्लाई शुरू करने की तैयारी में हैं। जानकारी होने पर ग्रामीणों द्वारा इसका भरपूर विरोध किया गया है और ऊर्जा विभाग को ऑनलाइन शिकायत करते हुए इसे हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है गांव की गलियां पहले से ही काफी सकरी हैं और गांव की आबादी काफी घनी है और ऐसे में बिजली विभाग द्वारा धोखे से ग्रामवासियों को गुमराह करते हुए हाईटेंशन लाइन खींच दी गयी है जो किसी के घर की छत, किसी के छप्पर, किसी के दरवाजे, तो किसी के सहन से होकर गुजरी है जिसमे करंट प्रवाहित होने के बाद कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है जिसे रोका जाना जरूरी है। मामले को लेकर गांव निवासी भगौती प्रसाद, राम बालक, औतारा, रामराज, सबी अहमद, शाकिब, औसाफ़, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने ऑनलाइन शिकायत करते हुए हाईटेंशन लाइन को तत्काल प्रभाव से हटवाने की मांग की है। वहीं प्रकरण को लेकर अवर अभियंता विकास पाल से बताया कि पहले ये ग्रामीण क्षेत्र था अब नगर पालिका में शामिल हुआ है इसलिए अब इस नई लाइन से वार्ड के लोगों को कनेक्शन दिया जाएगा।

# दीप प्रज्वलित कर किया सतर्कता जागरूकता का शुभारंभ



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भ्रष्टाचार का विरोध करें,राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे की थीम को लेकर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सतर्कता अधिष्ठान के अयोध्या सेक्टर ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सन्त कबीर सभागार में एक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी आरके नैय्यर ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसपी सतर्कता अधिष्ठान रमेश भारतीय ने सभी अतिथियों को पौध भेंट कर स्वागत किया।जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसएसपी आरके नैय्यर ने कहा कि भ्रष्टाचार आज एक घुन की तरह समाज को खोखला कर रहा है। उससे लड़ने की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक वर्ग की है। कार्यक्रम के आयोजक एसपी विजलेंस ने विभाग की संरचना और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि इस जनसंवाद का उद्देश्य जनता तक विभाग को पहुंचाना है। जिससे किसी भी तरह के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने जनसामान्य से विजिलेंस विभाग के साथ जुड़कर किसी भी लोकसेवक द्वारा घूस मांगे जाने पर उसकी शिकायत हेल्पलाइन नम्बर 9454401866 पर करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो0 अजय प्रताप सिंह, एसपी सुरक्षा पंकज कुमार मौजूद रहे। जनसंवाद में अयोध्या व देवी पाटन मंडल के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ अधिवक्ता, शिक्षक , समाजसेवी, व्यापारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### खेलो इंडिया के तहत बैडमिंटन खिलाड़ियों का ट्रायल संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** पर्यटन ,कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देशानुसार जामताड़ा जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में आउटडोर स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम जामताड़ा में खेलों इंडिया प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन हेतु जिला स्तरीय ओपन सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें 10 से 14 आयु वर्ग के 61 बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। सभी खिलाड़ियों का बैडमिंटन स्किल टेस्ट लिया गया। जिसमें बेस्ट 15 बालक एवं 15 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इन खिलाड़ियों को खेलो इंडिया के अंतर्गत निशुल्क प्रशिक्षण एवं बैडमिंटन खेल हेतु निखारने का कार्य किया जाएगा। जिससे कि आने वाले समय में जामताड़ा जिले के भी खिलाड़ी बैडमिंटन खेल के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए सूचित किया कि बहुत जल्द चयनित उत्कृष्ट खिलाडियों की सूची तैयार कर विभाग को अग्रेतर कार्यवाई हेतु भेजी जाएगी। इस चयन ट्रायल को सफल आयोजन में मुख्य रूप से दीपक दुबे, दीनबंधु सिंह, विजय विश्वकर्मा, मो .इदरीस अंसारी, सूरज कु . पासवान ,डॉ.भास्कर चंद, सोनू कु. मल्लिक, रौनक राज के अलावे जिला खेल कार्यालय से मधुसूदन मंडल एवं राजकुमार मंडल ने अपना अहम योगदान दिया।

### झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की मासिक बैठक हजारीबाग झील परिसर में की गई आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी, हजारीबाग।** झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की मासिक बैठक हजारीबाग झील परिसर में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि प्रत्येक प्रखंडों में चल रहे प्राइवेट स्कूल के प्राचार्यों को संगठन के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन जिला अध्यक्ष विनोद भगत ने इस अवसर पर बताया कि प्राइवेट स्कूल संगठन अपना धन संपत्ति लगाकर गरीब से गरीब बच्चों को भी शिक्षा देकर शिक्षित,देशभक्त एवं गलत रास्ते पर जाने से रोक रहे हैं। इसलिए ऐसे सभी स्कूल के प्राचार्य सम्मान के हकदार हैं। इस प्राचार्य सम्मान समारोह की शुरुआत सदर प्रखंड से की जाएगी और उनके उत्साह को बढ़ाया जाएगा। ताकि और भी अच्छे ढंग से बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सके ।इस बैठक में अध्यक्ष विनोद भगत, सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा, संरक्षक मधुप मनोहर ,कोषाध्यक्ष मनोज राय ,सह सचिव परवेज आलम, संगठन मंत्री मधुसूदन प्रसाद शामिल हुए।

### वार्ड सदस्यों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवघर जिले के प्रखंड मधुपुर में वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण छः बैच में कराया जाना है।इसी क्रम में सोमवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी , मधुपुर की अध्यक्षता में वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी हरे रामजी दिनकर, प्रखण्ड समन्वयक विशाल कुमार शरण ,प्रतिनिधि हरिशंकर उपाध्याय एवं सुनीत आनन्द के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । तत्पश्चात परिचय सत्र के बाद मास्टर प्रशिक्षक आनन्द द्वारा सभी वार्ड सदस्यों को 73 वें संविधान संशोधन द्वारा ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों एवं उनका उपयोग,अधिकारों,कर्तव्यों से अवगत कराते हुए ग्राम सभा से संबंधित सभी आवश्यक नियम जैसे - ग्राम सभा की सूचना ,ग्राम सभा कोरम,ग्राम सभा की अध्यक्षता,विशेष ग्राम सभा ,पंचायत कार्यकारिणी,ग्राम स्तर की स्थाई समितियों, पंचायत स्तर की स्थाई समितियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । हरिशंकर उपाध्याय द्वारा वार्ड सदस्यों के द्वारा उठाये गए सभी सवालों का जवाब दिया गया एवं उन्हें विस्तारपूर्वक समझाया गया। प्रखंड समन्वयक शरण द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण शिविर का भरपूर लाभ उठाने एवं अपने अधिकारों कर्तव्यों के प्रति सजग रहने नियम कानून की पर्याप्त समझ विकसित करने के लिए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।

# झारखंड के किसानों को मिलेंगे चार हजार रुपये : उपायुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** सोमवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा के अध्यक्षता में एसजीएसवाई हॉल में झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित उपायुक्त द्वारा कार्यशाला में कहा गया की इस साल बारिश में कमी के कारण धान की बुवाई नहीं हो पाने के कारण किसान को बहुत ही नुकसान हुआ है। राज्य के किसानों को हुआ नुकसान की भारपाई करना मुश्किल है। किसानों को राहत पंहुचाने के लिए झारखंड सरकार किसानों के लिए झारखंड राज्य फसल राहत योजना लेकर आयी है। इस योजना के तहत आपदा के कारण किसानों को हुए फसल नुकसान के लिए सहायकता राशि प्रदान की जाएगी। ताकि उन्हें थोड़ी राहत मिल सके और रबी फसल की खेती के लिए उनके हाथ में पूंजी मिल सके।सरकार राज्य के किसानों को फसल राहत योजना के तहत इस साल 30% से 50% तक फसल क्षति होने पर आवेदक को प्रति एकड़ 3000 रुपया सहायता राशि दी जाएगी तथा 50% से अधिक फसल क्षति होने पर आवेदक को प्रति एकड़ 4000 रुपए प्रति एकड़ की सहायता राशि दी जाएगी। अधिकतम 5 एकड़ तक फसल क्षति सहायता राशि दी जाएगी।फसल राहत योजना का लाभ लेने के लिए किसानो को अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र या https://jrfry.jharkhand.gov.in पर स्वयं जाकर आवेदन करना होगा। फसल राहत योजना लाभ लेने के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 नवंबर रखी गई है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए किसानों को निम्नलिखित दस्वावेजों की आवश्यकता होगी।आधार कार्ड,मोबाइल नंबर,आधार से लिंक्ड बैंक खाता नंबर,किसान के जमीन की अपडेटेड रसीद,मुखिया/ ग्राम प्रधान/ राजस्व कर्मचारी/ अंचलअधिकारी द्वारा निर्गत वंशावली,सरकारी जमीन पर खेती के लिए राजस्व विभाग की तरफ से निर्गत पट्टा,घोषणा पत्र (रैयत औऱ बंटाईदार द्वारा),बंटाईदार किसान द्वारा सहमति पत्र,पंजीकृत किसानों की फसल बुवाई का कुल रकबा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन निबंधन के तहत रबी औऱ खरीफ फसल के लिए अलग-अलग आवेदन करना होता है। योजना का लाभ लेने के लिए किसी प्रकार का प्रीमियम किसानों को नहीं देना होगा।मौके पर अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलको, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

### 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति के पथ में पड़ने वाला ऐसा रोड़ा है, जिसके कारण राष्ट्र की उन्नति प्रभावित होती है।सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन आयोग के बहुआयामी दृष्टिकोण का भाग है, जहां एक महत्वपूर्ण कार्यनीति के रूप में सभी हितधारकों को भ्रष्टाचार की रोकथाम और उसके खिलाफ संघर्ष में सामूहिक रूप से सहभागी होने के लिए प्रोत्साहित करना तथा भ्रष्टाचार के वजूद कारणों एवं गंभीरता तथा भ्रष्टाचार से उत्पन्न खतरों के संदर्भ में जनजागरूकता को बढ़ाना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की थीम "भ्रष्टाचार को ना कहें राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहे" है। इसी क्रम में बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मेरु कैंप हजारीबाग में के. एस. बन्याल महानिरीक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल मेरु कैंप में दिनांक 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2022 तक श्रृखंलाबद्ध कडी के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस कडी के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ महानिरीक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग नें प्रशासनिक भवन में कैंप में उपस्थित समस्त अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियो व कार्मिकों को शपथ दिलाकर किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का पहला कदम लोगों का भ्रष्टाचार तथा उसके परिणामों के बारे में जागरूक करना है। बल मुख्यालय के दिशा निर्देशों के तहत पूरे देश में सभी सीमा सुरक्षा बल कार्यालयों में इस शपथ का आयोजन किया जाना है। भारत सरकार ने वर्ष 1999 से प्रति वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर समाप्त होने वाले सप्ताह को सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने की जिम्मेवारी केन्द्रीय सर्तकता आयोग को दी है। ज्ञातव्य है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता, अखण्डता तथा भारत के पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

### तहरीके बेदारी वा इस्लाहे मोवासरा कॉन्फ्रेंस के सिलसिले में एक बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** इंदिरा बासाडीह के मदरसा अल जमीअतुल हाफिज या के प्रांगण में तहरी के बेदारी वा इसलहे मोअ शरा कॉन्फ्रेंस के सिलसिले में एक बैठक हुई जिसमें सर्सहमति से यह तय पाया की शादियों में जो डीजे बजा आतिशबाजी लेन देन और समाज में जो बुराइयां फैली है जैसे नौजवान लड़के नशा में शामिल है या लॉटरी खेलते हैं भाटी-भांति प्रकार के जो बुराइयों में शामिल है उन्हें समझना बुझाना यही तहरी के बेदारी का एजेंडा है साथ ही साथ हुकूमत से मोतालबा है की उर्दू जो हमारी दूसरी भाषा है उसको बरकरार रखा जाए और भी कई एजेंडओ पर बात हुई जिस बैठक मैं हजारीबाग के शहर काजी मुफ्ती अब्दुल जलील साहब ने इस पर खूब जोर दिया और 13 तारीख को हजारीबाग में होने वाले कॉन्फ्रेंस को कामयाब करने के लिए लोगों से आह्वान किया और इस बैठक में तहरी के बेदारी के जनरल सेक्रेटरी मौलाना इकबाल दानिश ने लोगों से वादा लिया की हर तरह से 13 नवंबर को होने वाले प्रोग्राम को कामयाब करना है तरीके बेदारी के सर पस्त मौलाना अयूब मिस्बाही साहब ने लोगों से बुराइयां खत्म करने का अहद लिया अल जमीअतुल हाफिज या के प्रिंसिपलअल्लामा मुफ्ती नजमुद्दीन साहब के सर परस्ती मे मीटिंग रखी जो बहुत कामयाब रहा ओर अल जामेअतूल हाफ़िज़ या के सदर मोदरिस कारी तौहिद रजा तरन्नुम साहब हाफिज इफ्तिखार साहब मौलाना मकसूद साहब हाफिज गुलाम वारिस साहब इंदिरा इलाके के आए हुए तमाम औलमा ऐ कराम मोहम्मद ऐकरामुल अंसारी साहब हसीब अंसारी हैदर अंसारी और फिरोज अंसारी साहब महबूब अंसारी साहब इसहाक अंसारी साहब तफज्जुल अंसारी मोहम्मद रोजिद अंसारी सरफराज अहमद अयुब अंसारी शमिम अंसारी शहजाद अंसारी काफी तमाम लोग शामिल हुए और मीटिंग बहुत रही

## योर्स द्वारा आयोजित दुर्गापूजा सम्मान समारोह का समापन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर शहर के गांधी चौक पर योर्स क्लब के द्वारा दुर्गा पूजा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक, कल्याण, खेलकूद कला- संस्कृति,पर्यटन विभाग के मंत्री हफिजुल हसन अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व मंत्री श्री अंसारी ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं अध्यक्ष संजय शर्मा ने शॉल एवं सचिव प्रसाद चटर्जी ने पौधा देकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर शहर में आयोजित 16 दुर्गा पूजा समितियों के बीच 3 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई थी।जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा विसर्जन, सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा साज- सज्जा और सर्वश्रेष्ठ पूजा व्यवस्था में बेहतर करने वाले को क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार व प्रमाण पत्र से उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य समितियों को प्रोत्साहन पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर उन्हें भी प्रोत्साहित की गई।सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा विसर्जन में गांधी चौक प्रथम, श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा पूजा समिति द्वितीय, मिलन संघ खलासी मोहल्ला तृतीय, प्रतिमा साज- सज्जा में पुल पार दुर्गा पूजा समिति प्रथम, हटिया दुर्गा पूजा समिति द्वितीय,लालगढ़ दुर्गा पूजा समिति व डंगालपाड़ा पूजा समिति तृतीय स्थान पर रही। सर्वश्रेष्ठ पूजा व्यवस्था में कालीपुर टाउन दुर्गा पूजा समिति और जगत जननी दुर्गा पूजा समिति प्रथम स्थान प्राप्त की, जबकि हटिया दुर्गा पूजा समिति और श्री श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा पूजा समिति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया! वहीं गांधी चौक दुर्गा पूजा समिति तृतीय स्थान पर रही। रावण दहन के लिए राज-राजेश्वरी दुर्गा पूजा समिति शेखपुरा को विशेष पुरस्कार दिया गया। साथ ही फूलदानी रोड पथलचपटी में पहली बार दुर्गा पूजा प्रारंभ करने को लेकर उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। सभी पूजा समितियों के मूल्यांकन के लिए 11 निर्णायक मंडली बनाई गई थी।जिनमें एसडीपीओ विनोद रवानी,थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा, नगर परिषद की प्रशासक शिखा कुमारी, महिला समिति अध्यक्षा डॉ सुमन लता, नागरिक समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार, चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव हेमंत नारायण सिंह, क्रिएटिव करियर क्लासेस के पंकज पीयूष, समाजसेवी महेश बथवाल मारवाड़ी महिला समिति की पूर्व अध्यक्षा मिता गुटगुटिया, न्यूज़ लाईन के निदेशक प्रिंस समद, मधुपुर दुर्गा पूजा समिति के संयोजक कन्हैया लाल कन्नू थे।सभी निर्णायकों को मंत्री हफ़िजूल हसन के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि योर्स के द्वारा इस तरह के कार्य समाज में आपसी सद्भाव, शांतिपूर्ण माहौल को बनता है। इस तरह के कार्यक्रम करने से प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है।

### प्रशिक्षणु आईएएस सुलोचना मीना ने किया बाल गृह का औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** जिला के अन्तर्गत बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु संचालित विभिन्न बाल गृहों, स्वैच्छिक आवासीय विद्यालय एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण तथा महिलाओं के लिए संचालित उज्जवला होम एवं स्वाधार गृह का औचिक निरीक्षण उपायुक्त नैनसी सहाय के निर्देश पर प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीना के द्वारा किया गया। विदित हो कि बाल गृहों के संचालत हेतु झारखण्ड किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) नियम, 2017 का अनुपालन करना अनिवार्य है। दिनांक 28 अक्टूबर 2023 करे बरही स्थित बाल गृह का औक्षक निरीक्षण किया गया। यह बाल गृह एक गैर सरकारी संस्था जन जागरण केन्द्र के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में संस्था में आवासित दिव्यांग बच्चों का आवासन एवं साफ-सफाई अच्छा नहीं पाया गया। संस्था में कार्यरत कर्मचारी का बिना अनुमति का संस्था से अनुपस्थित रहने के कारण उनकी अनुपस्थिति अवधि का वेतन भुगतान नहीं करने हेतु संस्था के संचालक को निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खालखो एवं विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह भी शामिल थे।

### आहलेसुन्नत मक्का मस्जिद चांदमारी में गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** शहर के चांदमारी मुहल्ला स्थित आहले सुन्नत मक्का मस्जिद में गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में नौजवान कमेटी चांदवारी की ओर से लोगों के बीच लंगर का आयोजन भी किया गया। मौके पर उलेमाओं ने शिरकत किया। कान्फ्रेंस की शुरुआत हाफिज व कारी रियाज ने कुराने पाक की तिलावत से की गई। वहीं मंच संचालन मोहम्मद सरफराज अंसारी ने किया। मौके पर मौलाना अजमल नुरी ने कहा कि हमारा समाज तमाम बुराइयों को अपनाए हुए हैं। इस कारण हम दीन के रास्ते से भटक गए हैं। कहा कि दीन की खिदमत करना इंसानी फलाह और समाज को बेहतर बनाना है। मौके पर मौलाना मुफ्ती परवेज मिस्बाही ने कहा कि इसलाम इंसानियत और मानवता का पैगाम देता है।इस मौके पर नातखां शाहिद रजा अलिमी, हफिज रियाज, इस्तियाक मधुपुरी, हाफिज जमीर, मो०सरफुद्दीन, समेत नौजवान कमेटी के मो०लुकमान, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद जोली, मो० इरफान, परवेज आलम, रौनक जमीर, डॉक्टर शाहनवाज, राजा बाबू, मोहम्मद शब्बीर की सराहनीय भूमिका रही। वहीं चांदमारी, पसिया, लालगढ़, आमतला भेड़वा, बेलपाडा, मुंशी नबी बक्स मुहल्ले के स्थानीय लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

### सारेसकुंडा वासुदेव मंदिर में नियम सेवा का हुआ आयोजन सैकड़ो भक्तजन हुए शामिल



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला /जामताड़ा।** सारेसकुंडा ठाकुरबाड़ी वासुदेव मंदिर में नियम सेवा सह वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरोहित मिठु चक्रवर्ती के सानिध्य में तथा सेवक मृत्युंजय तिवारी के देखरेख में भगवान वासुदेव की नियम सेवा कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर दूर दराज से काफी संख्या में भक्तजन नियम सेवा में शामिल हुए ।मालूम हो कि पुरोहित मिठु चक्रवर्ती के सानिध्य में भगवान वासुदेव का नियम भोग, आरती आदि अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान पूर्वक किया गया ।इस अवसर पर भक्त जनों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया ।तत्पश्चात महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में भक्तजन शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किए। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।मालूम हो कि इस नियम सेवा में सभी दूर दराज के काफी संख्या में भक्तजन नियम निष्ठा के साथ नियम सेवा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस मंदिर में वर्षों से चली आ रही प्राचीन परंपरा के अनुसार नियम सेवा, भोग आरती ,तथा मच्छप महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

**सेमिनार** सेमिनार की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई

# एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत कृषकों के पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, झारखंड फसल राहत योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत कृषकों को प्रकृतिक आपदा से फसलों के नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। खरीफ एवं रबी फसलों के लिए कृषकों को अलग-अलग निबंध करना होता है। वर्तमान रब्बी खेती के मद्देनजर निबंधन प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कृषकों को प्रोत्साहित करने को कहा। कृषकों की सही पहचान कर सत्यापन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से करने एवं निबंध प्रक्रिया में राजस्व कर्मियों तथा प्रज्ञा केन्द्रों को क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही पैकस के माध्यम से गोदाम धान के स्टॉल तथा वास्तविक स्टॉल का सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने संबंधित आंचल एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि, खरीफ फसल मौसम 2023-24 हेतु निबंधन एवं आवेदन प्रारंभ है। योजना के तहत सी.एस.सी. के द्वारा आवेदन करने वाले पूर्व से निबंध किसानों को आवेदन हेतु 10/- मात्र एवं नए निबंध और आवेदन करने वाले किसानों को 40/- मात्र ही देना है। स्वयं ऑनलाइन निबंधन और आवेदन करने वाले किसानों एवं सी.एस.सी के द्वारा आवेदन करने वाले किसानों को इ- के.वाई. सी. के लिए, सी.एस.सी. को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है।

**झारखण्ड राज्य फसल राहत योजनाः** झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना फसल क्षति होने पर किसानों को प्रदान की जानेवाली एक ि योजना है। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षति के मामले में किसानों को एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना से भू-स्वामी तथा भूमिहीन किसान यानि बटाईदार किसान दोनो लाभान्वित होगे। इस योजना के तहत किसानों से किसी भी प्रकार के फसली प्रिमियम नहीं लिया जाना है। पंजीकरण एवं आवेदन हेतु आवेदन https://jrfry.jharkhand.gov.in पर स्वयं अथवा नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में किया जा सकता है। इस हेतु सी०ए०सी० के द्वारा आवेदन करने वाले पूर्ण सेन किसानों को आवेदन दस रूपये मात्र एवं नये निबंधन और आवेदन करनेवाले किसानों को मात्र चालीस रुपये देना है। किसानों के आवेदन उपरांत अंचल उप निरीक्षक एवं अंचल शत-प्रतिशत आवेदन एवं विवरण सत्यापन करेंगे। अंचलाधिकारी रैंडम तरीके से पच्चीस प्रतिशत किसानों का सत्यापन करेंगे। अपर समाहता द्वारा दस प्रतिशत किसानों की सूची का सत्यापन किया जायेगा तथा उपायुक्त द्वारा भौतिक सत्यापन के लिए डी०एल०सी०सी० को कम से कम दो प्रतिशत किसानी की सूची सौंपी जायेगी।

### अग्नि पीड़ीत परिवार को बीडीओ राजीव कुमार ने दी सहायता राशि व सामग्री

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** बीते दिन मधुपुर प्रखंड के बूढ़ेई पंचायत के सलैया गांव मे आग लगी घटना घटित हुई थी। मधुपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह के द्वारा पीड़ित परिवार को आपदा राहत प्रबंधन की ओर से 95100 के साथ कपड़ा बर्तन के लिए 2000 साथ में आग



लगी में जले राशन कार्ड इत्यादि सामग्री मुहैया कराई। विदित हो कि आग लगी की घटना में पीड़ित के घर में रखा सामग्री पुरी तरह से जल कर राख हो गई थी। सामग्री अंचल और प्रखंड कार्यालय के द्वारा पीडीत परिवार को मुहैया कराई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार को मनरेगा की ओर से जॉब कार्ड, पशु पालन विभाग की ओर से पशुधन योजना का लाभ भी उपलब्ध कराया जा चुका है। कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता के अंतर्गत अनुमंडल चिकित्सा के प्रभारी डॉ आशा कुमारी के द्वारा स्वास्थ्य प्रतिवेदन व आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया है।

# छोटन पासवान बने जदयू के अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के निष्ठावान नेता छोटन पासवान को अनुसूचित जाति - जनजाति प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं प्रदेश अनुसूचित जाति अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान उपस्थित थे। छोटन पासवान के अध्यक्ष के लिए मनोनीत होने पर जनता दल यूनाइटेड परिवार में हर्ष व्याप्त है एवं जदयू जिला समिति के नेताओं व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद दिया एवं छोटन पासवान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला जदयू समिति के पदाधिकारीयों ने इस अवसर पर श्री पासवान पर संगठन की मजबूती एवं विस्तारीकरण को लेकर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि छोटन पासवान के नेतृत्व में जिला जनता दल यूनाइटेड मजबूत होगा और इसकी मजबूती के लिए श्री पासवान काम करेंगे। वहीं अनुसूचित जाति - जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने को लेकर श्री पासवान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से उनके उपर भरोसा जताते हुए संगठन ने उनके कंधे पर जो अहम जिम्मेदारियां सौंपी है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। संगठन की मजबूती एवं विस्तारीकरण को लेकर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के सहयोग से सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के साथ जोड़ने का काम करेंग। इस मौके पर धन्यवाद देने वालों में जिला प्रवक्ता सह वरीय उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साबिर खान, वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी चंद्र मोहन पटेल, अल्पसंख्यक के महासचिव रोमी सलूजा, जिला के वरिष्ठ नेता राजू खंडेलवाल, प्रेमचंद राम, राकेश गुप्ता सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### शांति भंग में 03 व्यक्ति गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 30/10/2023 को थाना हरैया बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

### शांति भंग में 03 व्यक्ति गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक 30/10/2023 को थाना पचपेड़वा बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

### नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मुर्गी चूज़ा पालन कार्यक्रम का शुभारंभ

**बलरामपुर।** नवीं वाहिनी बलरामपुर की सीमा चौकी कोयलाबास के कार्यक्षेत्र के जरवा कैंप ओल्ड लोकेशन में ऋषिपाल सिंह,द्वितीय कमान अधिकारी,नवीं वाहिनी के कुशल नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मुर्गी पालन वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण के दौरान बताया गया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है। जिससे इस योजना से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय व आय बढ़ाने में मदद मिलेगा तथा नवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कार्यक्रम का प्रंशसा करते हुए सशस्त्र सीमाबल के जवानो की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट संजय कुमार शर्मा नौवी वाहिनी,अल्ताफ अली IB (intelligence Bureau ), कल्याण सेवा संस्था (NGO), प्रधान सकील अहमद जरवा व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया



**सिकंदरपुर, बलिया।** सोमवार को सिकंदरपुर क्षेत्र के महथापार गांव में काली माता के मंदिर पर सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के समाजसेवी योगेश्वर सिंह के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ डॉ एसएन सिंह एवं शत्रुघ्न सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में चिकित्सकों की टीम में डा एस एन सिंह, डा प्रकाश चंद शर्मा, डा पंकज मिश्रा, डा मनिंदर राय, डा आर के राय ने अपनी सेवाएं दी। दूरभाष पर बातचीत के दौरान समाज सेवा योगेश्वर सिंह ने कहा कि इस तरह के शिविर लगाने के लिए समाजसेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए, जिससे समाज के लोगों को इसका लाभ मिल सके। आज महथापार गांव के मंदिर पर मेरे द्वारा लगे स्वास्थ्य शिविर के दौरान गांव के बुजुर्ग महिला, पुरुष, सहित गांव के 250 से ज्यादा लोगो ने इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।इस मौके पर शत्रुघ्न सिंह, राम जी मिश्रा, सुनील मिश्रा, रोशन सिंह, पुनपुन पासवान, टाइगर सिंह, पुष्कर राय मोनू, अनूप गोंड, मिश्रा जी, गुलाब गोंड, गोनू, अखिलेश शर्मा, कुलदीप वर्मा, रोहित वर्मा, सुखारी, मनीष, छोटक, भोला, चंद्रशेखर, पुनु सिंह, शैलेष वर्मा, गुलशन, सचिन, शैलेंद्र चौहान, अभिषेक, मुकेश, मुन्ना, गोलू, मनीष सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत मुर्गी चूज़ा पालन कार्यक्रम का शुभारंभ



**बलरामपुर।** नवीं वाहिनी बलरामपुर की सीमा चौकी कोयलाबास के कार्यक्षेत्र के जरवा कैंप ओल्ड लोकेशन में ऋषिपाल सिंह,द्वितीय कमान अधिकारी,नवीं वाहिनी के कुशल नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मुर्गी पालन वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण के दौरान बताया गया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है। जिससे इस योजना से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय व आय बढ़ाने में मदद मिलेगा तथा नवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कार्यक्रम का प्रंशसा करते हुए सशस्त्र सीमाबल के जवानो की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट संजय कुमार शर्मा नौवी वाहिनी,अल्ताफ अली IB (intelligence Bureau ), कल्याण सेवा संस्था (NGO), प्रधान सकील अहमद जरवा व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस की रिमांड अर्जी खारिज, मार पीट की धाराओं में बना था रिमांड





**वाराणसी।** महिला की जमीन पर अवैध रूप से रास्ता बनाने और विरोध करने पर महिला को गालियां देते हुए मारने-पीटने के मामले में रिमांड मजिस्ट्रेट सुनिधि वर्मा की अदालत में फूलपुर पुलिस द्वारा 109, 306, 511, 147, 323, 504 के तहत रिमांड प्रस्तुत किया गया। जिस पर बचाव पक्ष के अधिवक्तागण अनुज यादव, पंकज तिवारी व रोहित यादव द्वारा यह कहते हुए रिमांड का विरोध किया गया कि आईपीसी की धारा 109, 306, 511 व 506 का कोई अपराध एफआईआर में वर्णित तथ्यों के आधार पर नहीं बनता है तथा इन धाराओं में रिमांड नही बन सकता है जिसके संबध में न्यायालय से अनुरोध की गई। कोर्ट ने एफआईआर व विवेचक द्वारा केस डायरी में संकलित साक्ष्यों को देखते हुए बचाव पक्ष के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अभियुक्तगण का रिमांड 109, 306, 511 व 506 में निरस्त करते हुए शेष धाराओं में वारंट बनाया गया। जिसमे न्यायालय में बचाव पक्ष द्वारा शेष धाराओं में जमानत प्रस्तुत करने पर आरोपितों की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए सभी 13 आरोपितों को 20-20 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। प्रकरण के अनुसार फूलपुर निवासी रोहित कुमार यादव ने फूलपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 28 अक्टूबर 2023 को सुबह 8.30 बजे गांव के ही अक्षय कुमार, बच्चालाल, सपना यादव, सुरज यादव, रामसमुझ, महेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, किशन यादव, आलोक यादव, अमित यादव, मनोज यादव, विपिन पाल, राहुल यादव उसकी भूमि पर चढ आये तथा जबरदस्ती उसकी भूमि से रास्ता बनाने लगे। जब उसकी माँ पार्वती देवी ने मना किया तो गाली गुप्ता देने लगे। इस दौरान उसकी माँ को अपनी जमीन बचाने का कोई विकल्प नही सूझा तो उन्होने इन लोगो की प्रताड़ना व उकसावे में आकर खुद को आग लगी ली। जिसके पश्चात ये लोग मौके से भागने लगे। इस मामले में फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त 13 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 109, 147, 323, 306, 504, 506 व 511 के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। साथ ही अदालत से सभी आरोपितों का न्यायिक रिमांड बनाने की अपील की। पुलिस के रिमांड अर्ज़ी पर बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने विरोध किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पुलिस की आईपीसी की धारा 109, 306, 511 व 506 की रिमांड निरस्त करते हुए शेष धाराओं में आरोपितों का न्यायिक रिमांड बनाया। जिसके बाद आरोपितों की ओर से दी गयी जमानत अर्जी को भी मंजूर कर लिया।

# कौशल विकास योजना प्रशिक्षण आयोजित की गई



**सिकंदरपुर, बलिया।** तहसील क्षेत्र के बहु प्रतिष्ठित मां फूला देवी कन्या महाविद्यालय तिलौली में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही कौशल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री राजधारी सिंह ने किया।जिस में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक ,कौशल विकास योजना से युवाओं को लिए काफी फायदा मिला है, और यह काफी कारगर भी साबित हुआ है ।आज इस कन्या महाविद्यालय में इसका शुभारंभ हुआ है। जिस में कंप्यूटर की पढ़ाई, सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी एंड वैलनेस का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ।जिससे कि रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सुलभ होंगे ।इस योजना का मुख्य उद्देश्य हमारे देश का युवा स्वरोजगार के साथ-साथ रोजगार देने वाला बने।बताया कि प्रथम सत्र में 150 छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश कुमार, आई टी आई तिलौली के प्रबन्धक सन्तोष वर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे ।

# धनतेरस पर आशीर्वाद बरसाएंगी मां अन्नपूर्णा



**वाराणसी।** विश्वनाथ की नगरी काशी में अन्न-धन की देवी माता अन्नपूर्णा इस बार पांच दिनों तक भक्तों पर अपना आशीर्वाद बरसाएंगी। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में बाबा के आंगन में विराजमान मां के दर्शन 10 नवंबर से ही शुरू हो जाएंगे। पहले तीन से चार दिन ही माता के दर्शन होते थे। तिथियों के हेरफेर के कारण पहली बार ऐसा हो रहा है। माता के दर्शन 10 से 14 नवंबर पांच दिनों तक होंगे। इस बार धनतेरस 10 नवंबर को पड़ रहा है। 11 नवंबर को छोटी दीपावली, 12 को दीपावली और 13 को सोमवती अमावस्या है। 14 नवंबर को अन्नकूट की झांकी सजाई जाएगी। मां अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी के अनुसार धनतेरस से स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के विग्रहों के दर्शन शुरू होंगे। दर्शन-पूजन का क्रम 14 नवंबर तक चलेगा। और इस दिन खजाना बांटा जाएगा।अन्नकूट की झांकी के बाद मध्य रात्रि में दर्शन-पूजन अगले साल तक के लिए बंद हो जाएगा। भक्त इस बार माता के स्वर्णमयी विग्रह मां अन्नपूर्णा, मां भूमि देवी और रजत महादेव के दर्शन कर सकेंगे।

# जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

### पराली के प्रबंधन के लिए कृषकों को कृषि यंत्र पर दिया जाएगा 50 प्रतिशत अनुदान- जिलाधिकारी महोदय

**सम्वाददाता संतोष दुबे, जनपद बलरामपुर।** पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं पराली प्रबंधन के संबंध में जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन प्रयोजन के लिए विशेष निर्मित कृषि यंत्र के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए उनकी जानकारी कृषकों को प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। कृषकों को इन कृषि यंत्रों हेतु 50 प्रतिशत अनुदान तथा कृषि उत्पादन संघ एवं ग्राम पंचायत को फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु 80 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषक भाईयो को पराली को न जलाने तथा इसका प्रयोग पशु चारा, कंपोस्ट खाद बनाने ,बायोकोल, बायो फ्यूल एवं सीबीजी आदि के रूप में प्रयोग के बारे में जागरूक किया जाए। इसके लिए पूरे जनपद में 24000 बायो डी कंपोजर बोतल/ कैप्सूल का वितरण कृषकों को निशुल्क किया जाएगा। बायो डी कंपोजर की एक बोतल/कैप्सूल पैक 1 एकड़ क्षेत्रफल में पर्याप्त होती है। डीकंपोजर के प्रयोग से शीघ्रता से फसल अवशेषों को सड़ाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डी कंपोजर का उपयोग पराली को कंपोस्ट बनाकर कृषक के खेत में इन सीटू प्रबंध कर तथा सामुदायिक तौर पर प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए सामुदायिक स्थलों पर कंपोस्ट खाद के लिए गड्ढे का खुदान कराया जाए। उन्होंने किसानों से पराली संग्रह कर निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल पर लाने का निर्देश दिया। इसके लिए विशेष कार्य योजना बनाएं जाने का निर्देश दिया। विशेषकर जिन कृषकों के खेत में फसल अवशेष जलाने की घटनाएं गत वर्षो में सामने आई है उन कृषकों के खेत पर सतत दृष्टि रखी जाए तथा उनको पराली प्रबंधन हेतु प्रेरित किया जाए तथा उनसे भी पराली संग्रह कर गौशालाओं में दान कराई जाए। जनपद में विशेष अभियान पराली दो खाद लो कार्यक्रम का संचालन कराया जाए। जनपद के समस्त ग्राम में लेखपाल, सचिव के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष जलाने पर अर्थ दंड के प्रावधानों से अवगत कराए जाने का निर्देश दिया।

### बुनियादी शिक्षा विकास हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**सम्वाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से पिरामल फाऊंडेशन द्वारा बुनियादी भाषा कौशल एवम संख्या ज्ञान पर धर्म गुरुओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों की भाषाई और गणित की अवधारणा को कैसे मजबूत किया जाए इस पर शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में मदरसा धर्मगुरुओं, शिक्षक एवम शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यशाला का आयोजन बलरामपुर के एक होटल में आयोजन किया गया। पीरामल फाउंडेशन की टीम ने गूगल रीड अलोंग द्वारा सभी शिक्षकों को अवगत कराया कि इस इसके माध्यम से बच्चों की भाषाई क्षमता को विकसित किया जा सकता है। सभी शिक्षकों ने ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड किया और यह भी सुनिश्चित किया कि वे अपने मदरसा के शिक्षकों और अभिवावकों को प्रेरित करेंगे कि बच्चों के साथ इसके माध्यम से भाषाई क्षमता पर काम करें, ताकि निपुण भारत का उद्देश्य प्राप्त हो। सभी धर्म गुरुओं ने यह निर्णय लिया कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम पर भी हमे काम करने को आवश्यकता है। कार्यशाला में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत कुमार ने पिरामल फाउंडेशन के प्रयास को सराहनीय बताते हुए सभी मदरसा शिक्षकों से अपील की आप अपने मदरसों को डिजिटल तौर तरीकों से मॉडल मदरसा बनाए ताकि दूसरे मदरसों को भी अपने सीखने की प्रेरणा मिल सके साथ ही पिरामल फाउंडेशन की टीम से कहा की मदरसा के टीचर्स की ट्रेनिंग नियमित अंतराल पर किया जाए और मदरसा का भ्रमण भी किया जाए ताकि मदरसा को एक आदर्श मदरसा बनाया जाए और शिक्षा को और बेहतर बनाने हेतु सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात की।

### वरिष्ट समाजसेबी कुंवर सुमेर सिंह द्वारा वृद्धा आश्रम मे किया गया फल वितरण

**संवाददाता संतोष दुबे, बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के ग्राम आबर थाना गौरा स्थित वृद्धाश्रम में भाजपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर सुमेर सिंह ने वृद्ध जनों को फल वितरण करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री सिंह ने भविष्य में समय-समय पर वृद्ध माता-पिता का सेवा कार्य करके आशीर्वाद प्राप्त करने का संकल्प लिया। सामाजिक चेतना को लेकर चिंतन करते हुए उन्होंने कहाकी समाज अलगाववाद की तरफ अग्रसर है। यह बहुत ही दुखद है। वृद्धाश्रम संस्था संचालकके प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री सिंह ने कहा की सभी वृद्ध माता-पिता का संस्था के स्टाफ द्वारा अच्छे से उदारता पूर्ण ढंग से देखभाल किया जा रहा है। जो सराहनीय है। वृद्धाश्रम के स्टाफ द्वारा बताया गया कि समय-समय पर वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी योग्य डॉक्टरों द्वारा कराया जाता है मीनू के अनुसार सुपाच्य भोजन भी दिया जाता है। कुंवर सुमेर सिंह ने कहा कि आज मैं वृद्ध माता-पिता को फल वितरण करके अति प्रसन्न हूं। उन्होंने कहा कि वृद्ध माता-पिता की सेवाका अवसर उन्ही को मिलता है। जिसके सभी पुण्य उदय हो जातेहै। उन्होंने संस्था संचालक की काफी प्रशंसा की, उन्होंने समाज के लोगों से अपील किया कि वृद्ध माता-पिता के साथ उदारता पूर्ण व्यवहार करें,उनके सेवा कार्यों का अनदेखा न करें,वृद्ध माता-पिता के आशीर्वाद से ही जीवन में उन्नति संभव है। फल वितरण कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के स्टाफ ने काफी सहयोग किया। इस अवसर पर समाजसेवी सहित कमलेश कुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार मिश्रा, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, संतोष कुमार दुबे सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

यात्रा | बिहार जैसे यूपी में भी जातिगत गणना एवं ओबीसी महिला आरक्षण लागू हो : श्रवण कुमार

# सरदार सेना के जनहित संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**वाराणसी।** आज दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आर. एस. पटेल जी के आह्वान पर जिला इकाई वाराणसी के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जयंती के पूर्व संध्या पर जातीय जनगणना व ओबीसी महिला आरक्षण को लेकर जनहित संकल्प यात्रा निकाला गया। इस यात्रा को बतौर मुख्य अतिथि बिहार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार एवं सरदार सेना के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा हरहुआ स्थित काशी कृषक इंटर कालेज से 12.00बजे आरंभ होकर हरहुआ बाजार से होते हुए काजीसराय से होकर मोहनपुर विरापट्टी होते हुए, विरापट्टी चौराहे से उंदी, सत्यबलपुर होते हुए बेलवरियां में सरदार पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए चांदमारी, मीरापुर-बसहीं, भोजूबीर से होते हुए लगभग 2.30 बजे कचहरी स्थित शास्त्री घाट पहुंचकर जनहित संकल्प यात्रा धरना के रूप में तब्दील हो गया। धरना के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने कहा कि जिस तरह से बिहार आज देश का सबसे तेज विकास करने वाला राज्य बना है, आजादी के बाद पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के नेतृत्व में जातीय गणना हुआ और सभी को उनका सम्पूर्ण अधिकार दिया जा रहा है। जिस तरह से हमारे नेता नितीश के नेतृत्व में बिहार विकास का मॉडल बना है उसी तरह हम अपने नेता के नेतृत्व में सरदार पटेल के सपने को पूरे देश में पूरा करना चाहते है। तदोपरान्त सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 74 साल बीत जाने के बाद भी हमारे एससी, एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक समाज को वास्तविक अधिकार/ भागीदारी प्राप्त नहीं हो पायी, कुछेक को छोड़ दिया जाय तो हमारे 90 प्रतिशत समाज की हालात बद से बदतर होती जा रही है। वर्तमान समय में प्रदेश व केन्द्र की सरकार ने तो हमारे अधिकारों पर डाका डाल दिया है। ओबीसी आरक्षण लगभग समाप्ति की ओर है। देश के सभी संवैधानिक पदों पर (चपरासी से लेकर जज तक) अधिकतर में वंचित वर्ग शून्य के बराबर है। अभी हाल ही में महिला आरक्षण बिल मोदी सरकार द्वारा लाया गया जिसमें एससी, एसटी एवं समान्य वर्ग की महिलाओं के लिए बिल में आरक्षण का प्रावधान तो है लेकिन ओबीसी महिलाओं के अधिकार पर डाका डालते हुये इन्हे आरक्षित नहीं किया गया। मोदी सरकार द्वारा यह ओबीसी वर्ग के साथ घोर अन्याय एवं कुठाराघात किया गया है। श्री पटेल ने कहा कि जिस तरह से बिहार में नितीश सरकार ने जातीय गणना किया, तदोपरान ओबीसी को अब सम्पूर्ण अधिकार देने की तैयारी चल रही है। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर बिना जातीय जनगणना के ओबीसी वर्ग को सम्पूर्ण अधिकार मिलना सम्भव नहीं लगता है । इस लिये अपने आने वाले भविष्य को गुलामी से बचाने के लिए एवं देश के सभी क्षेत्रों में आबादी के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सरदार सेना ने लगातार आवाज बुलन्द किया है। आगे सरदार सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष व यात्रा प्रभारी बालकिसुन पटेल ने कहा कि वंचित वर्गों के सम्पूर्ण अधिकार हेतु आगे भी आन्दोलन जारी रहेंगे तथा सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि हमारे जनपद के सरदार सैनिकों ने लगातार संवैधानिक आन्दोलन किया गया। इसी क्रम में धरना के बाद अधिकारी का इंतजार करते रहे जब अधिकारी ज्ञापन हेतु देर करने लगे तो सरदार सैनिकों ने आक्रोश मार्च निकालकर कलेक्ट्रेड मुख्य द्वार का घेराव किया इस दौरान सुधीर सिंह पटेल, पूर्व प्रधान घनश्याम पटेल, सुरेश वर्मा, जेपी पटेल, हर्ष राजभर, नरेन्द्र पाल, अजित पाल, शुशील पटेल, रवि पटेल, जितेन्द्र पटेल, एड. सुब्रत, अमन वर्मा, महेन्द्र वर्मा, धर्मदास, सुनील पटेल , योगेश कुमार, मुन्ना पटेल, रामविकास वर्मा, शिवकुमार पाल, अरविन्द सहित सरदार सेना के सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भव्य अंदाज से रामचरित मानस पाठ का हुआ समापन





**वाराणसी, चौबेपुर।** क्षेत्र के सोनबरसा स्थित श्री राम दरबार में आयोजित दो दिवसीय श्री रामचरित मानस पाठ का समापन रविवार को देर रात भव्य अंदाज में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम में मोनू के डमरूदल द्वारा डमरू बजाकर की गईं भव्य आकर्षक आरती की पूरी क्षेत्र में चर्चा रही, विपिन त्रिपाठी ने रामायणी की मुख्य भूमिका निभाई उनके भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमें गायकी के क्षेत्र में धूम मचा रहे डॉ वीरेन्द्र दूबे ने भी भजनो के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, श्रद्धालुओं और अतिथियों का स्वागत व आभार श्री राम दरबार पंडित राजेंद्र प्रसाद दुलारी देवी स्मृति कल्याणार्थ ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष घनश्याम मिश्र एडवोकेट /पत्रकार, प्रबंधक किरन मिश्रा व सदस्यगण आकाश मिश्र, विकास मिश्र, कुमार सौरभ मिश्र, विवेकानंद पाण्डेय, अजय सेठ, जितेन्द्र पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय व मुन्नीलाल पाण्डेय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूपी बार कौंसिल के सदस्य विनोद कुमार पाण्डेय, सेंट्रल बार अध्यक्ष प्रभुनरायण पाण्डेय, सेंट्रल बार के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह प्रिंस, फ़ौजदारी अधिवक्ता अनुज यादव, चिरईगांव ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह चंचल, सपा नेता अवधेश पाठक, विधिक पत्रकार अमरेंद्र तिवारी, वीरेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, धीरेन्द्रनाथ शर्मा व अधिवक्तागण मंगलेश दूबे, प्रेम प्रकाश सिंह गौतम, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, संतोष त्रिपाठी, पत्रकार देवमणि त्रिपाठी, रंजन मिश्र, उदय नाथ शर्मा के आलावा काफ़ी संख्या में गणमान्य, ग्राम व क्षेत्र वासियो ने शिरकत किया और हर हर महादेव व जय श्री राम के जयकारे से परिसर गूँजता रहा, ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के मुताबिक वर्ष 1971 से हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर रामचरित मानस पाठ आयोजित हो रहा है वर्ष 2016 में चैत्र पूर्णिमा पर ट्रस्ट द्वारा श्री राम दरबार का निर्माण हो जाने के बाद कार्यक्रम भव्य अंदाज में आयोजित हो रहा है सफल आयोजन में सहयोग के लिए आगंतुको के प्रति आभार जताया गया और मंदिर के सुंदरीकरण में सहयोग का आह्वान भी किया गया।

# शहर में जाम की समस्या जल्द समाप्त होगी: डीएम

**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** जिला पदाधिकारी-सह- अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति,की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।सड़क सुरक्षा, शहर में जाम की समस्या, सड़क मरम्मती,बिहार मोटरगाड़ी नियमावली,2021 के तहत दुर्घटना दावा,घायलों की मदद , यातायात नियमो के संबंध में जागरूकता आदि को लेकर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश।सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने, बिना निबंधित वाहन परिचालन, ओवरलोडिंग इत्यादि को लेकर विशेष अभियान चलाने का दिया गया निर्देश स्कूली वाहन का परिचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। आर ओ बी निर्माण के कार्य में तेजी लाएं।शंकर चौक स्थित टेंपो स्टेंड को संचालित करने का निर्देश! जिला धिकारी -सह- अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठ आयोजित की गई। बैठक में सीतामढ़ी शहर में जाम की समस्या एवं निदान, यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराना, यातायात नियंत्रण हेतु सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करना, सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति से संबंधित आंकड़ों का संकलन एवं समेकित प्रतिवेदन तैयार करना, सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु उपाय एवं रणनीति तैयार करना, गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित करना है एवं सूची उपलब्ध कराना एवं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर कार्रवाई करने से संबंधित अन्य एजेंडों पर विस्तृत समीक्षा की



गई।जिला पदाधिकारी द्वारा परिवहन विभाग को निर्देश दिया गया कि बिहार मोटरगाड़ी संशोधन नियमावली 2021 अंतर्गत दुर्घटना दावा से संबंधित विषय, हेलमेट, सीटबेल्ट ओवरलोडिंग तथा सेफड्राइविंग को लेकर, वाहनों पर स्पीड गवर्नर प्रवर्तक टेप लगाने की कार्रवाई, प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध अभियान चलाकर जागरूकता फैलाएं नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि सभी फुटपाथों, को अतिक्रमण से मुक्त कराएं, ठेला वेंडरों के लिए सड़क से दूरस्थान चयनित करें, पर्याप्त संख्या में स्ट्रीट लाइट ट्रैफिक लाइट लगाना सुनिश्चित करें, बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त रखें एवं साफ सफाई शुद्ध पेयजल तथा रोशनी की व्यवस्था की जाए। व्यस्त एवं संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन कराएं, शहर के मुख्य मार्गों में बने गड्ढों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।सड़क अतिक्रमण मुक्त हेतु विशेष अभियान चलाया जाय। साथ ही,बिना निबंधित वाहन परिचालन, ओवरलोडिंग,निर्धारित रूट से इतर वाहन चलाने वाले के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जुर्माना व जब्ती की कार्रवाई प्रारंभ कराएं। । पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनएचआई को निर्देश दिया गया की यातायात संकेतक चिन्हों का प्रावधान सभी जगह सुनिश्चित करें, अधिकाधिक संख्या में जेब्रा क्रॉसिंग का निर्माण करें, सड़कों में तीव्र मोड़ पर रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें, पुराने एनएच पर फुटपाथ का निर्माण करें, सड़क को मोटरेबल रखने हेतु नियमित रूप से साइट का विजिट करें।उन्होंने जिले में दुर्घटना बाहुल्य वलनरेबल स्पॉट्स एवं संभावित ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थलों पर आवश्यक सुधार एवं यातायात पुलिस कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था आदि हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया ताकि जिले में होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंग, ओवरस्पीड करने वाले वाहनों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए उनके चालान काटे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए,ताकि शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके और और किसी के भी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन न किया जा सके।

## खास ख़बर

### तीस किलो गांजा के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**वाराणसी**। मिर्जामुराद पुलिस को सोमवार सुबह बहुत बड़ी सफलता हासिल हुई है पुलिस ने दो तस्करों को तीस किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके बाबत डीसीपी कार्यालय बाबतपुर में पत्रकार वार्ता कर तस्करों को मीडिया के सामने पेश करते हुए डीसीपी गोमती जोन प्रबल प्रताप सिंह ने अहम जानकारी दी है। डीसीपी गोमती जोन प्रबल प्रताप सिंह व एडीसीपी गोमती जोन सर्वडन टी के पर्यवेक्षण में व एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व मे मिर्जामुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने सोमवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर साधु कुटिया रखौना की तरफ आ रहे व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पिट्ठू बैग व दूसरे के कैरी बैग में छिपाकर रखे कुल तीस किलो गांजा बरामद किया है।पकड़े गये तस्करों से नाम पता पूछा गया तो एक नें अपना नाम साहेब अली उर्फ भोला मियां (38) निवासी ग्राम बखरी टोला बलुआ पोस्ट मनीयारा कोठी थाना कुचाँय कोट जिला गोपालगंज बिहार व दूसरे नें अपना नाम अनूप गिरी (21) निवासी सादीपुर मठिया पोस्ट गोरया कोठी थाना गोरया कोठी जिला सिवान बिहार बताया।मिर्जामुराद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया।जिसकी खुलासा डीसीपी गोमती जोन ने अपने बाबतपुर कार्यालय में मीडिया के समक्ष तस्करो को पेश किया।पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि हम लोग गैंग बनाकर बिहार से गांजा को लेकर बासनी जोधपुर राजस्थान में ले जाकर लाल बच्चन नाम के व्यक्ति को बेचते है।एक साथी वशीर मिया ग्राम चतुर बगहा पोस्ट बाबू विशुनपुर थाना यादवपुर जिला गोपालगंज बिहार का रहने वाला है।जोअभी पीछे है। उसके आने पर वह लोग यही से बस पकड़कर राजस्थान जाने वाले थें तभी कि पकड़ लिये गये।इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्धो की सघन चेकिंग कर तीसरे तस्कर को पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया।

### बीटीपी ने तीसरी लिस्ट जारी, की डूंगरपुर विधानसभा से डॉ दीपक घोघरा को टिकट दिया

**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /डूंगरपुर।** बीटीपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ वेलाराम घोघरा के पुत्र है,सागवाड़ा से मोहनलाल डिंडोर मिला टिकट विधान सभा 2023 चुनाव के तारीखे जैसे जैसे आग बढ़ रही वैसे वैसे राजनीति पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर रहे है। इस क्रम बीटीपी ने सोमवार को तीसरी लिस्ट जारी कर 3 प्रत्याशी घोषित किए है। तीसरी लिस्ट में डूंगरपुर,सागवाड़ा ओर जोधपुर से शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार की घोषणा की है। डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र से बीटीपी के प्रत्याशी पर डॉ दीपक घोघरा,सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से मोहनलाल डिंडोर तथा जोधपुर के शेर गढ़ विधानसभा से तगाराम भील को प्रत्याशी बनाया गया है। डूंगरपुर विधानसभा से प्रत्याशी डॉ दीपक घोघरा बीटीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वेलाराम घोघरा के पुत्र है।

### सदन अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में हुई एक बैठक





**मधुबनी** । एक शाम शहीदों के नाम से संबंधित बैठक का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी बाल विकास योजना पदाधिकारी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियो ने भाग लिया। और उनको कई दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि 7 नवम्बर दिन मंगलवार को संध्या 6: बजे से नगर भवन मधुबनी में आप तमाम जिला वासियों को एक शाम शहीदों के नाम में शिरकत होने के लिए आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पटना से कलाकारों की एक टोली आएगी जो शहीदों के याद में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम दिखाया जाएगा।

### उप मुखिया नागेंद्र मौर्य के प्रयास से 2 वर्ष पहले घर से भटके व्यक्ति को मिला अपना परिवार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, अजमेर आलम गौनाहा।** प्रखंड क्षेत्र के मंगुराहा गांव निवासी व स्थानीय उप मुखिया नागेंद्र मौर्य के प्रयास से मुंगेर के मंगल बाजार का रहने वाला 40 वर्षीय गूंगा व बहरा प्रमोद शर्मा 1 सप्ताह पहले बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंड के मंगुरहा गांव में मिला है। उप मुखिया सह युवा समाजसेवी द्वारा उक्त भटके हुए व्यक्ति का फोटो एक सप्ताह से सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा था जिसके चलते घर वालों ने उस पोस्ट को पढ़कर अपने परिवार के भटके हुए व्यक्ति तक पहुंचने में सफल हुए। उप मुखिया ने बताया कि वह व्यक्ति 26 अक्टूबर को मंगुरहा में भटक रहा था। तभी इनके द्वारा पूछ-ताछ करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा एक कागज दिया गया जिस पर उसका नाम पता लिखा हुआ था। उक्त व्यक्ति द्वारा आने से गूंगा व बहरा होने मात्र की जानकारी दी। इसके बाद उप मुखिया विभिन्न माध्यमों से भटक कर पहुंचे इस व्यक्ति की सूचना प्रसारित करने लगे सोशल मीडिया व मीडिया कर्मियों का सहयोग लिया जिसके चलते भटके हुए व्यक्ति के परिजनों को यह जानकारी मिली। 27 अक्टूबर को उसके परिवार वाले गौनाहा पहुंचे और उप मुखिया के घर प्रमोद शर्मा को पाकर काफी प्रसन्न हुए।

## होपमिरर फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन संपन्न



**मधुबनी संवाददाता मो सालिम आजाद।** होप मिरर फाउंडेशन की ओर से समाज के प्रति अपनी सेवा देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ऑफ मिरर फाउंडेशन के अध्यक्ष रमजान शेख द्वारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नवी मुंबई स्थित वाशी में मौजूद विष्णुदास भावे नाट्यगृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के लिए खेलने वाले दिव्यांग क्रिकेटरों को सम्मानित किया गया और देश को एक अलग पहचान दिलाने के लिए उनका हौसला भी बढ़ाया गया। होपमिरर फाउंडेशन ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, पुलिस अधिकारियों, नगर निगम अधिकारियों, भारत में विकलांग क्रिकेट खिलाड़ियों, कलाकारों और कई अन्य लोगों को अपने 'गोल्डन ह्यूमैनिटी अवार्ड' से सम्मानित और गौरवान्वित किया। रमझान शेख ने होपमिरर फाउंडेशन की स्थापना लॉकडाउन मे मार्च 2020 के की थी। लोगों के लिए खड़े होने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित, रमझान शेख ने गैर-सरकारी संगठन होपमिरर फाउंडेशन का गठन किया। विभिन्न सामाजिक चिंताओं को संबोधित करने और अच्छे बदलाव को बढ़ावा देने में, गैर सरकारी संगठन अक्सर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रामदासजी आठवले को अवार्ड शो के मुख्य अतिथि में बुलाके शो की शान दोगुना होगी थी। होपमिरर फाउंडेशन ने एक पुरस्कार शो की मेजबानी की जिसमें दै।

## कब्जाधारी महादलितों ने घर में आग लगाने के आरोप में मुख्य सड़क किया जाम



**मन्त्री भगत, मधवापुर।** मधवापुर थाना क्षेत्र के बिहारी गांव स्थित गुलरिया टोल में बीती रात कब्जाधारी महादलितों के घर में आग लगाकर उत्पात मचाए जाने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर सोमवार की सुबह से ही महादलित परिवार साहरघाट खटखटी चौक से मधवापुर वाली इंडो नेपाल मुख्य सड़क को जाम कर दिया। महादलितों ने कहा कि जिस जमीन पर हमलोग कब्जा किए है, वो बिहार सरकार की जमीन है। कुछ दबंग लोग जबरन अपनी जमीन बता रहा है। रविवार की रात जब हमलोग सो रहे थे तो गांव के ही दबंग विजय सिंह बहुत सारे लोग के साथ आया और हमारे घर में तोड़फोड़ करने लगा। दो लोगों के घर में आग भी लगा दिया। पुलिस के सामने यह पूरी घटना घटी है। पुलिस दबंगों के साथ मिलकर हमारे साथ अन्याय कर रही है। जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है।

## शिव गुरु महोत्सव को लेकर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** आगामी 5 नवम्बर को पटेल मैदान में आयोजित विराट शिव गुरु महोत्सव को लेकर सोमवार को कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने पहुंचे शिव के शिष्य एवं शिष्याओं ने मैदान पर फैले गंदगी की साफ सफाई की।कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक सह शिव शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के सदस्यों ने साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के द्वारा दिए गये मार्गदर्शन पर देश के विभिन्न भुभागों में आयोजित महोत्सव अथवा आपदा के अवसर पर अपने स्थानीय गुरु भाई एवं बहनों के सहयोग से ऐसे कार्य करते रहे है।जिससे लोगों का मन शिव के दिशा में चलने के लिए प्रेरित हो सके।उन्होंने कहा कि एक दिवसीय विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन इसलिए किया जाता है कि इसमें भाग लेने वाले लोगों का गुरु शिव चेतना का परिमार्जन करते है। इसलिए गुरु शिव को चिकित्सक कहा गया है। उन्होंने कहा कि मानव मन हर हमेशा संसार की ओर चलता है जबकि मनुष्य की चाहत होती है कि ईश्वरीय शक्ति से युक्त होकर अपने संसार को भी ठीक करुं और अपने सांसारिक जीवन में यर्थाथ में ईश्वर की अनुभुति को प्राप्त कर जीवन को सही तरीका से जीकर निकल जाऊ।उन्होंने कहा कि सफाई तो भौतिक क्रिया है लेकिन मानव मन की सफाई गुरु शिव करते है और शिष्य भाव का जागरण भी।उन्होंने कहा कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने जबसे भगवान शिव को शिष्य भाव अर्पित करने की बात कही तब से लोगों के जीवन में जीविका की कोई परवाह नही रही। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर में डी एरिया, मुख्य सड़क मार्ग, यातायात व्यवस्था, भीआईपी यातायात व्यवस्था, शौचालय एवं साफ सफाई, पंडाल नियंत्रण, पेयजल, चिकित्सा आदि व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मौके पर डोमी राम, जितेन्द्र सिंह, प्रभाकर मिश्र,किशन रजक, सुरेश साह, अजय मिश्र, रतरंजय सिंह, जटाशंकर ठाकुर, अनिल ठाकुर, जटेश्वर राय,ललित सिंह, सत्य प्रकाश राय, गिरवर चांद, बहन निशी, रीना, प्रेमा सहित भारी संख्या में आयोजन समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेविका चयन की आम सभा का आयोजन हुआ स्थागित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया, नरकटियागंज।** प्रखंड अंतर्गत भेड़ियावा पंचायत के वार्ड नंबर 7 में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविका के बहाली को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें आवेदिका सहित ग्रामीण उपस्थित हुए वही आम सभा की अध्यक्षता वार्ड सदस्य मोहम्मद अशफाक कुरैशी की अध्यक्षता में शुरू हुआ वही आवेदिका में दो आवेदिका मोबिना खातून और रेखा कुमारी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पूर्व पिछले 4 वर्षों की आवेदन पर आमसभा की बहाली की जा रही है बल्कि 2019 में आम सभा को स्थगित कर दिया गया था वही हम लोगों ने 2021 में आवेदन डाला था जिसमें हम लोग का नाम आवेदिकाओं के साथ है वही जिस पर बहाली नहीं की जा रही है पिछले 4 वर्ष पूर्व के आवेदन पर बहाली की जा रही है जिसमें हम लोग का नाम नहीं है जिस पर महिला पर्यवेक्षीका नूतन कुमारी ने बताया कि कोरमा अभाव एवं ग्रामीणों की आपत्ति पर में आमसभा में होने वाले नियुक्ति को स्थगित किया गया है।

### गौनाहा के सीट्ठी मे प्रतिभाओं के साथ अमित कुमार गुडडू ने मनाया अपना जन्मदिन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अजमेर आलम गौनाहा ।** प्रखंड के सीट्ठी खेल के मैदान मे प्रतिभाओं के बीच स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार उर्फ गुड्डू ने अपना जन्मदिन मनाया। सीट्ठी खेल के मैदान में अपना जन्मदिन मनाते हुए अमित कुमार ने खिलाड़ियों के माता पिता को सादर प्रणाम किया जिनके सामर्थ्य सहयोग से खेल दोर्णाचार्य सुमित पांडेय के साथ गौनाहा खेल के क्षेत्र में इतिहास लिखने को आतुर हैं। इस बार जन्मदिन विशेष इस मायने में रहा कि जितने बच्चे शामिल रहें उनकी खुशी का ठिकाना नही रहा सभी को अपना सा लगा। बच्चों ने अमित कुमार को बारी बारी से जन्मदिन की शुभकामना दी। मौके पर खेल प्रशिक्षक सुमित कुमार पांडेय, राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिकेत कुमार,अरमान मियाँ सहित सैकड़ों खेल नर्सरी छात्र उपस्थित रहें।

### एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया



**विशाखा व्यास /दैनिक शुभ भास्कर / राजस्थान /डूंगरपुर बिछीवाड़ा** । पुलिस ने थाने के सामने नाकेबंदी में पकड़ा छह लाख का सोना विधानसभा चुनाव 2023 के तहत बिछीवाड़ा पुलिस की ओर से आज शाम को थाने के सामने नाकेबंदी में 103.600 ग्राम सोने की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा। बिछीवाड़ा पुलिस थानाधिकारी मदनलाल ने बताया की थाने के सामने नाकाबंदी में गुजरात की तरफ से कार आरजे 12 सीबी 2855 आ रही थी। जिसमें कार में सवार कांतिलाल पुत्र मोगजी पाटीदार उम्र 43 साल निवासी वाड़ा हथाई की तलाशी के दौरान दाहिने पैर के जूते को खुलवाकर जुराब में एक सोने का बिस्किट मिला। जिसका वजन करने पर 103.600 ग्राम था। सोने को लेकर कांतिलाल पाटीदार के साथ कोई वैध दस्तावेज नही थे। जिस पर धारा 107-151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर वाहन को भी जब्त कर दिया। जब्त सोने की बाजार कीमत करीबन 6 लाख आंकी गई है।

### धीरजी का खेड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाई वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर/ देवकिशन / राजस्थान /चित्तौड़गढ़।** भदेसर ब्लॉक के धीरजी का खेड़ा गांव में वासुदेव पशु कल्याण एवं शिक्षा सेवा समिति तथा जी.बी.एच जनरल अस्पताल उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र खटीक ने बताया कि जांच उपरांत बस के द्वारा मरीज को निशुल्क बस द्वारा उदयपुर ईलाज करवाकर घर वापिस लाया जायेगा। अस्पताल के शिविर प्रभारी डॉ.रामगोपाल रावत ने बताया की 75 मरीज ने शिविर में भाग लिया 40 मरीज को रेफर किया गया तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजीव गांधी युवा मित्र इनुश मोहम्मद शेख मरीज को स्वास्थ के प्रति जागरूकता देने और ईलाज करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में डॉ.वी.पी. सिह,डॉ.अनुराग गुप्ता, एडमिन मेनेजर गजेन्द्र जैन,संस्थान से औंकार लाल आमेटा, राजेंद्र आमेटा,सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप स्वर्णकार,नारायण सिह आदी ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

### बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा मधुबनी का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू!



**फिरोज आलम, मधुबनी।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा ,मधुबनी के द्वारा अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यलय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया बताया कि हमारी मांगे हैं : सितम्बर एव अक्टूबर का वेतन भुगतान। प्रत्येक माह के अगले 5 तारीख तक वेतन भुगतान करना। नियमित कर्मियों का लंबित महंगाई भत्ता 2019 से 2023तक कुल 4 किस्तों का भुगतान करना। नियोजित कर्मियों का लम्बित मंहगाई भत्ता का भुगतान करना। नियोजित शिक्षकों/पुस्तकाल्याध्यक्षो का पूर्व से EPF कटौती राशि का खाता हस्तांतरण करना। छठे चरण में नियुक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान करना। नवनियुक्त विद्यालय सहायक /परिचारी का वेतन भुगतान करना। शिक्षकेत्तर कर्मियों को ACP का लाभ। जिला में कार्यरत परिचरी का उच्य पद पर प्रोन्नति हेतु पत्र निर्गत करना। सभी शिक्षकों का लंबित वेतन भुगतान की पूर्ति हेतु जिला पदाधिकारी , मधुबनी संग जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी को स्मारित किया जाता रहा लेकिन मांगों की पूर्ति नहीं होने के कारण बाध्य होकर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा मधुबनी के अध्यक्ष फैयाज अहमद एव सचिव शम्भु कुमार झा सहित सैकड़ों BSTA के पदाधिकारी सहित सदस्य जिला शिक्षा पदाधिकारी,मधुबनी के कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू करना पड़ा।आमरण स्थल पर मुख्य रूप से BSTA राज्य सहायक चुनाव आयुक्त हरिवंश नारायण चौधरी,प्रमंडल सचिव समीर अभिषेक,जिला के राज्य कार्यकारिणी मनोज कुमार झा,कोषाध्यक्ष संजीव नयन झा ,परीक्षा सचिव मो0 ओबैदुल्लाह,प्रेस प्रबंधक गौडी कांत मिश्र ,संयुक्त सचिव अशोक कुमार,,राजा राम झा पूर्व सयुक्त सचिव रविंद्र कुमार झा जिला कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र कुमार, बिनोद कुमार,अखिलेश कुमार ठाकुर,शैक्षणिक संयोजक मृत्युंजय कुमार सिंह, झंझारपुर अनुमंडल सचिव राज देव महतो,रहिका प्रखंड सचिव पवन कुमार सिंह,राजनगर प्रखण्ड सचिव मुकेश कुमार झा सहितअन्य सैकड़ों शिक्षक/पुस्तकालयाध्यक्ष/शिक्षेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

**सम्मान** | बालिकाओं ने घरेलू हिंसा के खिलाफ रैली निकाली

## भीख नही अधिकार चाहिये जीने का सम्मान चाहिये




**वाराणसी।** लोक समिति और आशा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को जंसा थाना क्षेत्र के कपरफोड़वा गांव मे बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरसोस बेनीपुर,नागेपुर, खेवली, भतसार,बिरभानपुर,पंडितपुर गांव से आयी किशोरी लड़कियों ने कन्या भ्रूण हत्या,यौन उत्पीड़न, दहेज़,बाल विवाह आदि के खिलाफ रैली निकाली। किशोरियों ने मांग किया कि परिवार और समाज में लड़कियो के साथ पैदा होने के साथ ही भेदभाव होता है। और यह लैंगिक भेद शिक्षा, स्वास्थ्य, काम, पहनावा, रोकटोक इत्यादि के साथ शुरू हो जाता है ।हमे यह भेदभाव पहले अपने परिवार से दूर करना होगा, जब हम परिवार से दूर करेंगे तो समाज से भी दूर होगा।रैली के बाद रामलीला मैदान में बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां किशोरियों ने भ्रूणहत्या,दहेज,गैरब राबरी,लड़कियों के यौन उत्पीड़न आदि पर ,नाटक,भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्घाटन लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर, अनीता,रामबचन ने दीप जलाकर किया।लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि किशोरियों के साथ तमाम प्रकार की हिंसाए होती है हमे हर प्रकार की हिंसा का विरोध करना है।जिन किशोरियों को मौका मिला है वो अपना परचम हर क्षेत्र में फहरा रही है,चाहे वह शिक्षा,खेल,सेना, बैंक का क्षेत्र हो या अन्य कोई भी। किशोरी संगठन की संयोजिका सोनी ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है, जिसे रोकना जरूरी। कार्यक्रम में स्वागत रिया,अध्यक्षता चन्द्रकला,संचालन प्रियंका व अनीता,धन्यवाद ज्ञापन प्रेमा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकिता, खुशबू, पूजा, सरिता, रेखा, नेहा, ऋतु, करीना, मुस्कान, आंचल, रानी, रूपा, सपना, प्रियंका, मैनब, बेबी, सरोज, आशा, रामबचन, अनीता, सोनी, प्रमोद आदि लोग मौजूद रहे।

## खेलों इन्डिया, पीएम मोदी के सपनों को युवा पीढ़ी करें साकार - दीपक यादव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** खेलों इन्डिया देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के सपनों को युवा पीढ़ी साकार करें। उक्त बातें तिरुपति सुगर मिल बगहा के एमडी सह भाजपा नेता दीपक यादव ने कही। वे सोमवार को प्रखंड बगहा एक के चन्द्राहा रुपवलिया पंचायत स्थित शेरा बाजार चन्द्राहा परिसर में भव्य कुश्ती प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आधुनिकता की इस दौर में कुश्ती प्रतियोगिता विलुप्त होने की कगार पर है। लेकिन प्रधानमंत्री ने खेलों इन्डिया का आगाज कर युवाओं व पहलवानों की सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर किया है। भाजपा नेता दीपक यादव ने पहलवानों की हौसला व मनोबल को अफजाई की। कहा कि खेलों इन्डिया में जूड कर अपनी उज्जवल भविष्य व सुनहरे पल की सपनों को साकार कर सकते हैं। हजारों हजार की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों की तालियां बजा कर मनोबल को बढाया। कुश्ती में महिला पहलवानों ने भी खुब प्रदर्शन किया।

## ख़ास ख़बर

### अयोध्या में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला एवं वार्तालाप का आयोजन हुआ संपन्न

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के बैनर तले ग्रामीण पत्रकार संगठन जनपद अयोध्या के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन नवीन सभागार कलेक्ट्रेट अयोध्या में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह रहे।अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण पत्रकारों का बखान करते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकार मेहनत और लगन के साथ गांव की खबरों का संकलन करता है। उन्होंने कहा कि जब सोच सकारात्मक होगी तब कठिनाई कम होगी।,ग्रामीण पत्रकारों को आमंत्रित करके बीच बीच में वार्तालाप करते रहना चाहिए। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का भवन अयोध्या में बनाया जाएगा जिसके लिए हम सांसद निधि से धन उपलब्ध कराएंगे और उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को जमीन उपलब्ध कराने की बात कही।विजय कुमार द्विवेदी अपर निदेशक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि टीवी, रेडियो इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया के द्वारा ग्रामीण जनता को लाभकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाता है। किसानों के लिए क्या लाभकारी योजनाएं चल रही हैं उसे बताया जाता है। ताकि गांव के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके। देव बक्स वर्मा जिलाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अयोध्या द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और कहा गया की मिट्टी को सादर नमन और वंदन करते है ग्रामीण पत्रकारों का स्वागत करते हुए कहा कि गांव का किसान अन्नदाता होता है उनकी समस्याएं ग्रामीण पत्रकार ही उठाता है। जब ग्रामीण पत्रकारों का विकास होगा तभी गांव की मिट्टी का विकास होगा और देश विकसित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से श्रीमती रेणुगोपाल सचिव स्कूली शिक्षा भारत सरकार, राघवेंद्र खरे सीनियर कंसल्टेशन शिक्षा विभाग भारत सरकार, सुंदरम चौरसिया मीडिया एवं संचार अधिकारी, कार्यक्रम का संचालन पी आई वी के राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा किया गया।जिला प्रशासन की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अयोध्या की तरफ से मंडल अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह, रामनेत वर्मा, महामंत्री अवध राम यादव ,जिला मंत्री के एस मिश्रा दिनेश तिवारी और तहसील अध्यक्ष मिल्कीपुर हृदयराम मिश्र, अशोक बि कुमार वर्मा बीकापुर, रवि प्रकाश गुप्ता रुदौली, राम प्रकाश तिवारी सदर,राकेश यादव,पूनम यादव, बलराम तिवारी,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### विधायक ने मेधा ऋषि आश्रम पर विश्राम गिरी निवास का किया भूमि पूजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** विधानसभा रुदौली के सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ मां कामाख्या धाम से थोड़ी दूरी पर घने जंगलों के बीच स्थित मेधा ऋषि आश्रम के दिन अब बहुर गए है।यहाँ रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के प्रयास से आश्रम का सुन्दरीकरण कराया जाएगा।जिसके लिए रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने सोमवार को माँ कामाख्या धाम,सुनवा स्थित घने जंगलों के बीच मेधा ऋषि आश्रम पर महात्माओं के लिए विश्राम गिरी निवास का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। विधायक रामचंद्र यादव के अथक प्रयास से घने जंगलों के बीच स्थित मेधा ऋषि आश्रम का सौन्दरी करण होने जा रहा है, इसी क्रम में सोमवार को महात्माओं के निवास के लिए विश्राम स्थल की भूमि पूजन कर नींव रखी गई।विश्राम गिरी निवास का निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।यहाँ जर्जर आश्रम बना हुआ था जिसका अब सुन्दरीकरण हो सकेगा। इस दौरान माँ कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल,तेज तिवारी,भगवत शरन यादव, सोनू यादव, उमा शंकर सिंह, राकेश यादव, रमेश सिंह प्रधान, विजेंदर शर्मा, नीरज सिंह, जगन्नाथ मौर्या , राम कुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति की परीक्षा 05 नवम्बर को

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु जनपद में 5569 छात्रों ने आवेदन किया है। भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की इस अति महत्वाकांक्षी योजना के तहत आर्थिक स्थिति में कमजोर सरकारी स्कूल के आठवीं के बच्चे प्रतिभाग करते हैं। जिन्हें परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1000 की छात्रवृत्ति भी प्राप्त होती है,जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने विशेष प्रयास और कार्ययोजना निर्मित कर इस बार अयोध्या के लिए निर्धारित 208 छात्रों के चयन हेतु इस परीक्षा के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त कराये जाने का 100% लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें विशेष कार्ययोजना के तहत जनपद के सभी विद्यालयों में प्रतिदिन 2 घंटे तैयारी कराने हेतु आदेश जारी किए गए हैं, जिससे सभी बच्चों की तैयारी इस परीक्षा के लिए बेहतर हो सके। ऑनलाइन माध्यम से तैयारी के तहत, विभा रानी, रीता मालवीय, संतोष कुमार, विद्या यादव, शिप्रा श्रीवास्तव, सौम्या गुप्ता, पंकज आर्या, मनीष देव द्वारा बच्चों को तैयारी करायी जा रही है। जनपद स्तर से मनीष देव एवं आदर्श सिंह को जिला सह प्रभारी के रूप में इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए मनोनीत किया है। 5 नवंबर की परीक्षा से पूर्व जनपद के सभी छात्र-छात्राओं के लिए 1 तारीख को मॉक टेस्ट/अभ्यास परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें विद्यालय स्तर पर इसकी परीक्षा होगी इससे बच्चों को 5 नवंबर की परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी का मौका मिल जाएगा, इसके लिए पेपर और ओ एम आर जनपद स्तर से उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी छात्र-छात्राएं अपने प्रवेश पत्र के आधार पर इस अभ्यास परीक्षा को जरूर देंगे।

# कुम्हारों के साथ कुम्हार हैं मिट्टी के सच्चे कलाकार

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा।** सृजनकरता, कलाकार और सांचा ये तीन शब्द प्रेरक कथा कहानियों में अक्सर प्रयोग में लाये जाते हैं। तीनों शब्द कुम्हारो के साथ बिल्कुल सटीक बैठता है। कुम्हार सृजनकरता भी है कलाकार भी है और सांचा भी है। कुम्हार चाक पर नए-नए बर्तन का सृजन करता है, वह एक उन्नत किस्म का कलाकार भी है ।मिट्टी का चयन फिर उसे मांग अनुरूप आकार देना एक बेहतर कलाकृति है। कुम्हारो के साथ सांचा शब्द का प्रयोग हमेशा किया जाता है। वास्तव में कुम्हारों का हाथ एक सांचा समान होता है जहां मिट्टी छूते हीं वह आकृति का रुप ले लेता है। लेखक अक्सर लिखते है कि बेहतर सांचे से बेहतर मनुष्य का स्वरूप निकलता है । कुम्हारो के चाक और मिट्टी से सबक लेने की प्रेरणा दी जाती है। मिट्टी के कलाकार के रूप में कुम्हार जाने जाते हैं । प्रथम तो वे मिट्टी का चुनाव करते हैं कि किस मिट्टी से बेहतर बर्तन बनाए जा सकते हैं, फिर मिट्टी को अपने आवास पर लाते हैं ,टूटी-फूटी झोपड़ी, जैसा तैसा घर और सामने खाली पड़े जमीन पर मिट्टी को गूंथते हैं फिर चाक पर सजाते हैं फिर बर्तन गढते हैं ।पहले तो कुम्हारों के पास रोजगार के बहुत अवसर थे, उनके द्वारा बनाए गए बर्तन की मांग होती थी ,धीरे-धीरे परिवर्तन के दौर में सब कुछ बदल गया ।मिट्टी के बर्तन मात्र शोभा और विधि विधान के चीज भर रह गये।मिट्टी के बर्तन की जगह स्टील



ने अपना जगह बना लिया। यहां तक कि प्लेट और मिट्टी के गिलास सब धीरे-धीरे बंद हो गए। जिन लोगों ने कुम्हार के कार्य को जीवन का आधार बनाया,आज उनकी मजबूरी है कि वे उसे छोड़ नहीं सकते और मार्केट की स्थिति यह है कि मिट्टी के बर्तन की मांग धीरे-धीरे समाप्त होती गई ।एकमात्र दशहरा दीपावली छठ एवं पर्व त्योहार पर हीं मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ जाती है।पूजा के लिये मिट्टी के बर्तन को शुद्ध माना जाता है। दुर्गा पूजा से लेकर पूरे नवरात्र में मिट्टी के बर्तन की उपयोगिता बढ़ जाती है और दीपावली आते-आते दीया , बच्चों के घरोंदा सामग्री चूल्हा,कुलिया जांता ,चक्की आदि की मांग बढ़ जाती है। कुम्हारों के लिए पूरे वर्ष में दीपावली ही उनके लिए आमदनी का मुख्य समय होता है क्योंकि सिर्फ दीपावली की कमाई पर ही वे वर्ष भर अपने घर खर्च चलाने की कोशिश करते हैं। दीपावली समाप्त होने के बाद छठ व्रत में भी कुम्हारों की अहमियत अधिक रहती है और कोशी,घडा, कलश ,कपटी,चौमुख आदि की मांग बढ़ जाती है। सीकरहना नदी के किनारे अवस्थित चंपारण जिले में पहले तो कुम्हारों की संख्या काफी थी क्योंकि नदी के किनारे की मिट्टी उनके लिए उपयुक्त होती थी । उससे बर्तन निर्माण आसानी से होती थी ।लेकिन अब मांग नहीं रहने के कारण पारंपरिक कुम्हार , जिनके जीवन निर्वहन का साधन सिर्फ बर्तन निर्माण ही था,अब उनकी दूसरी पीढ़ी धीरे-धीरे अन्य क्षेत्रों में पलायन कर गई । ज्यादातर देश के विभिन्न भागों में रोजगार के तलाश में जाते हैं और वहां अच्छी खासी आमदनी होती है।लेकिन दीपावली के पूर्व में लोग अपने घर निश्चित रूप से ठीक उसी तरह आते हैं जिस तरह छठ में दूर कमाने जाने वाले लोग अपने घर निश्चित आते हैं। उसी कड़ी में मोतिहारी के सिंघिया में कुम्हारों की एक बडी आबादी है जिनके द्वारा मिट्टी के बर्तन का निर्माण किया जा रहा है। उनसे जब बातचीत हुई तो निर्माण कर रहे राजा कुमार पंडित, राजेश पंडित एवं रंजन पंडित ने कहा कि अब हम लोग नहीं चाहते हैं कि हमारे बाल बच्चे इस क्षेत्र में रहे क्योंकि अब इसमें कहीं से कोई भविष्य अच्छा नजर नहीं आ रहा है। वर्ष में चंद माह ही हम लोग काम करते हैं और आमदनी होती है फिर बेरोजगारी होती है। हां, इधर चाय की दुकानों में मिट्टी के गलास में चाय देने की परंपरा फिर नए सिरे से चली है जिससे कुछ मांग हो रही है ,लेकिन ऊंट के मुंह में जीरा समान ही है ।वैसे लालू प्रसाद यादव ने रेलवे में मिट्टी के गिलास अनिवार्य किया था यह उनकी महानता थी लेकिन धीरे-धीरे वह समाप्त हो गया ।आज सिर्फ त्योहार पर ही हमारे बर्तनों की मांग है । पहले घरों में लोग मिट्टी के तावा में रोटी बनाते थे, मकई की रोटी बनाने की प्रथा थी जिसके लिए मिट्टी के बर्तन हीं उपयुक्त थे ,लेकिन अब वह न देवी हैं और न कराह है। सब आधुनिकता की वेदी चढ़ गया, इसलिए अब हम लोग नहीं चाहेंगे कि हमारे बाल बच्चे इस क्षेत्र में आयें। बड़े ही मार्मिक अंदाज में लोगों ने अपनी व्यथा सुनाई । राजा कुमार पंडित ने कहा कि सरकार विभिन्न घाटे के रोजगार में अनुदान दे रही है हमारा रोजगार भी छिन गया है हमें भी कायदे से सरकारी अनुदान मिलनी चाहिए।

## 108 मोबाइल बरामद कर आरक्षी अधीक्षक ने मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान लायी

**मोतिहारी,चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** जिलान्तर्गत खोये या चोरी के मोबाईल को बरामद कर पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी द्वारा मोबाईल मालिक को किया गया सुपुर्द। सभी के चेहरे पर खुशियां लौटी आरक्षी अधीक्षक कान्तेश कुमार मिश्रा, के निर्देशन पर सहायक पुलिस अधीक्षक, सदर, राज के नेतृत्व में मोतिहारी जिलान्तर्गत खोये / चोरी हुए मोबाईल के बरामदगी के आलोक में पुलिस द्वारा एक विशेष टीम गठीत कर खोये या चोरी हुये मोबाईल की बरामदगी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। प्राप्त निर्देश के आलोक में विशेष टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर 108 मोबाईल ( जिन सभी की कुल कीमत लगभग 21 लाख रूपये है) को बरामद किया गया है। अन्य



पुलिस पदाधिकारी द्वारा बरामद कुल 108 मोबाईल को उनके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया गया। अतः मोतिहारी पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अबतक कुल पाँच चरण में 480 फोन (जिनकी कुल कीमत लगभग 1 करोड़ रूपये है) को मोबाईल मालिकों को सुपुर्द किया गया है। मोतिहारी पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं मानवीय राहत कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

## पदाधिकारियों के साथ सोमवारीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** जिले में चल रहा है विकास कार्य की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने दशहरा पूजा एवं माननीय राष्ट्रपति कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु नगर आयुक्त, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय एवं संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्वाचन विभाग से संबंधित समीक्षा के क्रम में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रपत्र 7 में रिजेक्शन के कारणों की पुनः समीक्षा करें तथा एक भी मृत व्यक्ति का नाम मतदाता



सूची में न रहे । बैठक मे सभी लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी स्तर से लंबित मामलों का निष्पादन में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया । समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि मत्स्य / पशुपालन/कब्रिस्तान घेराबंदी /शिक्षा/ स्वास्थ्य /कल्याण/कृषि /आपदा/ पथ निर्माण/ पंचायती राज विभाग/परिवहन /ग्रामीण कार्य आदि विभाग द्वारा चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया उद्घाटन

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा।** नगर के गायत्री नगर में एम एच लहान नेत्रालय में आज मनीषा स्किन केयर का उद्घाटन स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह एवं विधायक प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना मिश्रा के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को बुके एवं साल देकर स्वागत किया गया।



इस इस अवसर पर डॉ मनेशा एस मिश्रा ने कहा कि मोतिहारी के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी और चर्म रोग संबंधी सभी समस्याओं का इलाज आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर किया जाएगा ताकि लोगों को सही इलाज किया जा सके । अब उन्हें पटना दिल्ली जाने की कोई जरूरत नहीं है ,मोतिहारी में ही सही इलाज दिया जाएगा ।उक्त अवसर पर इस मौके पर उपमेयर , डा डी नाथ , डॉ राकेश कुमार, लालबाबू गुप्ता ,राजेंद्र गुप्ता , विधायक श्याम बाबू यादव सहित मोतिहारी के डॉक्टर एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की हुई बैठक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद,महिला मोर्चा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में संगठन के विस्तार के लिए विभिन्न जनपदों से आये हुए पदाधिकारियों से चर्चा हुई, मुख्य अतिथि अखिल भारतीय चाणक्य परिषद महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष मधु पाठक एवं परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राधेश्याम शास्त्री ने बैठक को संबोधित किया कार्यक्रम की संयोजक महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती विनीता मिश्रा ,प्रदेश मंत्री पुष्पा तिवारी ,शगुन तिवारी ,माया तिवारी , परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक काशीनाथ तिवारी,जय प्रकाश तिवारी ,सतीश पांडेय जी जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा ,ओम प्रकाश तिवारी सचिन प्रताप तिवारी ,सुमित तिवारी ,कौशलेश तिवारी तथा परिषद के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मां सरयू के जल से हुआ बाबा पशुनाथ जी का जलभिषेक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** ॐ शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास ने अश्वनी की पावन त्रियोदशी के शुभ मुहूर्त पर नेपाल , काठमांडू में विश्व धरोहर में से एक बागपती नदी किनारे स्थित बाबा पशुपति नाथ जी का जलभिषेक किया इस अवसर पर पूज्य महंत जी ने बताया बाबा पशुपति नाथ संसार का सबसे प्राचीन शिव मंदिर है जिसकी स्थपना स्वयं महादेव जी ने की थी वर्तमान मंदिर 5 हजार वर्ष प्राचीन बताया जाता है प्रत्येक वर्ष ॐ शिवालय परिवार द्वारा परिवार द्वारा बाबा का मां सरयू जी के पावन जल से जलाभिषेक किया जाता है वह अन्य देव स्थान की शुभ यात्रा की जाती है इस शुभ अवसर पर महंत ने बाबा पशुपतिनाथ के मुख्य महंत श्रीराम भट्ट से शिष्टाचार भेंट की उनको राम जन्मभूमि का मॉडल चित्र देखकर उनका सम्मान किया ।

### विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहा चंद्रयान- 3

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** दुर्गेश नंदिनी स्कूल चरेरा पूरा बाज़ार में परीक्षाफल वितरण व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह रहे इस अवसर पर विद्यालय के संथापक अवधेश कुमार सिंह मुन्ना, प्रबंधक अरुणोदय सिंह व सुदीप भूषण सिंह तथा प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया | मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को देखा और उनके काम व समर्पण की सराहना की | इस अवसर पर उन्होंने बच्चो और उनके अभिवावको को संबोधत करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चो के अंदर विज्ञान के प्रति रुचि बढती है और उनकी प्रतिभा और उनके ज्ञान को प्रदर्शित करने का मंच मिलता है | आज के बच्चे कल के वैज्ञानिक, डॉक्टर और इंजिनयर होगे | प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम, सोर्स ऑफ़ एनर्जी ,सेक्टर ऑफ़ इकॉनमी, वे ऑफ़ गंगा, मॉर्डन सिटी,ऑसीजन साइकिल, फारेस्ट लाइफ, टे लिस्कोप, पेट्रोल गैस आदि प्रोजेक्ट आदर्श, रौनक, इच्छा, ख़ुशी, राज , वैणवी, अनकेत, आदि बच्चो ने प्रदर्शित किया | प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण चंद्रयान – 3 राज कमल , अमित प्रजापति, का मॉडल रहा| इस अवसर पर संथापक अवधेश कुमार सिंह 'मुन्ना ने सभी बच्चो को उनके कार्यो के लिए बधाई दी और बच्चो को पुरस्कार दिया | प्रधानाचार्य समीर श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद किया |

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार (नवीन) में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जनपद के तीव्र गति से व्यवस्थित विकास के सम्बंध में विभिन्न विकास योजनाओं के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में सांसद अयोध्या ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की गति तेज करने तथा आगणन की विशिष्टिओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से समस्त कार्यो को समय से पूर्ण करने के निर्देश सभी सम्बंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को दिये। जिलाधिकारी ने विकास कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने तथा उद्घाटन प्रोटोकाल को सुनिश्चित करते हुये कार्यो का लोकार्पण कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।बैठक में सांसद ने डेंगू की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्य करने, नियमित फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव करने तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। बैठक में आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों के आच्छादन की स्थिति की समीक्षा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 249274 लाभार्थी परिवारों के 1112669 लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड से आच्छादित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों को शीघ्र आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों में 696170 लाभार्थियों को उपचारित किया गया है।बैठक में समिति द्वारा जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में बारात घर एवं अन्त्येष्ठी स्थल का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दीपोत्सव से पूर्व नेशनल हाइवे के मीडियन में 100 प्रतिशत ग्रील को लगाने एवं उसकी पेंटिंग कराने हेज को सभी जगह लगाने तथा सम्पूर्ण मार्ग के मीडियन को सुन्दर एवं आकर्षक बनाने अध्यक्ष महोदय ने निर्देशित किया। बैठक में निपुण भारत के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या के सम्बंधित कार्यो की जांच कर परीक्षणोपरांत दोषी पाये जाने पर आरोप पत्र निर्गत करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। बैठक में विधायक रूदौली राम चन्दर यादव ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रूदौली में नवनिर्मित भवन के गुणवत्ता एवं कमियों को समिति के समक्ष रखा गया जिस पर समिति द्वारा भवन की कमियों को तत्काल कार्यदायी संस्था द्वारा दूर कराने अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था के सम्बंधित तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता व अन्य सम्बंधित अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये। बैठक में समिति द्वारा समस्त विकास कार्यो की योजनावार समीक्षा की गयी तथा सभी को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

अभ्यास | कैंप में अलग-अलग प्रदेश के व्यंजनों का भी प्रदर्शन हुआ

## एक भारत श्रेष्ठ भारत एनसीसी कैंप के चौथे दिन वालीबॉल लीग मैच का अभ्यास कराया गया

**मोतिहारी,चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, पीपराकोठी के प्रांगण में 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी.द्वारा आयोजित "एक भारतःश्रेष्ठ भारत"कैंप के चौथे दिन आज विभिन्न राज्यों से आए कैडेटों को वॉली बॉल लीग मैच का अभ्यास कराया गया।यह इंटर ग्रुप प्रतियोगिता है जिसमें अलग अलग ग्रुप मुख्यालय के कैडेट्स भागीदारी कर रहे हैं।इस खेल प्रतियोगिता की जिम्मेवारी सूबेदार देव बहादुर और हवलदार सागर थापा पूरी तत्परता से संभाल रहे हैं।आज उड़ीसा डायरेक्ट्रेट की तरफ से उड़ीसा राज्य के व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया ताकि कैडेट्स एक दूसरे राज्य के खान पान की संस्कृति को बखूबी समझ सकें।उड़ीसा डायरेक्ट्रेट के लेफ्टिनेंट भवानी शंकर पांडा ने इस भोजन सत्र का मार्गदर्शन किया।इसी तरह बिहार और झारखंड के खास



व्यंजनों और खाद्य सामग्रियों की भी प्रदर्शनी लगाई गई।जिसका जायजा और जायके का लुत्फ कैडेटों ने उठाया और लिट्टी चोखा,दही चूड़ा तथा अन्य बिहारी व्यंजनों के स्वाद से परिचित हुए और उसकी सराहना भी की।इस कार्यक्रम का नेतृत्व एन.सी.सी.पदाधिकारी राजेश कुमार ने किया। इसके पश्चात एक दूसरे की भाषा पर आधारित लैंग्वेज क्लासेस का आयोजन हुआ जिसमें झारखंड की भाषा ,संथाली इत्यादि पर प्रकाश डाला गया।आज कैडेटों के बीच पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन का भी आयोजन हुआ जिसके लिए कैंप प्रशासन की ओर से कैनवास,पेंसिल,रंग,ब्रश इत्यादि कैडेटों को मुहैय्या करवाया गया जिसका मार्गदर्शन नायब सूबेदार दिवाकर गुरुंग और हवलदार माणिक थापा ने किया।आज कैडेटों ने "टग ऑफ वार"(रस्सा कस्सी)प्रतियोगिता का भी पूर्वाभ्यास किया।यह प्रतियोगिता अंतर ग्रुप प्रतियोगिता के रूप में आनेवाले दिनों में आयोजित की जाएगी।आज एन.सी.सी. पदाधिकारियों की देख रेख में एन.आई. ए.पी.की प्रैक्टिस करवाई गई जिसमें बिहार,उड़ीसा और झारखंड के कैडेटों ने अपने अपने राज्यों के इतिहास,भूगोल,साहित्य और संस्कृति पर आधारित नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया।कैडेटों ने इसका भरपूर आनंद लिया और एक दूसरे की संस्कृति से बखूबी परिचित हो सके।इस राष्ट्रीय स्तर के कैंप को सुचारु रूप से परिचालित करने में मुजफ्फरपुर ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर सह कैंप कमांडेंट ई.बी. एस.बी.2 ब्रिगेडियर नीलकमल(सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल) तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल) के कुशल प्रबंधन कौशल की सरा हना करनी ही होगी।

## गायकी के क्षेत्र में देश में डंका बजा रहे है गायक इंजीनियर अभिनव आकर्ष

**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** लगभग 25 वर्ष पूर्व संगीत प्रेमियों से खचाखच भरे नगर भवन में बड़े-बड़े कलाकारों की प्रस्तुति हो रही थी स्थानीय कलाकारों में एकमात्र चयन अभिनव आकर्ष का हुआ था। मंच पर आते हीं अभिनव ने देशभक्ति गीतों की झड़ी लगा दी। पूरा हॉल तालियों के गड़बड़ाहट से गुंजता रहा। इतना ही नहीं आशीर्वाद स्वरुप लोगों ने नोटों की वर्षा कर दी ।उस कार्यक्रम के बाद अचानक अभिनव के नाम का सितारा चमक उठा । हर मंचों पर उसकी मांग होने लगी । कहा जाता है संगीत का संबंध अध्यात्म से होता है और जहां आध्यात्मिक शक्ति रहती है वहां मनचाहा मुराद पूरी होती है। अभिनव जिस तरह मंच पर संगीत की दुनिया में छाये रहे वैसे ही अपने पढ़ाई के क्षेत्र में भी वे निरंतर आगे बढ़ते रहे। वर्तमान समय वे एक इंजीनियर के रूप में पुणे में कार्यरत हैं । अभिनव आकर्ष ने जिस संगीत के शक्ति



के बदौलत अपने लौकिक करियर को बनाया ,उनका संगीत साधना आज भी निरंतर जारी है और देश के बड़े-बड़े मंचों पर उनके कार्यक्रम लगातार हो रहे हैं ।अपने वर्तमान में सुनहरे भविष्य की आहटें समेटे हुए सूफी गायिकी की ताना आवाज़ अभिनव आकर्ष ने बनारस घराने के पंडित मार्कण्डेय मिश्रा से संगीत की शिक्षा ली।। अभिनव की पारिवारिक पृष्ठभूमि संगीत की नहीं है हाँ माता और पिता का लगाव संगीत से जरूर रहा है। अभिनव सूफी के अतिरिक्त भजन और गजल भी बड़ी सहजता से गा लेते हैं। अभिनव ने बातचीत मे बताया कि संगीत ही जीवन है और जीवन से संगीत है। गायन की शुरुआत कब हुई? मेरे घर में संगीत का माहौल नहीं था, लेकिन मेरी माता और पिताजी संगीत सुनने के शौकीन रहे है। 6 साल के उम्र से ही स्टेज शो कर रहा हूँ। शास्त्रीय संगीत में भास्कर एवम् सुगम संगीत में प्रभाकर की डिग्री प्राप्त की है। सूफी संगीत से खास लगाव की वजह? दरअसल, सूफी गायिकी की शैली शुरू से ही मुझे प्रभावित करती रही है। फिर आगे बढ़ने के बाद जब सूफी रचनाओं के अर्थ समझ में आने लगे तब इसके साथ जुड़ाव गहरा हो गया। सूफी आत्मा की आवाज है। इसके अल्फाज सुकून देते हैं। लगता है मानो आत्मा और परमात्मा के बीच सीधा संबंध कायम हो गया है। इससे मेरा रूहानी रिश्ता है।और ये सच है की यह शरीर और मस्तिष्क के लिए दवा के समान है। नौकरी करते हुए आप गायन के लिए समय किस तरह निकालते है? जी... ऐसे में टाइम मैनेजमेंट कारगर हथियार है। बी टेक करके नौकरी के साथ संगीत के लिए समय निकालता हूँ। वास्तविकता यह है कि संगीत के साथ जो मेरा रिश्ता है उसका फायदा ये है कि मैं किसी भी काम को पूरी तन्मयता और एकाग्रता से कर पाता हूँ।

## ख़ास ख़बर

### बुढ़िया माई मंदिर पर होगा भंडारा का आयोजन

**शुभ भास्कर चन्दौली /ताराजीवनपुर।** स्थानीय चौराहे पर स्थित बुढ़िया माई मंदिर का श्रृंगार उत्सव व भंडारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से एक नवंबर को मनाया जाएगा। इसकी तैयारी कमेटी के सदस्यों द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बुढ़िया माई मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक कुंज बिहारी सिंह ने बताया कि एक नवंबर को सुबह 6 बजे से कीर्तन पूजन के अलावा हवन का कार्यक्रम अनवरत किया जाएगा। इसके उपरांत प्रसाद वितरण के रूप में भंडारे का आयोजन कमेटी द्वारा किया गया है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग यहां उपस्थित होकर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मत्था टेकने के साथ प्रसाद के रूप में भंडारे का स्वास्थ्य चखने का काम करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर के एन पांडेय, सूर्यमणि तिवारी सहित तमाम अतिथि गण उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधान छोटेलाल तिवारी, झुनझुन तिवारी, पुजारी राधेश्याम गोंड, सूबेदार सिंह, बुद्धन सिंह सहित तमाम लोगों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल बनाने का काम चल रहा है।

### बैठक संपन्न

**शुभ भास्कर चन्दौली/ताराजीवनपुर।** क्षेत्र के कोरी गांव स्थित पानी टंकी प्रांगण में सोमवार को बिरहा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि परिहार्य कारणों से स्थगित हुआ बिरहा महोत्सव पुनः चार नवंबर को आयोजित होगा। क्षेत्र के कोरी गांव स्थित पानी टंकी प्रांगण में बिरहा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले महीने आयोजित बिरहा महोत्सव को पुनः चार नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष राम आशीष यादव ने कहा कि गांव के दो युवाओं की दुर्घटना में मौत के बाद 16 अक्टूबर को आयोजित बिरहा महोत्सव का प्रोग्राम स्थगित कर दिया गया था। यह बिरहा महोत्सव अब पुनः चार नवंबर को आयोजित किया गया है। इसमें पूर्वांचल के तमाम जिलों से बिरहा कलाकार उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने का काम करेंगे। इसकी तैयारी में पूरी कमेटी युद्ध स्तर पर जुटी है। बिरहा महोत्सव चार नवंबर को दिन 11बजे से शुरू होकर देर रात तक चलेगा। इसका उद्घाटन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से बबलू यादव, शिव मूरत यादव, गुलाब यादव, उमाशंकर प्रधान, गायक लक्ष्मी शंकर यादव,राम लक्षण यादव, घनश्याम यादव, हीरालाल यादव गायक आदि लोग उपस्थित रहे।

### लक्ष्मब्रम्ह बाबा का वार्षिक पूजनोत्सव व कुश्ती दंगल 14-15 नवम्बर को

**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां।** स्थानीय क्षेत्र के बिगत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्ष्मब्रम्ह बाबा का वार्षिक पूजनोत्सव एवं विराट कुश्ती दंगल का आयोजन 14 व 15 नवम्बर को होगा । यह जानकारी देते हुए समिति के संजय कुमार सिंह ने बताया कि 14 नवम्बर 23 को मंगलवार को प्रातः 8 बजे से अखंड हरिकीर्तन प्रारम्भ होगा जो 15 नवम्बर 23 को सुबह 8 बजे समापित के पश्चात 9 बजे से रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन होगा । दोपहर 1 बजे से विराट कुश्ती दंगल आयोजित होगी । जिसमे जनपद,अन्य जनपद ,प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पहलवान जोर आजमाइश करेंगे ।

### श्रेया गुप्ता बनी एसडीएम



**शुभ भास्कर चंदौली/डीडीयू नगर।** स्थानीय अलीनगर स्थित लल्लू प्रसाद व इंदु गुप्ता के पुत्री श्रेया कुमारी ने बीपीएससी परीक्षा 67वीं में 111वें रैंक पर उत्तीर्ण होने के बाद एसडीएम पद पर चयनित होकर, पीडीडीयू नगर के अलीनगर स्थित घर आने के बाद नगरवासियों ने ढ़ोल-नगाड़े के साथ पुष्प-मालाओं के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं देने घर पहुँचे।स्टेशन आने पर परिवार के साथ पहुँचे मामा कृष्णा गुप्ता ने अपनी भांजी को स्टेशन पर सैल्यूट करते हुए बधाई दी। तो बड़े मामा ओमप्रकाश ने भांजी के सफलता पर लोगों को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। घर आने पर माता-पिता व नानी ने सर्वप्रथम श्रेया को आरती दिखाकर घर में प्रवेश कराया तत्पश्चात मामी, मौसी,भाभियों ने भी माल्यार्पण करके आरती दिखाते हुए एसडीएम बनने की बधाई दी तो भाई निखिल राज ने बहन की सफलता पर बहन को गले लगाते हुए जीत के बधाई दी। इस अवसर पर तौफीक अहमद, रोहित,राधेरमण,निशांत,श्वेतांक, मुश्कान,कुमार नन्दजी इत्यादि उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोपी को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया । आगामी कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया । थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले ब्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री को अवधेश पुत्र बैजनाथ निवासी लठिया ( देव नगर कालोनी ) थाना रोहनिया जनपद वाराणसी को फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म करने का तहरीर 29 अक्टूबर को दिया था । युवक गांव में रिश्तेदारी में हमेशा आना जाना था । जो लड़की को बहला फुसलाकर कर ले गया था । जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए लड़की को बरामद कर लिया है । वही युवक को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया है । इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर बिनोद मिश्रा का कहना है कि युवक हमेशा रिश्तेदारी में आता जाता था जो बहला फुसलाकर ले गया था। और शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। यह बात लड़की द्वारा बताए जाने पर परिजनों द्वारा थाना में तहरीर दी गई थी। पुलिस द्वारा लड़की को बरामद कर मेडिकल मुआयना कराया जा रहा है ।

# धानापुर पुलिस ने 21 गोवंश के साथ 5 शातिर तस्कर को किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/ धानापुर।** स्थानीय थाना द्वारा पुलिस अधीक्षक चंदौली डॉ अनिल कुमार द्वारा चलाये जा राहे अभियान मे पशु तस्करी की रोकथाम व पशु तस्करी करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हेतु आदेश निर्देश के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक महोदय विनय कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय सकलडीहा राजेश कुमार राय के दिशा निर्देशन मे थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक शिवबाबू यादव मय पुलिस टीम को उस समय बड़ी सफलता मिली जब मुखबीर की सूचना मिली की कुछ लोग पैदल रास्ते से काफी संख्या मे गौवंशो को वध हेतु बिहार ले जा रहे है और उसमे एक व्यक्ति बाइक से उनको लोकेशन दे रहा है।जब पुलिस ने एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो वो भागने लगा जिसपर हिकमत अमली से पुलिस ने उसको घेर लिया और पकड़ लिया । जब उससे उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम मुकेश यादव पुत्र भोला यादव निवासी महाराजगंज रामगढ़ थाना बलुआ चंदौली बताया।जब पुलिस ने उससे भागने का कारण पूछा तो बताया की साहब मेरे साथी पैदल रास्ते 21नफर गौवशो को लेकर बिहार जा रहे है। और मै उनको लोकेशन दे रहा था तभी आपने मुझे पकड़ लिया। पुलिस कुछ दर तक उनका इंतजार की तब्जी देखा 4लोग कई गोवंशो को लेकर हाकते मारते पैदल लेकर आ रहे है। पुलिस को अचानक देख चारो व्यक्ति भागने लगे जिसमे पुलिस टीम ने घेरकर हिकमत अमली से पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति त्रिलोकी यादव पुत्र शिवमूरत यादव चकरा टंडाकला बलुवा,व नन्दलाल राम पुत्र केवल राम निवासी डुमरी दुर्गावती बिहार व भोला यादव पुत्र स्व बंशी यादव निवासी महाराजगंज रामगढ़ बलुआ व महेन्द्र राम पुत्र स्व श्याम बिहारी राम निवासी बिरना अमरा धानापुर बताया।जब सबसे पूछ ताछ हुई तो सबने बताया की हम 21 गौवंश को बिहार ले जा रहे थे जहा वध हेतु बेच दिया जाता है।जिससे हम लोगो को अच्छी खासी आमदनी हो जाती है।और यह कम हम लोग काफी दिनों से कर रहे थे।गौवंश की हालत काफी खराब थी जिसे मुह से झाग भी आ रहा था।पकड़े गये अपराधियों को पुलिस ने धारा 3/5A/8 गौवध निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही मे जुट गयी।थाना प्रभारी प्रशांत सिंह मे बताया की इसमे 2लोगो पर पहले से गंगेस्टर लगा हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह,उ नि शिवबाबू यादव,उ नि संतोष कुमार,उ नि राकेश कुमार यादव,उ नि प्रेम शंकर यादव,हे का धीरेन्द्र यादव,हे का संजय सोनकर व प्रियेश यादव लोग थे।

## मां काली मंदिर का मूर्ति खंडित कर आभूषण किया चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव में रविवार की रात में गांव के ही एक सिरफिरे युवक ने मां काली की अतिप्राचीन मूर्ति को खंडित कर चढ़ाया गया आभूषण को लेकर फरार हो गया । सुबह जब पुजारी मन्दिर में पूजन अर्चन करने गये मूर्ति गायब व खंडित देख ग्रामीणों को सूचना दिया । ग्रामीणों ने मन्दिर पर पहुचकर पुलिस को सूचना दिया । पुलिस चौकी पर भी पहुचकर हंगामा कर दिया । मौके पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना किया । वही युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ में जुट गई है । घनश्यामपुर गांव में मां काली व हनुमान जी करीब 400 वर्ष पुराना मन्दिर है । गांव के एक युवक राजेश उर्फ बब्बू पाठक रविवार की शाम को गांव के ही मन्दिर के पुजारी प्रेम चन्द्र पाल से पूजा करने के लिए चाभी मांगकर ले गया । पुजारी ने उसे चाभी दे दी । देर रात होने पर नही आया तो वे घर पर ही सो गये । युवक ने पिछले हिस्से का गेट खोलकर पीछे मां काली की मूर्ति ले जाकर कई हिस्सों में खंडित कर दिया । नवरात्रि में लोगो द्वारा श्रृंगारोत्सव पर चढ़ाया गया गया सोने व चांदी का नथिया ,हार आदि सामान ले गया । सुबह तक युवक के न आने पर पुजारी जब मन्दिर में पूजा पाठ करने गये तो गेट खुला देख अंदर गये जहां से मूर्ति व आभूषण गायब थे । पीछे के गेट से बाहर गये तो फुलवारी के पास मूर्ति खंडित देख ग्रामीणों को सूचना दिया । ग्रामीण पहुचकर हंगामा मचाने । युवक को पकड़कर मन्दिर ले आये । तत्काल कैलावर चौकी इंचार्ज को सूचना दिया । वही गांव के कुछ लोग पुलिस चौकी पर पहुचकर युवक को गिरफ्तार करने के लिए हंगामा करने लगे । मौके पर पहुँची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गयी है । वही मन्दिर में ताला लगवा दिया । ग्रामीणों का कहना है कि यह अतिप्राचीन मंदिर है । युवक पहले भी ऐसी हरकत गांव के लोगो के साथ कर चुका है ।

## महिला पुलिस थाने की पहल से एक हुए तीन परिवार



**शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद स्थित महिला थाना परिसर में चल रहे, महिला थाना व परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से अलग-अलग रह रहे तीन दम्पत्ति पुनः एक साथ रहने को राजी हो गए,क्योंकि घरेलू समस्याओं व छोटी-मोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। लेकिन पुलिस की मदद से दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ मिलकर समस्या समाधान करने के लिए राजी हो गए।पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना के नेतृत्व में छोटी-मोटी गलतियों घरेलू विवादों के कारण बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर दो परिवारों की खुशियों को पुनः वापस लाने का सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आज 03 प्रकरणों में आवेदिका द्वारा विपक्षी अपने पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिसमोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र अलीनगर पर तलब किया गया एवं परिवारजनों के साथ दोनों पक्षों को जीवन में परिवार का महत्व व मूल्यों के बारे में अथक प्रयास करके समझाया बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनः पति पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। इस संबंध महिला थाना प्रभारी प्रियंका सिंह ने बताया कि घरेलू समस्याओं व छोटी-मोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था,दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति पत्नी को एक साथ तीन परिवारों को स्वजनों के साथ भेजा गया।

## छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्रो ने किया विरोध प्रदर्शन



**शुभ भास्कर चंदौली/ सकलडीहा।** स्थानीय पीजी कॉलेज में लम्बे अंतराल से छात्र संघ का चुनाव प्रक्रिया अवरूद्ध है। जिसे लेकर छात्र नेताओं में भारी आक्रोश है। बार बार आश्वासन के बाद भी छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नही होने पर सोमवार को छात्र नेता मुख्यद्वार पर धरना पर बैठ गये। करीब दो घंटे तक नारेबाजी के बाद प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय मौके पर पहुंचकर छात्रों की मांग को विश्वविद्यालय भेजने का आश्वासन दिया। लेकिन छात्र नेता चुनाव की तिथि की घोषणा करने पर धरना समाप्त करने की बात कही। इस मौके पर छात्रों ने जमकर नारेबाजी किया। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि लम्बे समय से महाविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव प्रक्रिया बाधित है। छात्रों द्वारा कई बार लिखित रूप से चुनाव के लिये पत्रक दिया गया। बाबजूद महाविद्यालय प्रशासन की ओर से बार बार आश्वासन ही दिया जा रहा था। आक्रोशित छात्र नेताओं ने शनिवार को पत्रक देकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया था। सोमवार को विद्यालय प्रशासन की ओर से कोई लिखित जबाब नही मिलने पर दोपहर बाद छात्र नेता धरना पर बैठ गये। छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर नारेबाजी शुरू कर दिया। करीब दो घंटा बाद प्राचार्य धरना स्थल पर पहुंचकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अनुमति मिलने पर चुनाव कराने का भरोशा दिया। लेकिन छात्र नेता चुनाव तिथि की घोषणा होने तक धरना पर बैठे रहने की बात कही। इस मौके पर धरना पर पूर्व महामंत्री मेहताब अली ,सौरभ यादव, हलचल यादव, चंद्रदीप यादव, अभिषेक यादव ,आकाश यादव, आकाश कुमार गौतम , ऋषि पाल विनीत, आशुतोष यादव वीरु , ऋषिकेश सोनकर , अमन पांडेय, पवन कुमार, राहुल विश्वकर्मा, शरद जयसवाल , रियासत अली , सतीश प्रधान , अंशुल यादव आदि रहे।

### राजकीय हाईस्कूल मूसाखांड़ में एक दिन के लिए स्मिता बनी प्रधानाचार्य



**शुभ भास्कर चंदौली/चकिया।** स्थानीय राजकीय हाई स्कूल मूसाखांड़ में मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में एक दिन के लिए स्मिता बनी प्रधानाचार्य । तत् पश्चात् प्रधानाचार्य डा० मुकेश श्रीवास्तव ने स्मिता को प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठा कर स्वागत किया । सोमवार को कक्षा 9 वी की छात्रा स्मिता कुमारी एक दिन के लिए कार्यवाहक प्रधानाचार्या के रूप में कार्य किया। कुर्सी पर बैठने के बाद पूरे विद्यालय का भ्रमण किया एवं समस्त कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं को जाना एवं समस्त समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। समस्त छात्र छात्राओं को नियमित रूप और समय से विद्यालय पहुंचने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को खुद स्वच्छ रहकर विद्यालय को भी स्वच्छ बनाने के लिए कहा। प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठने के बाद स्वाति कुमारी ने यह दायित्व सौंपें जाने के लिए अपने गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।सुबह आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि मिशन शक्ति बालिकाओं और महिलाओं को आत्मबल और सशक्तिकरण की दिशा में आगे ले जाने का कार्य करेगा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मिशन शक्ति का प्रारंभ महिलाओं को अपने आप को मजबूत और समाज में शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उपस्थित शिक्षकगण गोपाल प्रसाद , संतोष कुमार , धनशेखर यादव , नारायण दास , अनिल कुमार अमित कुमार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### स्काउट, गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**शुभ भास्कर चंदौली/सैयद राजा।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित नेशनल इंटर कालेज में सोमवार को 5 दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई।जिसमें स्काउट/गाइड की प्रवेश, प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान के प्रशिक्षण का कार्यक्रम होगा।जिससे बच्चों का चहुमुंखी विकास होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने की।प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन मे कहा कि यही बच्चे आगे चलकर योग्य नागरिक बनते हैं।कम से कम संसाधन में जीवन को सुखमय कैसे बनायें यह कला स्काउटिंग के माध्यम से सीखते हैं। इस प्रगतिशील प्रशिक्षण में टेंट बनाना, पुल और टावर बनाना, गैजेट बनाना, कुकिंग करना, यह सारी विधा सिखाई जाएगी।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त रजनीश ने किया।प्रशिक्षक के रूप में महेंद्र कुमार, धर्मेंद्र यादव, पूजा यादव 5दिनों तक स्काउटिंग की सारी विधा से अवगत कराएंगे।इस उद्घाटन अवसर पर उमेश चंद्र तिवारी, सतीश कुमार सिंह, अजय कुमार झा, मार्कण्डेय प्रसाद, सतेन्द्र कुमार गुप्ता,अनूप कुमार, प्रदीप कुमार, अतुल कुमार, सुनील कुमार यादव, रजत कुमार केशव प्रसाद, संतोष मिश्रा उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 30 वाहनों का नीलामीकर, इकट्ठा की 75 हजार रुपए की राजस्व



**शुभ भास्कर चंदौली/सैयदराजा।** स्थानीय द्वारा पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे"आपरेशन क्लीन" व पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सोमवार को सैयदराजा थाना परिसर में पर आबकारी अधिनियम तथा गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए वाहनों तथा लावारिस वाहनों की नीलामी किया गया। जिसमें ट्रक, कंटेनर, डीसीएम, पिकअप, स्कॉर्पियो, क्रेटा तथा मोटरसाइकिल सहित कुल 30 वाहनों की नीलामी की गई। यह प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में तहसीलदार सदर, आर0 आई0 परिवहन, आबकारी निरीक्षक तथा प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा की उपस्थिति में नियमानुसार सम्पादित कराई गई। उक्त नीलामी में कुल 124 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिस दौरान कुल 30 वाहनों से लगभग 75 लाख रूपए (वस्तु एवं सेवा कर सहित) में नीलाम हुए।

समारोह | बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं -अरुण कुमार जायसवाल

## हर घर के आंगन में तुलसी का पौधा होना जरूरी



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में सोमवार को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल व उप जिलाधिकारी / खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ने विद्यालय परिसर में संयुक्त रूप से तुलसी पौधा रोपण किया । वहीं विद्यालय के सभी बच्चों को कलम व विस्कुट दिया गया । कार्यक्रम कि शुभारंभ मां सरस्वती की तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के सामान है बस जरूरत है उन्हें सबारने की । जब एक कारीगर पत्थर को छेनी हथौड़ी से खुबसूरत भगवान का मुर्ति बनाता है तो लोग उसे पुजते है। इसी तरह अगर बच्चों को तराशा जायेगा आगे चलकर यही बच्चे गांव, जनपद सहित देश विदेश में परचम लहराने का काम करेंगे। साथ ही इनके कंधों पर इस राष्ट्र की जिम्मेदारी रहेगी ! उप जिलाधिकारी /खंड विकास अधिकारी ने कहा कि संक्रमण काल में तुलसी का पौधा जीवन रक्षक का काम करते हुए विभिन्न तरह की बीमारियों से हमें बचाता है, इसलिए इसका सेवन प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए और हर आंगन में तुलसी का पौधा होना चाहिए सभी लोगों को अपने घरों में तुलसी के पौधे को जरूर लगाना चाहिए । अंत में ब्लाक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी ने विद्यालय में कायाकल्प के अधूरे कार्यों को कुछ महीनो में पूरा करने का भरोसा भी दिलाया । इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित विरेन्द्र सिंह यादव,शिक्षक नंदकुमार शर्मा पूजा सिंह, रूबी सिंह ,विजय राज रवि, उमा चौबे, मंजू देवी, राम भजन राम, सुशीला देवी, लखपति देवी, तारा देवी ,टेट्रा देवी ,प्रदीप कुमार मौर्य सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे ।

# जिला के अधिकारी आंदोलनों पर आश्वासन देते हैं, किंतु कार्यवाही कुछ नहीं है करतेः भाकपा माले



**शुभ भास्कर चन्दौली/ इलिया।** जिस तरीके से केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता के साथ धोखाधड़ी कर बोट लेकर सत्ता पर काबिज है किंतु जिन मांगों को जनता के बीच में हल करने का वादा किया था उनको हल करने की बजाय देश व प्रदेश की जनता के ऊपर चौतरफा हमला बोल दिया है,यही नहीं हमारे संविधान व लोकतंत्र के लिए भी यह सरकार खतरा बन गई है उसी तरीके से चकिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जनता के जीवन से जुड़े हुए तमाम सवालों पर चल रहे लोकतांत्रिक आंदोलन पर तहसील प्रशासन आश्वासन तो देता है किंतु कार्यवाही के नाम पर शून्य साबित होता है चाहे वह बैराठ आंदोलन पर दिया गया आश्वासन हो, गणवा आंदोलन पर दिया गया आश्वासन हो या फिर शहाबगंज ब्लॉक के रसिया में रास्ता खोलने के सवाल पर दिया गया आश्वसन हो हर जगह तहसील प्रशासन आश्वासन ही आश्वासन देता जा रहा है पर कार्यवाही कुछ नहीं कर रहा उक्त बातें भाकपा(माले)किसान महासभा,खेग्रामस,एपवा,आर वाई ए चकिया इकाई के बैनर तले बैराठ फॉर्म के अंदर पुरानी छावनी के पास बरगद के पेड़ के नीचे शुरू हुए अनिश्चितकालीन धरने पर हुई सभा को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने कहीं।उन्होंने कहा कि बैराठ फॉर्म से जुड़े कई सवालों पर पिछले कई महीनो से आंदोलन चल रहा है पहले जमीन अधिकार मार्च हुआ फिर जमीन अधिकार सभा हुई उसके बाद उप जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन हुआ और हर कार्यक्रमों में तहसील प्रशासन द्वारा ज्ञापन लेकर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया किंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे मजबूर होकर हमें अनिश्चितकालीन धरने पर जाना पड़ रहा है जिसकी सारी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की है।सभा को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) जिला स्थाई समिति सदस्य व चकिया ब्लाक सचिव कामरेड बजई राम ने कहा कि तहसील प्रशासन बैराठ फॉर्म की जमीन के सवाल पर कोई स्पष्टीकरण देने को तैयार नहीं है और ना ही उन दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने को तैयार है जो बैराठ की जमीन का फर्जी मालिक बनकर अधिया पटवन के नाम पर पैसा वसूली कर रहे हैं और दूसरों की जमीन को जोत कर कब्जा कर ले रहे हैं। यहां तक की गणेशपुर में विकलांग राजेश्वर बिंद की जमीन को कुछ दबंग लोग जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं उनकी पत्नी निर्मला लगातार उप जिलाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं उपजिलाधिकारी लेखपाल तक को भेज कर मामले का निपटारा नही करा पा रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भी गणवा आंदोलन के दौरान तत्कालीन उप जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में तमाम सवालों को हल करने का लिखित आश्वासन दिया गया था किंतु उसमें से भी कुछ सवालों को अभी तक हल नहीं किया गया है इस आंदोलन में यह मांग भी जुड़ गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब हमने जो यह आंदोलन शुरू किया है बिना कार्यवाही के हम आंदोलन वापस लेने को तैयार नहीं है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।